जबलपुर
शुक्रवार, 11 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-1
वर्ष : 20, अंक : 72
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

विश्व जनसंख्या दिवस आज



**आज से श्रावण मास शुरू**

◆ *इस बार बाबा महाकाल के छह स्वरूप होंगे, 18 अगस्त को अंतिम राजसी सवारी श्री सप्तधान मुखारविंद स्वरूप में निकाली जाएगी, जिसमें बाबा का राजसी श्रृंगार किया जाएगा*

# महाकाल की सवारी इस बार 14 जुलाई से लेकर 18 अगस्त तक हर सोमवार को निकाली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

उज्जैन की महाकाल सवारी 2025 में महाकाल हर बार की तरह इस बार भी नगर भ्रमण पर निकलकर अलग-अलग रूपों में भक्तों को दर्शन देंगे। सावन-भादौ माह में बाबा महाकाल की सवारी निकलेगी। इसके लिए प्रशासन और महाकालेश्वर मंदिर समिति नें सारी तैयारी पूरी कर ली है। महाकाल की ये सवारी इस बार 14 जुलाई से लेकर 18 अगस्त तक हर सोमवार को निकाली जाएगी।

- *सभी सवारियां श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जाएंगी*
- *प्रशासन और महाकालेश्वर मंदिर समिति ने सारी तैयारी पूरी की*



**प्रथम सवारी**

भगवान श्री महाकालेश्वर 14 जुलाई को पालकी में श्री मनमहेश रूप में विराजित होंगे। जो भक्तों के मन को मोह ले वह स्वरूप श्री मनमहेश का होता है। इनके दर्शन द्वितीय सवारीः 21 जुलाई पालकी में श्री चंद्रमोलेश्वर। शिव के मस्तक पर जो चंद्रमा विराजमान है। वह स्वरूप चंद्रमोलेश्वर कहलाता है। इस स्वरूप के दर्शन करने से चंद्र संबंधित दोष का निवारण होता है।

**द्वितीय सवारी**

28 जुलाई गरुड़ रथ पर श्री शिव तांडव। यह बाबा महाकाल का मस्ताना स्वरूप है, जिसके दर्शन करने मात्र से जीवन में खुशियां ही खुशियां आती हैं।

**तृतीय सवारी**

चार अगस्त नंदी रथ पर श्री उमा महेश। यह बाबा महाकाल और मां पार्वती का एक ऐसा स्वरूप है, जिनके दर्शन करने से पति-पत्नी के जीवन में श्रद्धा और विश्वास बढ़ता है।

**चतुर्थ सवारी**

11 अगस्त रथ पर श्री होलकर स्टेट। यह बाबा महाकाल का ऐसा स्वरूप है, जिसमें बाबा महाकाल अपने भक्तों को भक्त के रूप में ही दर्शन देते हैं।

**अंतिम राजसी सवारी**

*18 अगस्त रथ पर श्री सप्तधान मुखारविंद के रूप में भगवान विराजित होंगे। मनुष्य के जीवन का चक्र पूरे सात दिनों का होता है। इस स्वरूप में धान के माध्यम से बाबा महाकाल का श्रृंगार किया जाता है और भक्त बाबा महाकाल के राजसी स्वरूप के दर्शन कर अपने आपको धन्य महसूस करते हैं।*




**खबर संक्षेप**

### इंदौर से बंद फ्लाइट शुरू दिल्ली के लिए भी उड़ान




**इंदौर।** इंदौर से बेंगलुरू और हैदराबाद के लिए जून में बंद हुई एक-एक फ्लाइट का संचालन अब दोबारा शुरू हो रहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर से बेंगलुरू और इंदौर से हैदराबाद के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट का संचालन जून माह में बंद कर दिया था। वहीं, इंदौर से दिल्ली के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस एक नई फ्लाइट भी शुरू कर रही है। उड़ानों के ज्यादा विकल्प मिल रहे हैं।

### रैबीज के तीन इंजेक्शन लगे, फिर भी मौत



**रीवा।** यहां एक बच्चे को एंटी रैबीज के 3 इंजेक्शन लग गए थे, इसके बावजूद उसकी जान नहीं बची। डॉक्टर्स का कहना है कि बच्चे के गले के पास कुत्ते ने काटा था जिससे उसके ब्रेन में जहर पहुंचा था और इसी कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। मनिकवार में रहने वाला नितिन नट 14 मौसी के घर आया था। तभी 16 जून को कुत्ते ने उसके गले में काट लिया।

### मैजिक ने युवक को कुचला 20 फीट घसीटा, मौत



**देवास।** मैजिक वाहन ने युवक को टक्कर मारी और 20 फीट तक घसीटते हुए ले गया। घटना गुरुवार सुबह 8 बजे सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एलएनबी क्लब के सामने की है। युवक मैजिक वाहन के नीचे ही फंस गया था। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ड्राइवर को हिरासत में लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### लुप्तप्रायः संरक्षित किए जाएंगे घड़ियाल और भालू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति (एससीएनबी डब्ल्यूएल) ने केंद्र के प्रजाति सरंक्षण कार्यक्रम में घड़ियाल और भालू को शामिल करने की सिफारिश की है। इसका उद्देश्य गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों और आवासों का संरक्षण करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मार्च में हुई बैठक में निर्णय लिया था।

प्रदेश के छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल आना-जाना हो जाएगा बेहद आसान

सीएम डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप 50 विद्यार्थियों को किया साइकिल का वितरण, प्रदेशभर में 4 लाख 30 हजार साइकिलें बांटी गईं

# शत-प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों को मिलेगा 5-5 लाख रुपए का 'इनाम'

**कहा-सरकारी स्कूलों ने पढ़ाई में निजी स्कूलों को पीछे छोड़ा**

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा ही किसी देश की मजबूती का आधार है। बेहतर शिक्षा के बूते ही भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा गणतंत्र बनकर प्रगति के पथ पर अग्रसर है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए महू, देवास, नरसिंहपुर के स्कूलों को बेहतर शैक्षणिक प्रबंधन विकास के लिए 5-5 लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रदेश में 369 सांदीपनि विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

जहां शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के केंद्र बनकर उभरे हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी शिक्षकों एवं छात्रों को गुरु पूर्णिमा महोत्सव की शुभकामानाएं देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा ही किसी देश की मजबूती का आधार है। बेहतर शिक्षा के बूते ही भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा गणतंत्र बनकर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हमारी वसुधैव कुटुबंकम की भावना से ऋषि-मुनियों के काल में भारतीय ज्ञान से दुनिया के कई देश प्रकाशमान हुए थे।

**मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव में गुरुजनों का किया सम्मान**

**सीएम के ऐलान**

**सरकार** अगले सत्र में बच्चों को यूनिफॉर्म तैयार करवाकर बांटेगी

**अगले** साल लगभग 1 लाख लैपटॉप बांटे जाएंगे

*सीएम ने कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय के 36 करोड़ रुपए की लागत से तैयार नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया*



**विद्यार्थियों ने एक धुन में साइकिल की घंटी बजाकर प्रसन्नता व्यक्त की**

डॉ. यादव ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण के 2 दिवसीय अभियान का शुभारंभ करते हुए 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं।

**सांदीपनि विद्यालय पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरु पूर्णिमा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में गुरुजनों को सम्मानित भी किया।

**झाबुआ और रतलाम सांदीपनि विद्यालय को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पात्र स्कूली बच्चों को विद्यालय आने-जाने के लिए राज्य सरकार साइकिलें बांट रही है। ये साइकिलें हमारी आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। इनसे हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। सरकार अगले सत्र में बच्चों को यूनिफॉर्म तैयार करवा कर बांटेगी। साथ ही अगले वर्ष 75 प्रतिशत तक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लगभग 1 लाख लैपटॉप बांटे जाएंगे। प्रदेश सरकार मेधावी विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी भी वितरित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष झाबुआ और रतलाम सांदीपनि विद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार मिला। दसवीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक से किया इंकार

# प्रूफ के रूप में आधार, राशन और वोटर कार्ड शामिल करने पर विचार करे आयोग

**कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है, क्योंकि याचिकाकर्ताओंने अंतरिम रोक की मांग नहीं की है।

**पुनरीक्षण को बिहार चुनाव से क्यों जोड़ रहे?**

इससे पहले सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रिया को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं? आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है।

9 नगरीय निकाय में हुए उपचुनाव के परिणाम

## भाजपा ने 6, कांग्रेस ने 3 सीटें जीती, सिलावट के क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रदेश के 9 नगरीय निकायों में हुए उपचुनाव में तीन पर कांग्रेस और 6 पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। पन्ना जिले के ककहरी में भाजपा प्रत्याशी हीरा लाल आदिवासी निर्विरोध जीते। इधर खरगोन के भीकनगांव के वार्ड नंबर 5 में भाजपा की कमलेश कौशल, सिवनी के वार्ड क्रमांक 11 में भाजपा की निधि, छिंदवाड़ा के न्यूटन चिखली के वार्ड 4 में भाजपा की निकिता बरखे, भोपाल में बैरसिया के वार्ड 7 में भाजपा की शाइस्ता सुल्तान और इंदौर के गौतमपुरा के वार्ड 15 में भाजपा के शंकलाल ने जीत दर्ज की।

मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव इंदौर में आज

## सीएम करेंगे होटल व टूरिज्म इंडस्ट्री के निवेशकों से संवाद



**आयोजन ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 1500 से ज्यादा प्रतिनिधि आएंगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में शुक्रवार को मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव में संवाद करेंगे। इस आयोजन में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों के निवेशक शामिल होंगे। देशभर के संबंधित सेक्टर्स के निवेशकों, उद्योगपतियों और कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कॉन्क्लेव में देशभर से 1500 से अधिक उद्योगपति, रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री और टूरिज्म सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि, निवेशक आदि शामिल होंगे।

## कपिल शर्मा के कैफे पर आतंकियों का हमला, अंधाधुंध बरसाईं गोलियां

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा और गिन्नी ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट कैप्स कैफे को महज 4 दिन पहले कनाडा में ओपन किया। जिसके इनसाइड वीडियो और फोटोज खूब वायरल हुआ लेकिन, अब इसी कैफे में खालिस्तानी आतंकियों ने कई राउंड फायरिंग कर दी जिससे दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस हमले की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने ली है। ये हमला लेट नाइट हुआ। जिसका वीडियो अब सामने आया है। हालांकि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**खालिस्तानी आतंकी लड्डी ने ली जिम्मेदारी**

कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने ली है। हरजीत सिंह लड्डी एनआईए की मोस्ट वांटेड आतंकवादी की लिस्ट में शामिल है और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक लड्डी ने कपिल शर्मा के किसी पुराने बयान को लेकर इस हमले को अंजाम देने की बात कही है। हालांकि ये साफ नहीं हो पाया है कि कपिल शर्मा का कैफे इस हमले का सीधा निशाना था या ये सिर्फ उन्हें धमकी देने का प्रयास था।

गुरु पूर्णिमा : भक्तों ने किए धूनीवाले बाबा आश्रम में दर्शन

## कुबेरेश्वर धाम में करीब तीन लाख श्रद्धालु पहुंचे



**सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भंडारों में पूड़ियां तलीं रोटियां सेंकी और प्रसादी वितरित की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा/छतरपुर/सीहोर

गुरु पूर्णिमा पर गुरुवार को मध्यप्रदेश के संत समाधियों, गुरुकुलों और आश्रमों में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम, सीहोर के कुबेरेश्वर धाम, छतरपुर के बागेश्वर धाम और खंडवा के दादाजी धाम मंदिर में पर्व को लेकर विशेष अनुष्ठान हुए। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम शाम 6 बजे तक 3 लाख श्रद्धालु पहुंचे।




आज 19 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट, भोपाल में हल्की से मध्यम बारिश होगी

दमोह में उफनते नाले से बस को पार कराने की कोशिश की गई, बस अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे लटक गई

# सीहोर और सागर में दो कारें बही, मंडला में कई रास्ते बंद, नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में हो रही तेज बारिश और बाढ़ के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिगड़ते हालातों के बीच सीहोर जिले की रेहटी तहसील में एक कार धामंडा नाले में बह गई। बाढ़ का पानी पुल के ऊपर से बह रहा था। कार में गोपालपुर निवासी आकाश और राला निवासी नरेंद्र सवार थे। दोनों बमुश्किल बाहर निकल सके। कार नसरुल्लागंज तहसील क्षेत्र की बताई जा रही है।

वहीं, सागर के बंडा में कार उफनते नाले में बह गई। इसमें सवार तीन लोगों ने कूदकर जान बचाई। दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र के लकलका झापन रोड पर उफनते नाले से बस को पार कराने की कोशिश की गई।



सीहोर में बह गई कार



दमोह में बस नाले में गिरी

**भोपाल में मध्यम बारिश**

*शुक्रवार को भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, मैहर, राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर जिलों में मध्यम से हल्की बारिश होगी।*

**प्रदेश में औसत से 71 प्रतिशत अधिक बारिश**

मौसम केंद्र ने शुक्रवार को सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा में कहीं-कहीं अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, श्योपुरकलां में कुछ स्थानों पर भारी से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।


शहरी विकास के
नए अध्याय की
शुरुआत
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश
ग्रोथ
कॉन्क्लेव
भविष्य के शहरों का निर्माण
11 जुलाई, 2025 । पूर्वाह्न 10:00 बजे
ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप मध्यप्रदेश के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। इससे बढ़ती नगरीय जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। समृद्ध और विकसित शहर, प्रदेश के समावेशी विकास की आधारशिला बनेंगे।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
प्रमुख आकर्षण
1500 से अधिक प्रतिभागी
एक्सपो (आमजन के लिए सायं 5:30 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक)
वन-टू-वन मीटिंग
फोकस सेक्टर
रियल स्टेट
इन्फ्रास्ट्रक्चर
पर्यटन
होटल इंडस्ट्री
पैनल चर्चा
अर्बन टेक
अर्बन ग्रीन्स
अर्बन मोबिलिटी
अर्बन इन्फ्रा ड्राइव
D-11062/25
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

## खबर संक्षेप

### फ्रांसः जंगल में आग से विमानों का परिचालन बंद

**मारसेई।** फ्रांस में गर्म तेज हवाओं के कारण भड़की जंगल की आग देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मारसेई तक



पहुंच गई, कारण मारसेई से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रोक दी गईं। आग संबंधी घटनाओं में कम से कम नौ लोग घायल हुए हैं और कई निवासियों को या तो अपने घर खाली करने पड़े या फिर वे घरों के अंदर बंद रहे क्योंकि भूमध्य सागर से सटा पूरा क्षेत्र धुएं से भर गया है। मारसेई में एक बड़े अस्पताल को जनरेटर से बिजली देनी पड़ी, आसपास के अधिकतर इलाकों में रेल यातायात रोक दिया गया और कुछ सड़कें बंद कर दी गईं तथा अन्य सड़कों पर जाम लग गया।

### पाक में ड्रोन अटैक, बम गिरते ही मच गई सनसनी

**कराची।** पाकिस्तान में एक ड्रोन अटैक की घटना सामने आई है। पाक के खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में विद्रोहियों द्वारा किए गए दो ड्रोन



हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। बन्नू जिला पुलिस अधिकारी सलीम अब्बास कुलाची ने डॉन को बताया कि जिले में दो क्वाडकॉप्टर ;एक प्रकार का ड्रोन घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए गए पहले क्वाडकॉप्टर हमले में एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन बच्चे घायल हो गए है वही महिला के शव और घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज जारी है।

### पाक ने आठ चरमपंथियों को मार गिराया

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान के कुनार प्रांत से देश के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में घुसपैठ



की कोशिश कर रहे आठ चरमपंथियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। गोलीबारी की यह घटना मंगलवार को बाजौर जिले के लोवी मामुंड तहसील में हुई, 'फितना अल-खवारिज' संगठन के चरमपंथियों के पाक-अफगान सीमा पार करने की कोशिश के बारे में रिपोर्ट मिली थी। 'फितना अल-खवारिज' का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए किया जाता है।

# भारत के दुश्मनों पर बरसेंगी इजराइली मिसाइलें.. सुखोई में ब्रह्मोस के साथ लोरा तैनात करने की प्लानिंग

*ब्रह्मोस के बावजूद भारतीय वायुसेना लोरा मिसाइल पर विचार कर रही है क्योंकि यह ब्रह्मोस की पूरक है न कि प्रतिस्पर्धी लोरा की, 400-430 किमी रेंज सटीकता और सस्ती लागत इसे गहरे और सुरक्षित हमलों के लिए उपयुक्त बनाती है ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सीमा पर बढ़ते खतरे ने इसकी जरूरत को और बढ़ाया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना आईएएफ ने एक नई रणनीति के तहत इजराइल की एयर लॉन्ग रेंज अटैक लोरा मिसाइल को अपने लड़ाकू विमानों जैसे सु-30 एमकेआई में शामिल करने पर विचार शुरू किया है।

हालांकि भारत के पास पहले से ही ब्रह्मोस मिसाइल है फिर भी लोरा को अपनाने की योजना क्यों? यह सवाल तब उठा जब ऑपरेशन सिंदूर में रैम्पेज मिसाइल की सफलता के बाद लोरा ने इसकी खोज शुरू की लोरा की 400-430 किमी की रेंज इसे दुश्मन के गहरे ठिकानों पर सुरक्षित हमले करने में सक्षम बनाती है जो ब्रह्मोस के साथ मिलकर आईएएफ की ताकत को और बढ़ाएगी।




**रेंज और ट्रैजेक्ट्री**

ब्रह्मोस एक लो-ऑल्टिट्यूड क्रूज मिसाइल है जो समुद्र तल के करीब उड़ती है जिससे यह दुश्मन की एयर डिफेंस को भेदने में सक्षम है। लोरा एक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल है जो ऊंचाई से लॉंच होती है और एक लोफ्टेड ;ऊपर की ओर ट्रैजेक्ट्री अपनाती है। यह दुश्मन के रडार को चकमा देने में मदद करती है 430 किमी तक गहरे हमले कर सकती है। ब्रह्मोस को सु-30 एमकेआई पर एक विशेष मॉड ;संशोधन के साथ लॉन्च किया जाता है जो सीमित संख्या में ही संभव है लोरा को मौजूदा सु-30 एमकेआई विमानों में आसानी से एकीकृत किया जा सकता है।

**ब्रह्मोस से क्यों अलग लोरा**

भारत के पास पहले से ब्रह्मोस मिसाइल है जो एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है 290.450 किमी ;नवीनतम वर्जन की रेंज के साथ मैक 2.8.3 की गति से उड़ती है फिर लोरा की जरूरत क्यों पड़ी। इसका जवाब इन अंतरों में है।

**पाक और चीन के खतरे**


पाकिस्तान की हवा से बचाव प्रणाली एयर डिफेंस और चीन की एडवांस्ड एचक्यू-9 मिसाइलें लोरा के लिए चुनौती हैं। आईएएफ की ऊंची ट्रैजेक्ट्री और गति इसे इन सिस्टमों से बचाने में मदद करेगी।

***लोरा की खासियतें इस प्रकार हैं***

- ❑ रेंज 400-430 किमी जो इसे दूर के दुश्मन ठिकानों पर हमला करने में सक्षम बनाती है।
- ❑ गति लगभग 6-ए174 किमी घंटा
- ❑ सटीकतार 10 मीटर से कम का सर्कुलर एरर प्रोबेबल ( सीईपी) जो इसे निशाने पर -सटीक मार करने की क्षमता देता है।
- ❑ प्रणाली फायर-एंड-फॉरगेट तकनीक और उड़ान के दौरान अपडेट लेने की क्षमता
- ❑ उपयोग यह हाई-वैल्यू टारगेट्स ;जैसे दुश्मन के कमांड सेंटर या रडार पर गहरे और सुरक्षित हमले के लिए उपयुक्त है।

पहलगाम हमले पर दिया ये जवाब

# भारत में आतंक फैलाते रहे हैं हम... पूर्व पाक विदेश मंत्री भुट्टो ने कबूला सच



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान लंबे समय से अपनी जमीन पर मौजूद आतंकी समूहों को भारत के जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाने की अनुमति देता रहा है। इसी साल अप्रैल में पाकिस्तान के पाले आतंकियों ने जम्मू कश्मीर में बर्बर आतंकी हमले में 26 बेगुनाह लोगों की जान ले ली, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करते हुए कई आतंकियों को खत्म कर दिया। पूरी दुनिया ने इन आतंकी ठिकानों की बर्बादी देखी थी।

> ■ बिलावल ने इस बात पर जोर दिया कि पाक अब बदल गया है

अब पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने स्वीकार किया है कि उनका देश भारत के खिलाफ आतंक फैलाने में शामिल रहा है। एक इंटरव्यू में बिलावल भुट्टो ने जरदारी ने कबूल किया कि पाकिस्तानी समूह अतीत में भारत के खिलाफ आतंक में शामिल रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह मानने से इनकार किया कि पाकिस्तान की सरकार इसमें शामिल थी। बिलावल ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान अब बदल गया है और इस्लामाबाद ने इन आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई की है।

**अब्दुल रऊफ के सवाल पर बोले बिलावल**

*बिलावल भुट्टो ने पाकिस्तान के इस हमले में शामिल होने से इनकार करते हुए कहा कि इस्लामाबाद ने भारत सरकार से विश्वसनीय सबूत की मांग की लेकिन ऐसा एक भी सबूत नहीं दिया गया। लेकिन जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद मारे गए आतंकियों के जनाजे में आतंकी कमांडर अब्दुल रऊफ से साथ सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी को लेकर सवाल पूछा गया तो वे सवाल को टाल गए।*

**पहलगाम हमले में शामिल होने से इनकार**

पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सवाल पर उन्होंने इस बात से इनकार किया कि पाकिस्तान इसमें शामिल था। हमले की जिम्मेदारी लेने वाले द रेजिस्टेंस फ्रंट के बारे में पूछे गए सवालों पर बिलावल से सीधा जवाब नहीं देते बना। द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम आतंकी हमले के महज 45 मिनट के अंदर इसकी जिम्मेदारी ली थी।

सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए हुआ तैयार, यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या में दोषी है निमिषा

# यमन में भारतीय नर्स निमिषा को बचाने की आखिरी कोशिश!

*तलाल अब्दो महदी ने किया था निमिषा के साथ अत्याचार*

निमिषा प्रिया साल 2008 में नर्स के तौर पर काम करने के लिए यमन गई थी। कुछ समय बाद निमिषा ने यमन के नागरिक महदी के साथ मिलकर अपना क्लीनिक खोलने का फैसला किया। साल 2017 में महदी का शव मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। निमिषा इस समय यमन की राजधानी सना की केंद्रीय जेल में बंद है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन में मौत की सजा पाई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को बचाने की संभवतः आखिरी कोशिश शुरू हो गई है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने निमिषा प्रिया को बचाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने की मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल को भी इस मामले की सुनवाई में शामिल होने को कहा है।

निमिषा प्रिया को यमन में यमनी नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जा सकती है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को 14 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से निमिषा को बचाने की कोशिश की जा सकती है। वकील ने कहा कि मृतक के परिवार को ब्लड मनी देकर निमिषा की सजा माफ कराई जा सकती है।

यमन में 16 जुलाई को निमिषा प्रिया को मौत की सजा दी जाएगी



### केरल की निमिषा प्रिया कैसे पहुंची यमन?

*इस कहानी की शुरुआत होती है साल 2018 से, जब निमिषा 18 साल की थी। निमिषा की मां दूसरे के घरों में काम करती थी। मां-बेटी का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। किसी तरह निमिषा ने नर्सिंग का कोर्स किया था। हालांकि, केरल में उसे नर्सिंग की नौकरी नहीं मिली। इसके बाद निमिषा को पता चला कि यमन में नर्सिंग के अच्छे अवसर हैं। 19 वर्ष की निमिषा अच्छे भविष्य के लिए यमन जाने के लिए तैयार हो गई।*

**महदी ने निमिषा के साथ किया अत्याचार**

इसके बाद निमिषा एक महीने के लिए केरल लौट आई। निमिषा को लेकर महदी के मन में कुछ और खिचड़ी पक रही थी। महदी ने निमिषा की शादी की तस्वीरें चुरा ली। इसके बाद उसने कई लोगों को कहा कि निमिषा और उसकी शादी हुई है। इतना ही नहीं महदी ने क्लीनिक की कमाई भी रखनी शुरू दी। महदी ने क्लिनिक को अपना बताना शुरू कर दिया। वो निमिषा और उसके परिवार को भी प्रताड़ित करने लगा। उसने निमिषा का पासपोर्ट भी रख लिया था, ताकि निमिषा भारत न जा सके।

**कैसे गलती से हो गया मर्डर**

निमिषा की मां ने बताया कि तलाल ने सबको यह बताकर कि निमिषा उसकी पत्नी है, उसकी मंथली इनकम से पैसे भी लेने शुरू कर दिए। निमिषा ने आरोप लगाया था कि महदी उसे और उसके परिवार को सालों से परेशान कर रहा था। उसने उसे नशीले पदार्थों के प्रभाव में प्रताड़ित किया। उसने उसे कई बार बंदूक की नोक पर धमकाया भी। उसने क्लिनिक से सारे पैसे और उसके गहने भी ले लिए। रोजाना की प्रताड़ना से तंग आकर निमिषा ने तलाल को बेहोश करने के लिए नशीली दवा दी, लेकिन ओवरडोज होने की वजह से उसकी मौत हो गई। इसके बाद निमिषा ने एक स्थानीय महिला के साथ मिलकर तलाल के शव के टुकड़े किए और पानी की टंकी में बहा दिया। साल 2020 में निमिषा को फांसी की सजा हुई और फिर वहां की सुप्रीम कोर्ट ने भी दो साल पहले फैसले को बरकरार रखा।

**तलाल ने शादी की तस्वीरें चोरी की थी**

### कौन था तलाल अब्दो महदी

यमन में नर्स का काम करने गई निमिषा की वहां मुलाकात तलाल अब्दो महदी नामक शख्स से हुई। वह यमन का नागरिक था और एक स्टोर का मालिक था। इसके बाद दोनों ने पार्टनरशिप में वहीं साल 2015 में एक क्लीनिक की शुरुआत की। उसी साल जब निमिषा एक महीने के लिए केरल छुट्टी पर आई तो तलाल ने उसकी शादी की तस्वीर चोरी कर ली और फिर उसे मैन्युपुलेट करके यह दावा किया कि उसकी शादी निमिषा से हुई है। निमिषा के पति थॉमस ने बीबीसी को बताया था कि शुरुआत में महदी एक अच्छे इंसान लगे।

### निमिषा प्रिया ने खोले थे कई राज-मुझे अपने दोस्तों के साथ संबंध बनाने को कहता था

सजा पाने के बाद जेल से ही बात करते हुए निमिषा ने बताया था कि महदी ने मुझे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। वह क्लिनिक के कर्मचारियों के सामने मुझे पीटता और मुझपर थूकता था। 2016 में मैंने पुलिस थाने में उसकी शिकायत दर्ज करवाई। उसने मेरा पासपोर्ट भी अपने पास रख लिया और अपने साथ रहने पर मजबूर करने लगा। वह नशा करके घर आता और मुझे मारता-पीटता।" भारतीय नर्स ने आगे कहा कि वह रात में अपने दोस्तों को भी घर पर लाता और मुझे उनके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। मैं खुद को बचाने के लिए बाहर भागती थी। मैं उससे बचने के लिए यमन की सड़कों पर रात में अकेले भागती थी, जबकि यह एक ऐसी जगह है, जहां रात में सड़क पर कोई महिला नहीं दिखाई देती। इन सबके बाद साल 2017 में निमिषा ने उसे नशीली दवा देकर बेहोश करने की कोशिश की। जिससे वह अपना पासपोर्ट वापस ले सके। पहली बार में वह इतने नशे में था कि उस पर दवा ने कोई असर नहीं किया। दोबारा नशे की दवा का ओवरडोज ज्यादा होने की वजह से तलाल की मौत हो गई।

वाणिज्य मंत्री 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए बोले

# एफटीए से कृषि क्षेत्र को मिली नई उड़ान, बांटे गए 25 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड : पीयूष गोयल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसका श्रेय फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स



सरकारी नीतियों, वित्तीय प्रोत्साहनों और किसानों को दिए जा रहे व्यापक समर्थन को जाता है। नई दिल्ली में आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, यूएई, यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन देश और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों के साथ एफटीए के जरिए भारतीय किसानों को नए वैश्विक बाजार मिले हैं। गोयल ने बताया कि अब तक 25 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड किसानों को वितरित किए जा चुके हैं ताकि संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा मिल सके। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से किसानों को फसल ऋण आसानी से उपलब्ध कराया गया है।

**भारत का कृषि क्षेत्र स्थिरता और मजबूती से आगे बढ़ा है**

उर्वरक क्षेत्र की बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि सरकार ने सब्सिडी के माध्यम से उर्वरकों को किसानों के लिए सुलभ बनाया है और कोविड-19 महामारी के दौरान भी समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की गई। गोयल ने इस बात पर गर्व जताया कि वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव और निर्यात में गिरावट के बावजूद भारत का कृषि क्षेत्र स्थिरता और मजबूती से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा किसानों की मेहनत से कृषि, पशुपालन और मत्स्य उत्पादों का निर्यात 4 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

### अध्ययनः वायु प्रदूषण से बढ़ सकता है ब्रेन ट्यूमर का खतरा

**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल दिल और फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह ब्रेन में एक सामान्य ट्यूमर, मेनिन्जियोमा के खतरे को भी बढ़ा सकता है। मेनिन्जियोमा नामक ट्यूमर, जो आमतौर पर



कैंसररहित (नॉन-कैंसरस) होता है, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढकने वाली पतली परत (मेनिन्जेस) में बनता है। यह ट्यूमर ज्यादातर हानिरहित होता है, लेकिन कभी-कभी इसके कारण सिरदर्द, दौरे पड़ते हैं या ये अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की वजह बन सकते हैं। न्यूरोलॉजी जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रदूषण और मेनिन्जियोमा के बीच एक संभावित संबंध हो सकता है, हालांकि यह साबित नहीं हुआ कि प्रदूषण ही इसका कारण है।

*भारत के लिए बढ़ सकता है खतरा*

### अरुणाचल के सीएम खांडू की चेतावनी चीन का मेगा डैम भारत के लिए वॉटर बम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीएम पेमा खांडू ने आशंका जताई कि चीन इस मेगा डैम का इस्तेमाल कभी भी बड़े स्तर पर पानी छोड़ने के लिए कर सकता है, जिससे अरुणाचल की सियांग घाटी में भीषण बाढ़ आ सकती है। उन्होंने कहा कि इससे खासकर आदिवासी समूहों जैसे आदि जनजाति को बड़ा नुकसान हो सकता है उनकी भूमि संपत्ति और जान जोखिम में पड़ सकती है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने चीन की ओर से ब्रह्मपुत्र नदी ;तिब्बत में यारलुंग त्सांगपोद्ध पर बनाए जा रहे मेगा डैम को भारत के लिए श्वॉटर बम बताते हुए गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट सिर्फ पर्यावरणीय या जल सुरक्षा का मामला नहीं बल्कि अस्तित्व के लिए भी खतरा है ये सैन्य खतरे के अलावा किसी भी अन्य समस्या से बड़ा होगा, जो सीमावर्ती जनजातियों के जीवन भूमि और संसाधनों को तबाह कर सकता है।

कीव में रेजिडेंशियल बिल्डिंग-गाड़ियों में आग लगी

### रूस ने यूक्रेन पर 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागी:दो की मौत,16 घायल



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने गुरुवार सुबह यूक्रेन पर रात भर में लगभग 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागीं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया है कि रूसी हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए। जेलेंस्की ने बताया कि इस हमले का मुख्य निशाना राजधानी थी। घटना के समय ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि कीव में रेजिडेंशियल बिल्डिंग्स, गाड़ियां, गोदाम, ऑफिस और गैर-आवासीय इमारतें जल गईं। कीव में एक रेजिडेंशियल बिल्डिंग की छत पर ड्रोन का मलबा गिरने से आग लग गई। इसकी रोशनी पूरे शहर में दिखाई दी। रूस ने कीव के 8 जिलों को निशाना बनाया था। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि कीव में एक मेट्रो स्टेशन पर 68 साल एक महिला और 22 साल के एक पुलिस अधिकारी की मौत हुई है।

**रूस ने दो दिन पहले यूक्रेन पर 728 ड्रोन,13 मिसाइलें दागीं थी**

रूस और यूक्रेन के बीच 3 साल से ज्यादा समय से जंग जारी है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर मिलिट्री ऑपरेशन का ऐलान किया था। तब से, दोनों देश एकदूसरे पर हमले कर रहे हैं। यू-क्रेन ने 8 जुलाई को दावा किया था कि रूस ने उस पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया था। यूक्रेन के कई शहरों में 728 ड्रोन और 13 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं। इससे पहले यूक्रेन में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निगरानी मिशनने बताया कि इस साल जून में यूक्रेन में पिछले तीन सालों में सबसे ज्यादा 232 लोग मारे गए और 1,343 घायल हुए।

**जेलेंस्की ने रूस पर प्रतिबंध लगाने की मांग**

रूस के ताजा हमले के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सहायक देशों से रूस पर तेजी से नए प्रतिबंध लगाने की मांग की है। जेलेंस्की गुरुवार को रोम में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे, जहां रूस पर नए प्रतिबंधों पर चर्चा होगी।

यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

# ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे बाधित, केदारनाथ यात्रा कुछ समय के लिए रोकी गई

एजेंसी ▶▶ देहरादून

ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सिरोहबगड़ में बीती देर रात से मलबा आने के कारण बाधित है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बारिश के चलते सोनप्रयाग में कुछ समय के लिए यात्रियों को रोका गया। यमुनोत्री हाईवे ओजरी के पास लगातार 12वें दिन भी बंद है। यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजमार्ग निर्माण खंड द्वारा यहां बैली ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है। ईई मनोज रावत ने बताया कि ब्रिज पर डेग प्लेट बिछाई जा रही है और दोपहर बाद इसे यातायात के लिए खोलने की संभावना है।



**प्रदेश में बारिश के बाद मलबे से 87 सड़कें बंद**

*प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से 87 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बंद सड़कों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। परिचालन केंद्र के मुताबिक चमोली जिले में 17, बागेश्वर में 9, अल्मोड़ा में एक, चंपावत में तीन, देहरादून में पांच, नैनीताल में सात, पौड़ी में छह, पिथौराढ़ में 15, रुद्रप्रयाग में चार और टिहरी में आठ सड़कें बंद हैं। जबकि उत्तरकाशी जिले में एक राजमार्ग सहित 12 सड़के बंद हैं।*

**हिमाचल में बारिश का कहर! अब तक 90 मौत, 129 घायल**

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश में देर रात से बारिश हो रही है। इससे आम जनजीवन पर काफी असर हुआ है। वहीं गुरुवार को हिमाचल के मंडी जिले में बादल फटने से भारी बारिश हो रही है। इससे अचानक बाढ़ भी आई है। इससे राज्य में अब तक 90 से ज्यादा लोगों की मौत चुकी है। इसके अलावा 129 लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई लोग अपने ही घर से बेघर हो गए हैं। सैकड़ों लोगों को अलग-अलग आश्रय गृहों में शरण दी गई है।



**देहरादून समेत चार जिलों में तेज बारिश**

*उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत रुद्रप्रयाग, नैनीताल और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है।*



**पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में बोले मंत्री शाह**

# पूर्वी भारत के विकास के लिए राज्यों के बीच समन्वय होना जरूरी

अमित शाह ने कहा कि पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहरी नियोजन और सहकारिता व्यवस्था को मजबूत करने जैसे क्षेत्र केंद्र सरकार की प्राथमिकता में हैं इन पर राज्यों को समन्वय बनाना होगा

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची के होटल रेडिसन ब्लू में गुरुवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक का आयोजन हुआ। इस अहम बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस बात पर जोर दिया कि पूर्वी भारत के विकास के लिए झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को आपसी समन्वय करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहरी नियोजन और सहकारिता व्यवस्था को मजबूत करने जैसे क्षेत्र केंद्र सरकार की प्राथमिकता में हैं इन पर राज्यों को समन्वय बनाना होगा। बता दें, राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के तहत देश में पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांच क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं, और सदस्य राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम या उपराज्यपाल या प्रशासक इसके सदस्य हैं।

- केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने 27वीं बैठक की अध्यक्षता की
- झारखंड, बिहार, ओडिशा और प. बंगाल से 70 प्रतिनिधि शामिल




## सीएम सोरेन ने शाह को पेंटिंग भेंट कर किया स्वागत

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गुलदस्ता और एक पेंटिंग देकर स्वागत किया। वहीं अन्य अतिथियों का भी सीएम ने पौधा देकर स्वागत किया। सीएम हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रमुख सचिव (गृह) वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता बैठक में शामिल रहे। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने विशेष पैकेज समेत कोल कंपनियों पर बकाये 1.36 लाख करोड़ रुपए, विशेष केंद्रीय अनुदान और सुरक्षा संबंधित खर्च की बहाली की मांग प्रमुख रूप से उठाई।



**इन राज्यों के प्रतिनिधि रहे शामिल**

बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि शामिल रहे। बिहार की ओर से डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी सम्राट चौधरी, ओडिशा से सीएम मोहनचरण मांझी के साथ डिप्टी सीएम प्रवती परीदा और मंत्री मुकेश महालिंगम के शामिल हुए। पश्चिम बंगाल की ओर से वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक में इन राज्यों के मंत्री, मुख्य सचिव सहित कुल 70 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### 20 महत्वपूर्ण एजेंडों पर हुई चर्चा

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में 20 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा हुई। जिसमें राज्य और केंद्र सरकार के बीच समन्वय, विकास कार्यों की समीक्षा, आंतरिक सुरक्षा, सीमावर्ती विवाद, संसाधनों के बंटवारे, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सहयोग, वित्तीय सहयोग और केंद्रीय योजनाओं की प्रगति जैसे प्रमुख विषय शामिल हैं। इसके अलावा महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न से संबंधित अपराधों के मामलों की त्वरित जांच, उनके शीघ्र निपटारे के लिए त्वरित न्यायालयों का कार्यान्वयन, गांवों में बैंकिंग सुविधा बढ़ाने, बिजली वितरण प्रणाली के घाटे को कम करने, शहरी मास्टर प्लान, जलाशयों के विवाद, बोर्ड निगमों की परिसंपत्ति व देनदारियों के बंटवारे, खनिजों की नीलामी, स्कूलों में ड्रॉपआउट और सहकार से समृद्धि योजना पर चर्चा की।

**खबर संक्षेप**

### 6 पर गिरी दीवार, एक ही परिवार के 3 की मौत

**पलवल।** हरियाणा के पलवल स्थित गांव सोफ्ता में बुधवार रात एक ही परिवार पर कहर टूट पड़ा। तेज बारिश के बीच पेट्रोल पंप की एक दीवार भरभराकर गिर गई और नीचे दबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग समेत तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में पिता जगदीश, दामाद व अन्य शामिल हैं।



### गुरुग्राम में सड़क धंसी बीयर से भरा ट्रक पलटा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सदर्न पेरिफेरल रोड पर बुधवार रात से एक ट्रक खाई में फंसा हुआ है। यह खाई तब बनी जब ट्रक के चलते सड़क का एक हिस्सा धंस गया। ट्रक चालक ने कहा कि ट्रक में बीयर की बोतलें भरी हुई हैं। मैं गोदाम जा रहा था। लेकिन उसके बाद सड़क धंस गई और मेरा ट्रक उसमें गिर गया। कोई घायल नहीं हुआ।



### आधार शिविर में 'छड़ी मुबारक' की रस्में शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आधार शिविर में बृहस्पतिवार को छड़ी मुबारक के अनुष्ठान शुरू हो गए। इस मौके पर भगवान शिव के पवित्र दंड 'छड़ी मुबारक' की पूजा-अर्चना की गईं। महंत दीपेंद्र गिरि ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा के इस शुभ अवसर के दौरान, वैदिक मंत्रोच्चार, भूमि-पूजन, नवग्रह-पूजन, छड़ी-पूजन किया।



### 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज अदालत ने रोकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दर्जी कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर तब तक के लिए रोक लगा दी जब तक केंद्र सरकार फिल्म पर स्थायी प्रतिबंध लगाने की याचिकाओं पर फैसला नहीं कर लेती। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।



**एक लेख में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपनी ही पार्टी को दिखाया आईना**

# आपातकालः भारत के इतिहास का 'काला अध्याय', हिंसा और बल का किया इस्तेमाल

आपातकाल को लेकर सांसद शशि थरूर ने कहा कि असहमति को दबाना, एकत्रित होने, लिखने और मुक्त होकर बोलने की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकारों का हनन और संवैधानिक कानूनों की घोर अवहेलना ने भारतीय राजनीति पर एक अमिट दाग छोड़ दिया है


एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस पार्टी और केरल से सांसद शशि थरूर के बीच दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी की नीति का समर्थन करने वाले और उनके बुलावे पर देश का पक्ष रखने विदेश गए थरूर अब एक बार फिर से अपने एक आर्टिकल को लेकर कांग्रेस नेताओं के निशाने पर आ गए हैं। एक दैनिक पत्रिका में लिखे अपने आर्टिकल में शशि थरूर ने 1975 में आपातकाल लगाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटे संजय गांधी की आलोचना की है। इसके बाद कांग्रेस पार्टी में उनके साथी और सांसद मणिकम टैगोर ने थरूर पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह भाजपा की लाइन पर चल रहे हैं। मलयालम के एक दैनिक अखबार में गुरुवार को आपातकाल पर लिखे एक लेख में उन्होंने 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल की आलोचना करते हुए इसे भारत के इतिहास का 'काला अध्याय' बताया और इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के कृत्यों को याद किया जिसमें जबरन नसबंदी अभियान एवं नई दिल्ली में झुग्गियों को बलपूर्वक गिराए जाने के मामले शामिल हैं।

**संजय गांधी** का जबरन नसबंदी अभियान एक संगीन उदाहरण बना

**उस दौर** की ज्यादतियों ने अनगिनत लोगों को गहरा नुकसान पहुंचाया

**पक्षी तोता बन गया है! थरूर पर कांग्रेस का तंज**



### हजारों लोग बेघर हुए

थरूर ने कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को इन कठोर कार्रवाई का समर्थन करते हुए देखा गया था। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया जो इसका एक संगीन उदाहरण बन गया। पिछड़े ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और बल का इस्तेमाल किया गया। नई दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बेरहमी से ध्वस्त कर उनका सफाया कर दिया गया। हजारों लोग बेघर हो गए। उनके कल्याण पर ध्यान नहीं दिया गया। दुर्भाग्यपूर्ण ज्यादतियां होने के बावजूद बाद में इन कृत्यों को कुछ गरिमा के साथ चित्रित किया गया।

### लोकतंत्र अनमोल विरासत

कांग्रेस सांसद ने कहा कि लोकतंत्र कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हल्के में लिया जाए, यह एक अनमोल विरासत है जिसे निरंतर पोषित और संरक्षित किया जाना चाहिए। यह सभी लोगों के लिए एक सबक होना चाहिए। आज का भारत 1975 का भारत नहीं है। हम ज्यादा आत्मविश्वासी, ज्यादा विकसित और कई मायनों में ज्यादा मजबूत लोकतंत्र हैं।

### मौलिक अधिकारों का हनन किया

थरूर ने कहा कि असहमति को दबाना, एकत्रित होने, लिखने और मुक्त होकर बोलने की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकारों का हनन और संवैधानिक कानूनों की घोर अवहेलना ने भारतीय राजनीति पर एक अमिट दाग छोड़ दिया है। उस दौर की ज्यादतियों ने अनगिनत लोगों को गहरा और स्थायी नुकसान पहुंचाया। प्रभावित समुदायों में इसने भय और अविश्वास का माहौल पैदा किया। आपातकाल के बाद मार्च 1977 में हुए पहले स्वतंत्र चुनाव में लोगों ने स्पष्ट प्रतिक्रिया दी और इंदिरा गांधी एवं उनकी पार्टी को बड़े अंतर से सत्ता से बाहर कर दिया।

### नकल पक्षियों में अच्छी लगती है, राजनीति में नहीं: मणिकम

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए पोस्ट में थरूर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि जब कोई सहयोगी भाजपा की बातों को शब्दशः दोहराने लगे तो आप क्या सोचेंगे- क्या अब वह पक्षी तोता बन रहा है? नकल पक्षियों में अच्छी लगती है, राजनीति में नहीं। मणिकम का यह पक्षी वाला तंज शशि थरूर के उस सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक चिड़िया के लिए सबसे अच्छा खुला आसमान होता है। इसमें उसे उड़ने के लिए अनुमति मत मांगों।



### आपातकाल पर चर्चा प्रासंगिक नहीं: मुरलीधरन

वरिष्ठ कांग्रेस नेता के मुरलीधरन ने कहा कि इस समय आपातकाल पर चर्चा प्रासंगिक नहीं है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने कहा कि थरूर पार्टी की कार्यसमिति के सदस्य हैं और उनके द्वारा लिखे गए लेख पर राष्ट्रीय नेतृत्व को ही टिप्पणी करनी चाहिए।



**कर्नाटक में सीएम बदलने की अटकलें**

## सिद्धारमैया से नहीं मिले राहुल अब प्रभारी सुरजेवाला से मिलेंगे

*सीएम ने कहा* मैं पांच साल पूरा करूंगा

*गृह मंत्री बोले* पार्टी नेतृत्व सब देख रहा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में फिर से नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों का बाजार गर्म है। इस बीच राज्य के सीएम सिद्धारमैया लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मिलने दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कहा कि मैंने राहुल गांधी से मिलने के लिए समय मांगा था लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इस तरह के किसी भी कदम से साफ इनकार किया है। सिद्धरमैया ने कहा कि नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं हो रहा है। नेतृत्व का मुद्दा चर्चा में नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी आलाकमान का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होगा।

### सीएम पद रिक्त नहीं

सीएम सिद्धरमैया ने कहा कि क्या अभी सीएम का पद रिक्त है? फिर ऐसी अटकलें क्यों लगाई जा रही हैं? अगर कोई निजी राय व्यक्त करता है, तो क्या वह पार्टी का फैसला हो सकता है? खरगे (कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे) और राहुल गांधी को इस बारे में बात करनी चाहिए। मंत्रिमंडल में फेरबदल पर उन्होंने कहा, कि नेतृत्व परिवर्तन और मंत्रिमंडल में फेरबदल पर कोई चर्चा नहीं हुई है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने खुद कहा है कि सीएम पद के लिए कोई रिक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दलितों के उत्थान के लिए कार्यक्रमों पर काफी विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिए हैं।

### आलकमान समय आने पर निर्णय करेगा

राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बेंगलुरु में गुरुवार को यह कहकर सस्पेंस बढ़ा दिया है कि इस मुद्दे पर पार्टी आलाकमान ही निर्णय करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व सब देख रहा है और समय आने पर वह निर्णय करेगा। उन्होंने कहा कि इस (नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे) पर न तो बार-बार चर्चा होनी चाहिए और न ही बयानबाजी। प्रशासन में कोई समस्या नहीं है, यह सुचारू रूप से चल रहा है और सीएम (सिद्धरमैया) प्रभावी रूप से इसका संचालन कर रहे हैं। मैं एक और नाटक कंपनी (बयान देने से) नहीं खोलना चाहता। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान सब देख रहा है और समय आने वह निर्णय करेगा।

**सिख वोटरों की मांग 40 साल बाद पूरी**

## दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी में दी नई वोटिंग लिस्ट को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सिख वोटरों की मांग करीब 40 साल बाद पूरी हुई है। दरअसल दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी में वोटिंग लिस्ट को फोटो के साथ नए सिर से बनाने की मांग की जा रही है। 40 सालों से की जा रही इस मांग को गुरुवार को मंजूरी मिल गई है। अब पुरानी सभी वोटिंग लिस्ट को कैंसिंल कर दिया जाएगा।



### वोटर लिस्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू

दिल्ली में लाखों सिख वोटर हैं और वह दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट का प्रधान और मेंबर वोटिंग के हिसाब से चुनते हैं। सभी गुरुद्वारों का रखरखाव और सिखों से जुड़े मसलों को फिर गुरुद्वारा कमेटी ही मैनेज करती है। दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय के मुताबिक, नई वोटर लिस्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पत्र के जरिए 46 वार्डों के जोनल, ईआरओ दफ्तरों का पता, 23 जोन के 12 ईआरओ और 46 एईआरओ के नाम जारी कर दिए गए हैं।

**ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी सख्त**

## विजय देवरकोंडा समेत 29 एक्टर्स व यूट्यूबर्स पर केस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुछ ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की है। तेलंगाना में विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और प्रकाश राज जैसे अभिनेताओं के अलावा कुछ सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स व यूट्यूबर्स सहित दो दर्जन से अधिक लोगों भूमिका की पड़ताल कर रही है।



### सट्टेबाजी एप्स का कर रहे समर्थन

ईडी मामले में देवरकोंडा, दग्गुबाती, मांचू लक्ष्मी, राज, निधि अग्रवाल, प्रणिता सुभाष, अनन्या नागल्ला, टीवी होस्ट श्रीमुखी के अलावा स्थानीय सोशल मीडिया प्रभावितों और यूट्यूबर्स सहित लगभग 29 हस्तियों पर मामला दर्ज किया गया है। इन हस्तियों पर सेलिब्रिटी या विज्ञापन शुल्क प्राप्त करने के बदले जंगली रम्मी, जीतविन, लोटस 365 आदि जैसे ऑनलाइन सट्टेबाजी एप्स का समर्थन करने का संदेह है। इन एप से होने वाली अपराध की आय की अनुमानित राशि की भी जांच की जाएगी।

**वडोदरा नदी पुल हादसा मामला**

## अब तक 16 की मौत, गुजरात सड़क एवं भवन विभाग के चार इंजीनियर निलंबित

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में मृतकों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 16 हो गई। वडोदरा जिले के पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने बताया कि अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं। तलाश एवं बचाव अभियान अब भी जारी है। इस बीच सरकार ने गुजरात सड़क एवं भवन विभाग के चार इंजीनियर निलंबित कर दिया है।

**3-4 लोग अभी भी लापता**



### नदी में 4 किमी तक तलाश रहे

वडोदरा के जिलाधिकारी अनिल धमेलिया के अनुसार कम से कम तीन व्यक्ति अब भी लापता हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल की टीम नदी में जीवित बचे लोगों या शवों की तलाश कर रही हैं। टीम नदी में चार किलोमीटर नीचे तक तलाश अभियान चला रही हैं। लापता व्यक्तियों के बारे में जानकारी देने के लिए नियंत्रण कक्ष पर कॉल कर सकते हैं।

**आईआरएफ ने जताई चिंता:** अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) ने गुजरात में पुल का एक हिस्सा ढहने की घटना पर चिंता जताई। जिनेवा स्थित वैश्विक सड़क सुरक्षा निकाय के मानद अध्यक्ष केके कपिला ने देश में पुलों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की नियमित निगरानी और रखरखाव की जरूरत पर जोर दिया।

**मुंबई में 'सिंदूर ब्रिज' का उद्घाटन**

## फडणवीस ने इसे सशस्त्र बलों और भारत की रक्षा क्षमताओं के प्रति सम्मान बताया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को दक्षिण मुंबई में पुनर्निर्मित कार्नाक रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का उद्घाटन किया, जिसे भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के सम्मान में 'सिंदूर ब्रिज' नाम दिया गया है। फडणवीस ने बताया कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करके असाधारण साहस और सामरिक सटीकता का परिचय दिया है। यह नाम परिवर्तन हमारे सशस्त्र बलों और भारत की रक्षा क्षमताओं के प्रति सम्मान है।

**पहले कार्नाक ब्रिज के नाम से जाना जाता था**



### दक्षिण मुंबई की भीड़ को कम करेगा

ब्रिटिश काल का यह पुल पहले बॉम्बे प्रांत के पूर्व गवर्नर जेम्स रिवेट कार्नाक के नाम पर कार्नाक ब्रिज के नाम से जाना जाता था, जिन्होंने 1839 से 1841 तक इस पद को संभाला था। यह पुल मध्य रेलवे (मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल और मस्जिद स्टेशन के बीच) के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ता है और पी डिमेलो रोड से जुड़ता है। यह दक्षिण मुंबई में यातायात की भीड़ को कम करेगा।

**गणेशोत्सव 'राज्य महोत्सव' घोषित**

देवेंद्र फडणवीस की सरकार ने गणेशोत्सव त्योहार को महाराष्ट्र का राज्य महोत्सव घोषित किया है।

**महाराष्ट्र विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री का चौंकाने वाला खुलासा**

## एक जिले में 14 हजार से ज्यादा महिलाओं में मिले कैंसर के लक्षण

मंत्री प्रकाश आबितकर ने कहा कि कुल 14,542 महिलाओं में से तीन को गर्भाशय का कैंसर पाया गया है। इसके अलावा एक महिला को स्तन कैंसर है और 8 को मुंह का कैंसर है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में 14,500 महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण पाए गए हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबितकर ने गुरुवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की संजीवनी योजना के तहत स्क्रीनिंग के दौरान इन महिलाओं के बारे में यह जानकारी मिली। प्रकाश आबितकर ने अपने एक लिखित जवाब में विधानसभा में बताया कि 8 मार्च को महिला दिवस से सर्वे की शुरुआत की गई थी। इसके तहत कुल 2,92,996 महिलाओं के बीच जाकर सर्वे किया गया। इस सर्वे के दौरान महिलाओं से कुछ सवाल पूछे गए, जिनके उन्होंने जवाब दिया। इन जवाबों के आधार पर ही यह पता चला है कि करीब 14,500 महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण हैं।

**खास बातें**

- संजीवनी योजना के तहत स्क्रीनिंग के दौरान यह जानकारी मिली
- कुल 292996 महिलाओं के बीच जाकर सर्वे किया गया

### कैंसर को लेकर जागरूक कर रहे

मंत्री आबितकर ने कहा कि कुल 14,542 महिलाओं में से तीन को गर्भाशय का कैंसर पाया गया है। इसके अलावा एक महिला को स्तन कैंसर है और 8 को मुंह का कैंसर है। यह जानकारी जिला कलेक्टर की ओर से कैंसर को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान में सामने आई है। यह अभियान इसलिए चलाया गया है ताकि कैंसर की जानकारी शुरुआती स्टेज में ही पता चल सके और फिर उन लोगों का इलाज कराया जा सके।



### टाटा मेमोरियल की टीम महीने में दो बार कैंप लगाएगी

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए अलग से किसी कैंसर अस्पताल के निर्माण का प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में स्क्रीनिंग की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा ताकि पता चल सके कि महिलाओं में कैंसर की क्या स्थिति है। जिला अस्पतालों में भी इसकी जांच की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए टाटा मेमोरियल अस्पताल से करार हुआ है। टाटा मेमोरियल अस्पताल की ओर से एक टीम महीने में दो बार अस्पतालों में जाएगी और वहां कैंप लगाकर जांच करेगी। यही नहीं निचले स्तर पर जांच के लिए कैंसर योद्धाओं को ट्रेनिंग भी टीम की ओर से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के 8 जिला अस्पतालों में डे-केयर कीमोथेरेपी सेंटर भी शुरू किए गए हैं। इसके अलावा ऐसे सेंटर्स को राज्य के अन्य जिलों में भी स्थापित करने की तैयारी है।

## मल्लू मालगुजार और रुद्र जैसे माफिया कर रहे थे अवैध उत्खनन

# बरसते पानी में बढैया खेड़ा से अवैध मुरम लेकर जा रहा था हाइवा!






हरिभूमि, जबलपुर।

बरगी क्षेत्र में खनिज माफिया के हौसले इस कदर बुलंद हो चले थे कि शासकीय भूमि पर दिनदहाड़े मुरम का अवैध उत्खनन कर करोड़ों की खनिज संपत्ति लूटी जा रही थी। हरिभूमि के पिछले अंक में प्रकाशित खबर के बाद कलेक्टर दीपक सक्सेना की तत्परता और तहसीलदार प्रदीप तिवारी की सक्रियता ने माफिया की इस दबंगई पर करारा प्रहार किया है।

**खबर का असर**

बढैया खेड़ा, मानेगांव और समद पिपरिया जैसे गांव लंबे समय से खनिज माफियाओं के कब्जे में थे। शिकायतों के बावजूद खनिज विभाग की चुप्पी ने माफिया को खुली छूट दे रखी थी। लेकिन जैसे ही मामले की जानकारी कलेक्टर को हुई, उन्होंने तत्काल एसडीएम अभिषेक सिंह ठाकुर और तहसीलदार प्रदीप तिवारी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

### छापेमारी में मुरम से लदा मिला हाइवा

तहसीलदार की अगुवाई में राजस्व और बरगी पुलिस की टीम ने बढ़िया खेड़ा गांव के समीप दबिश दी, जहां से हाईवा क्रमांक एमपी 20 जेड डब्ल्यू 1117 को मुरम ले जाते हुए पकड़ा गया। चालक ने कबूला कि यह मुरम मल्लू मालगुजार द्वारा समद पिपरिया क्षेत्र से खुदवाया गया था। साथ ही उसने रुद्र यादव नामक व्यक्ति का भी उल्लेख किया, जो लगातार अवैध उत्खनन कर रहा है।

### 220 से हो रहा था भारी उत्खनन, विभाग मौन

सूत्रों के मुताबिक 220 जैसी भारी मशीनों से अवैध उत्खनन किया जा रहा था। लेकिन खनिज विभाग के अधिकारी शिकायतों के बावजूद मूकदर्शक बने रहे। यह कार्रवाई उनके क्षेत्राधिकार में थी, फिर भी राजस्व विभाग ने जिम्मेदारी उठाई और टीम बनाकर कार्रवाई की।

### प्रशासन ने निभाया फर्ज, माफिया के खिलाफ दी सख्त चेतावनी

कार्रवाई के दौरान कुछ डंपर अवैध परिवहन करते पाए गए लेकिन वह भागने में कामयाब हो गए। एक हाईवा को तत्काल जब्त कर बरगी टीआई को सौंपा गया। मौके पर अवैध उत्खनन के गड्ढे साफ दिखाई दिए, जिससे साबित होता है कि यह कार्य व्यवस्थित माफिया गिरोह द्वारा लंबे समय से किया जा रहा था।

### राजनीतिक दबाव के आगे टीम नहीं डिगी

जब वाहन पकड़ा गया तो कुछ छुटभैया नेताओं ने मौके पर पहुंचकर माफिया को बचाने और वाहन छुड़ाने की कोशिश की। अधिकारियों पर बड़े नेताओं के नाम लेकर दबाव बनाने की कोशिश भी हुई, लेकिन राजस्व विभाग की टीम अपने कार्य से पीछे नहीं हटी।

## हाईकोर्ट व जिला अदालतों के प्रत्येक कोर्ट रूम में लगेंगे डॉ आंबेडकर के चित्र

### विधि एवं विधायी कार्यविभाग ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को लिखा पत्र

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट व जिला अदालतों के प्रत्येक कोर्ट रूम में भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की फोटो लगाई जाएगी। इस संबंध में कार्रवाई हेतू प्रदेश के विधि एवं विधायी कार्यविभाग ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र लिखा है। पत्र के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के ई-मेल और मप्र पिछड़ा वर्ग अधिवक्ता कल्याण संघ जबलपुर के पत्र की कॉपी भी संलग्न की गई है। दरअसल, इस संबंध में ओबीसी एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व रजिस्ट्रार जनरल को पत्र भेजा था। एसोसिएशन के अध्यक्ष परमानंद साहू व वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि हाल ही में कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस संबंध में फुलकोर्ट आयोजित कर निर्णय लिया था कि सभी अदालतों के कोर्ट रूम में डॉ अंबेडकर का चित्र लगया जाएगा। इस संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट ने 20 जून को परिपत्र जारी किया था। एसोसिएशन ने समानता के आधार पर मप्र में भी हाईकोर्ट सहित अधीनस्थ अदालतों के सभी न्यायालय कक्षों में डॉ अंबेडकर का चित्र लगाने की मांग की गई थी।



# बनारसी डेयरी का पंजीयन निलंबित

## गंदगी के बीच किया जा रहा था दूध का संग्रहण

जबलपुर।



कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थो तथा दूध एवं इससे बने उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किये गये आकस्मिक निरीक्षण में अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों एवं गंदगी के बीच दूध का संग्रहण करते पाये जाने पर छोटी खैरी करोंदा नाला पनागर रोड़ स्थित बनारसी डेयरी का खाद्य पंजीयन खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निलंबित कर दिया गया है। निरीक्षण की कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने की। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में दूध का संग्रहण अत्यंत अस्वच्छ तथा अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में होना पाया गया। दूध संग्रहित करने इस्तेमाल किये गये ड्रम और केन पर बड़ी संख्या में मक्खियाँ लगी हुई थीं। दुबे ने बताया कि निरीक्षण खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अनुसूची-4 में वर्णित स्वच्छता संबंधी प्रावधानों तथा खाद्य पंजीयन की शर्तों का पालन करने में असफल रहने पर लोक स्वास्थ्य के हित को ध्यान में रखते हुये इस प्रतिष्ठान का खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 31 के अन्तर्गत खाद्य पंजीयन निलंबन अवधि के दौरान बनारसी डेयरी से खाद्य कारोबार का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा ।

## नगर निगम ने मदद से किया इनकार, सवालों में घिरी संवेदनहीन व्यवस्था

# लावारिस मौत, लाचार व्यवस्था मोक्ष ने उठाया इंसानियत का बोझ

हरिभूमि, जबलपुर।

जब किसी इंसान की मौत के बाद उसकी देह को जलाने के लिए जमीन की तलाश में अफसरशाही की सीढ़ियां चढ़नी पड़े और मदद की बजाय तिरस्कार मिले, तब समझिए कि मौत से भी बदतर है व्यवस्था का व्यवहार।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पर एक लावारिस भिखारी, उम्र लगभग 50 वर्ष, ने बीते बुधवार को दम तोड़ा। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को जीआरपी पुलिस ने लाश के अंतिम संस्कार के लिए 'मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति' के संस्थापक आशीष ठाकुर से संपर्क किया। मोक्ष के सदस्य लाश को लेकर तिलवारा श्मशान ले जाने की कोशिश की, लेकिन पानी भर जाने से अंतिम संस्कार नहीं हो सका।

### बढ़ते पानी में बह गई संवेदनशीलता

अंततः शव को चौहानी श्मशान घाट लाया गया, जहां ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी जमीन खुदाई योग्य नहीं थी। तब मोक्ष संस्था ने नगर निगम से जेसीबी की मदद मांगी। लेकिन नगर निगम अधिकारी हर्षा पटेल ने साफ इंकार कर दिया। उनका कथन था ऊपर से आदेश है, मशीन या कर्मचारी नहीं भेज सकते। कमिश्नर प्रीती यादव से बात करिए। जिसके बाद महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू) से संपर्क कर मदद मांगी गई, जिन्होंने तत्परता दिखाई और संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। बावजूद इसके हर्षा पटेल ने फोन तक उठाना उचित नही समझा।



### संस्था ने उठाया फावड़ा, की सम्मानजनक विदा

जब कोई रास्ता नहीं बचा, तो 'मोक्ष' के स्वयंसेवकों ने अपने हाथों से पहाड़ी पर खुदाई की और उस बेनाम भिखारी का अंतिम संस्कार किया जिसके पास जीवन में कुछ नहीं था, पर मरने के बाद दो गज जमीन तक नसीब नहीं हुई।

### दो दशकों से बगैर सहयोग के मोक्ष कर रहा कार्य

मोक्ष संस्था बीते दो दशकों से लावारिस, निशक्त, मानसिक रूप से अस्थिर और वृद्धजनों को न केवल आश्रय देती है, बल्कि उनकी मृत्यु के बाद सम्मानजनक अंतिम संस्कार भी करती है। वर्तमान में मेडिकल स्थित मोक्ष आश्रय में संस्था 50 से अधिक लाचार बुजुर्ग रह रहे हैं, जिनका इलाज और सेवा संस्था स्वयं करती है बिना सरकारी सहायता के। फिर भी, जब एक शव के लिए जमीन की खुदाई में प्रशासन का सहयोग मांगा गया, तो विनम्रता के बदले उपेक्षा, संवेदनहीनता और अहंकार ही मिला।

## जेल में बंद कुख्यात बदमाश अब्दुल रज्जाक के बेटे समेत गैंग के चार बदमाशों को जबलपुर पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में सिवनी से किया गिरफ्तार, डिमांड पर मिली चार दिन की रिमांड

# फेरो में ढूंढ लिए 50 हजार के इनामी 'फरार'

हरिभूमि, जबलपुर।







शादी का माहौल था, बैंड बज रहे थे। लेकिन पुलिस का प्लान साइलेंट मोड पर एक्टिव था।मुखबिर ने खबर दी कुख्यात अब्दुल रज्जाक गैंग के इनामी बदमाश सिवनी जिले के पैच स्थित एक रिसॉर्ट में एक विवाह समारोह में शामिल हैं। सूचना मिलते ही जबलपुर पुलिस की टीम बिना समय गंवाए देर रात रवाना हुई और सादी वर्दी में शादी समारोह में शामिल हो गई। मौका मिलते ही दबिश दी गई और "फेरों" के बीच फरारों को धरदबोचा गया।

### बेटा सरफराज जबलपुर बाकी सिवनी से गिरफ्तार

पुलिस की इस फिल्मी स्टाइल रेड में गैंग के तीन प्रमुख सदस्य मोह. महमूद, अजहर और सज्जाद को मौके से गिरफ्तार किया गया। यह सभी लंबे समय से फरार चल रहे थे और 50 हजार रुपये से अधिक के इनामी थे। वहीं चौथा आरोपी सरफराज जो गैंग लीडर अब्दुल रज्जाक का बेटा है, उसे जबलपुर में ही पकड़ा गया।

### गिरफ्तारियों से उखड़ गई गैंग की जड़ें

पुलिस ने आरोपियों के पास से लग्ज़री बीएमडब्ल्यू और मर्सडीज कार, एक पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। कारों की कुल कीमत 1 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। सभी आरोपियों पर डकैती, अपहरण, धोखाधड़ी, खनिज चोरी, और संगठित आपराधिक साजिश जैसे गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से गैंग की जड़े उखड़ गई।

### चार दिन होगी पूछताछ-

चारों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर चार दिन की रिमांड पर लिया गया है, ताकि गैंग के पूरे नेटवर्क को खंगाला जा सके और अन्य फरार अपराधियों तक पहुंचा जा सके।

### फिल्मी स्टाइल में किया असली काम

यह कार्रवाई केवल गिरफ्तारी नहीं, पुलिस की रणनीतिक योजना, सटीक समयबद्धता और अपराधियों की मानसिकता को समझने की मिसाल है। मुखबिर से मिली सूचना पर जिस शांति और चालाकी से पुलिस ने बड़े गैंग को धरदबोचा, वह किसी क्राइम थ्रिलर फिल्म के सीन से कम नहीं।

### कार्रवाई को दिया ऑपरेशन विवाह का नाम-

इस कार्रवाई को"ऑपरेशन विवाह" का नाम दिया गया था। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की मॉनिटरिंग, एएसपी आनंद कलादगी, सीएसपी सोनू कुर्मी, टीआई ओमती राजपाल बघेल, टीआई प्रवीण कुमरे के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। क्राइम ब्रांच, थाना ओमती, अधारताल, बेलबाग, और साइबर सेल की संयुक्त टीम इस मिशन में शामिल रही।

### टीम में यह रहे शामिल

एसआई शैलेंद्र सिंह, एसआई रजनीश मिश्रा, क्राइम थाना ओमती के हवलदार देवेन्द्र उपाध्याय, महेन्द्र शुक्ला, सिपाही संदीप, संतोष तेकाम, मनीष बघेल, सुनील पटेल, थाना बेलबाग के हवलदार सुशील दुबे, सिपाही रवि कुमार, राहुल मिश्रा, अभिमन्य सिंह, कुंभकरण मराफे, एएसआई नारायण पटेल, राघवेंद्र, हवलदार रामजी पांडे तथा क्राइम ब्रांच के एएसआई प्रशांत सोलंकी, सिपाही अटल एवं क्राईम ब्रांच के अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका

### फरार सरताज दुबई में बैठा

गैंगस्टर अब्दुल रज्जाक की पूरी गैंग का लगभग-लगभग सफाया हो चुका हैं। इस गैंग का मास्टर माइंड रज्जाक का छोटा बेटा सरताज अब भी दुबई में बैठकर फरारी काट रहा हैं। पूर्व पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा ने सरताज को दबोचने के लिए लुक आउट नोटिस भी जारी करा चुके हैं।

### गिरफ्तार आरोपी व अपराधों का ब्यौरा

1. सरफराज पिता अब्दुल रज्जाक (45), नया मोहल्ला ओमती
– थाना ओमती में 3 गंभीर अपराध पंजीबद्ध, अपहरण, मारपीट, डकैती, धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र की धाराएं शामिल
2. मोह. महमूद (53), सिवनी से गिरफ्तार, रज्जाक के भाई अब्दुल वहीद का बेटा
– जबलपुर व कटनी में धोखाधड़ी व अवैध खनन के मामले
3. अजहर (26), सिवनी से गिरफ्तार, रज्जाक का भतीजा
– धोखाधड़ी, ठगी, दस्तावेज फर्जीवाड़ा के प्रकरण
4. मोह. सज्जाद (25), नया मोहल्ला ओमती
– पिस्टल व मर्सडीज कार बरामद
– डकैती, अपहरण और साजिश से जुड़े केस में वांछित



## ई-रिक्शा की बैटरी चोरी कर बेचने की फिराक में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

थाना कैंट पुलिस ने ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी कर उन्हें बेचने की फिराक में खड़े एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई 8 बैटरियां बरामद की गई हैं। गिरफ्तार आरोपी का नाम आरिफ अली पिता अकबर अली उम्र 33 वर्ष निवासी अंबेडकर कॉलोनी थाना अधारताल है जिसके खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कैंट की टीम को सूचना मिली कि यादगार चौराहे पर एक व्यक्ति बैटरियां बेचने की कोशिश कर रहा है। मौके पर दबिश देने पर संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि उसने 9 फरवरी को सदर स्थित इंदौर स्वीट्स के सामने से लाल रंग की ई-रिक्शा और 13 मार्च को टैगोर गार्डन के पास से एक काली ई-रिक्शा चोरी की थी। चोरी के बाद दोनों ई-रिक्शा को सूने स्थानों पर छोड़कर बैटरियां निकाल ली थीं। दोनों ई-रिक्शा पहले ही थाना गोहलपुर और अधारताल पुलिस द्वारा बरामद की जा चुकी थीं।

**- कैंट पुलिस की सक्रियता से दो वारदातें सुलझी, आठ बैटरियां जब्त**

## श्रद्धा और समर्पण के महापर्व गुरु पूर्णिमा पर बगलामुखी सिद्धपीठ में विशाल भंडारे के साथ भागवत का समापन

# गुरु ही जीवन का सार और आधार: ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी

हरिभूमि, जबलपुर।

गुरु की कृपा से ही आत्मा का जागरण संभव है, और उसी दिव्य अनुभूति का पर्व है गुरु पूर्णिमा, जिसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस पावन अवसर पर बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरु परंपरा की गरिमा का बखान करते हुए ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने कहा कि, शिष्य की निस्वार्थ निष्ठा और भगवान के प्रति समर्पण की समन्वयता ही सच्ची गुरु दीक्षा है। उन्होंने गुरु की महिमा को निरूपित करते हुए कहा कि गुरु बिन भवनिधि तरई न कोई, जो बिरंचि शंकर सम होई। अर्थात गुरु के बिना इस भवसागर को पार करना असंभव है, चाहे व्यक्ति ब्रह्मा या शंकर जैसा ही क्यों न हो।

### पादुका पूजन से हुई शुरूआत

कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्मचारी जी द्वारा परम पूज्य ब्रह्मलीन ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के पावन चरणों में पादुका पूजन कर हुई। उन्होंने श्रद्धा से उनके जीवन-प्रेरणा को नमन करते हुए कहा कि गुरु न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि अपने आचरण से मार्ग भी दिखाते हैं।

### देर रात तक चला भंडारा

भक्तजनों ने श्रद्धा और भावनाओं से ओतप्रोत होकर गुरु के प्रति समर्पण प्रकट किया। वातावरण 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः' जैसे वेद मंत्रों से गूंज उठा। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, और सभी उपस्थितजनों ने गुरु परंपरा को नमन करते हुए जीवन में सद्गुरु की आवश्यकता को आत्मसात किया।



### बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन रहे उपस्थित

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित हुए, जिनमें समाजसेवी, जनप्रतिनिधि व साधकगण शामिल थे। कार्यक्रम में विधायक अभिलाष पांडे, मधु यादव, प्रभा यादव, प्रकाश द्विवेदी, नीता पटेल, गोविंद साहू, घनश्याम मिश्रा, संजय गुरु, ज्ञान त्रिपाठी, कुंडल राव, शिवम चतुर्वेदी, अंजना शुक्ला, गोविन्द प्रीति साहू, आराधना-आशीष चौकसे, अखिल तिवारी, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, सुनील गुप्ता, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, शुभम चौरसिया, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, गौरव चौबे, विनोद अरोरा, नवीन यादव, रोहित तिवारी, सोनू कुरेले, मनोज सेन, सतेंद्र असाटी, शंकरलाल गुप्ता, आयुष गुप्ता, मनोज सेन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मठ, मंदिरों, आश्रमों में दिखी गुरु पूर्णिमा महोत्सव की श्रद्धा

## शिष्यों ने पूजन कर लिया गुरुओं का आशीर्वाद



सिहोरा। असाढ मास की पूर्णिमा पर गुरुवार को शिष्यों ने गुरुओं का चरण वंदन,पूजन,अर्चन कर गुरु पूर्णिमा मनाई। वैसे तो हर शिष्य के लिए गुरु हमेशा ही पूज्यनीय होते है पर आज का दिन सभी के लिए विशेष रहता है। मौसम खुला रहने के कारण सुबह से ही मठ,मंदिरों एवं आश्रमों में गुरु भक्तों की भीड लगी थी।सभी जगह शिष्यों ने नारियल फूलमाला,मीठा,वस्त्र आदि भेटकर गुरु का आशीर्वाद लिया। गुरु भी अपने शिष्यों को देखकर अतिप्रसन्न दिखे। जिस प्रकार शिष्य गुरु के दर्शन के लिये आतुर होते है उसी प्रकार गुरु भी शिष्यो को देखकर उनका हालचाल पूछते है दोनों का प्रेम आज सभी मठ मंदिरों में देखने को मिला। सपरिवार अपने अपने गुरुओं के दर्शन के बाद शिष्यो ने भंडारे का प्रसाद गृहण किया। सभी शिष्य गुरु की चरण रज पाने आतुर नजर आये

**लोढा सिद्धन धाम कुर्रो-** नगर का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लोढा सिद्धन धाम कुर्रो पिपरिया में शिष्यों ने श्री श्री 1008 बालसंत सीताराम शरण जू महाराज का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह भक्तों ने श्री सीताशरण जू महाराज के भी दर्शन किए एंव भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया ।

**कटावधाम में आयोजन-** धर्म स्थली कटाव धाम में सियाबल्लभ दास जी वेदांती महाराज का शिष्यों ने पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसमें हरिनाम सेवा समिति कटावधाम के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । संत श्री वत्स जी महाराज का भी उनके शिष्यों ने पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**शैलेश्वर धाम सैलवारा-** शैलेश्वर धाम सैलवारा में ब्रम्हलीन संत प्रकाशवन अवधूत जी महाराज की समाधी स्थल पर आज भक्तों का तांता लगा रहा भक्तों ने गुरु का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा संत कैलाशानंद जी महाराज के भी दर्शन किये। भक्तों ने विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

**भरभरा आश्रम में गुरु पूर्णिमा-** भरभरा भटिया आश्रम में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया यहां पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा श्री श्री 1008 संत श्री बनवारी दास जी महाराज का दूर दूर से आये शिष्यों ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजित भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



### सिद्ध पीठ दादा दरबार में लगा भक्तों का तांता

**बरेला।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बस स्टैंड स्थित सिद्ध पीठ श्री श्री 1008 दादा ठनठनपाल महाराज के दरबार में इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिर में भक्तों द्वाराप्रातः 9:00 बजे दादा जी का अभिषेक पूजन अर्चन चरण पादुका का पूजन, हवन आरती एवं महाप्रसाद वितरण किया गया । रात्रि में महा आरती , प्रसाद वितरण एवं रामधुन संकीर्तन दादाजी का महामंत्र जाप दादा भक्तों द्वारा किया गया। इस अवसर पर दूर दूर से दादा भक्त मंदिर में आए तथा उन्होंने पुण्यलाभ अर्जित किया।

### गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**जबलपुर।** गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन के निर्देशानुसार एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक शैक्षणिक कैलेंडर के अंतर्गत एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती वंदना से हुआ, इसके उपरांत विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर आरके अग्रवाल (जीएस महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक), विशिष्ट अतिथि डॉ. एसके मेहता (पीएसएम महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक), महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक, महाविद्यालय की भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. शशि दुबे, डॉ. हर्षिता शुक्ला सहित अन्य मंचासीन गणमान्यजनों का स्वागत श्रीफल भेंट कर किया गया।

# इमाम हुसैन की बारगाह में विशाल लंगर ए आम का आयोजन



**जबलपुर।** नया मुहल्ला स्थित बंद कुंआ प्रांगण में वरिष्ठ समाज सेवी पप्पू वसीम खान के संयोजन से हजरत इमाम हुसैन की बारगाह में विशाल लंगर ए आम का एहतेमाम किया गया। आयोजक पप्पू वसीम खान ने बताया कि ये लंगर ए आम विगत कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की सरपरस्ती हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती इम्तियाज उल कादरी साहब, सूफ़ी बाबा मेराज अहमद जमाली, सैय्यद हुसैन रब्बानी, सैय्यद कादिर अली कादरी ने की, सुबह शुरूआत में कुरान ख्वानी का एहतेमाम किया गया जिसके बाद शहर में अमन-शांति, भाईचारा कायम रहने की दुआ की गई।

# पावनखिंड दौड़ का आयोजन कल




**जबलपुर।** डॉ. जामदार ने पत्रकार वार्ता बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस बार 12 जुलाई को क्रीड़ा भारती एवं महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के तत्वावधान में वंदे मातरम चौक सिविक सेंटर से शिवाजी महाराज प्रतिमा तक पावनखिंड दौड़ का आयोजन किया जा रहा है, इस दिन शिवाजी के 600 मावले शिवाजी की पालकी लेकर पन्हाला से विशालगढ़ तक अस्त्र-शस्त्र से लैस होकर घनी अंधेरी रात में 65 किलोमीटर तक दौड़े थे यह घटना हिंदवी साम्राज्य के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई थी। पावनखिंड वह स्थान है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज के सेनापति बाजी प्रभु ने मुगल फोर्स से उनको बचाया था हजारों की सेना से लड़ते हुए बाजी प्रभु ने अंतिम सांस ली थी, इस जगह को छत्रपति शिवाजी महाराज ने पावनखिंड नाम दिया। उसी की याद में इस दौड़ का आयोजन किया जा रहा है, इस दौड़ में विभिन्न विद्यालय एवं क्रीड़ा केन्द्रों से लगभग 1200 बच्चे शामिल हो रहे हैं। पत्रकार वार्ता में क्रीड़ा भारती के नियामक मंडल के भीष्मसिंह राजपूत, क्षेत्र संयोजक अनंक डीके, प्रांत के कोष प्रमुख प्रकाश विस्पुटे, महानगर संरक्षक अनुराग सोनी एवं नीलेश रावत, महानगर अध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष प्रकाश धीरावाणी, महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के अध्यक्ष डॉ. जयंत टंकीवाले, सचिव प्रमोद पाठक, क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष विशाल बन्ने एवं अजय शुक्ला, विनोद पोद्दार, संजय सिंह, विवेक रंजन शुक्ला, प्रवीण गुप्ता, सुभाष माझी, अजय नामदेव, मुकेश प्रजापति (भूरा) एवं मातृ शक्ति में शुभांगी पचौरी, प्रीति त्रिपाठी, श्वेता सिंह आदि उपस्थित रहे।



# संस्कार भारतीय ने किया शिक्षक एवं कला साधकों का सम्मान

**बरेला।** रंगमंच एवं ललित कलाओं की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती बरेला इकाई द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के शिक्षक भैया जी साहू, शिव प्रसाद अग्रवाल, एवं कला साधक मुनीष जैन का संस्कार भारती द्वारा तिलक वंदन कर शाल श्रीपाल एवं संस्था का अभिनंदन पत्र से स्वागत किया। इस अवसर पर संस्कार भारती के जिला संयोजक महेश मानव मुनीष जैन दिनेश सोनी उदय राम साहू संतोष सरगम समर सिंह पटेल संदीप साहू (चिंटू) भगवान दास साहू (सोनी) विष्णु तिवारी अनिल जैन धर्मदास बैरागी मयंक साहू(मोंटी) निर्मल लोधी प्रकाश चक्रवर्ती रजनीश मांझी राजेश बर्मन सोनी पेंटर राहुल बैरागी दीपेश बैरागी सहित बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

# प्रभु प्रेमी संघ का गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न



**जबलपुर।** श्रद्धा, भक्ति और गुरु महिमा के भावों से ओतप्रोत गुरुपूर्णिमा महोत्सव का दिव्य आयोजन प्रभु प्रेमी संघ, जबलपुर द्वारा 10 जुलाई को श्री दत्त मंदिर परिसर, गोलबाजार में अत्यंत उत्साह एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन विश्ववंद्य ब्रह्मनिष्ठ जूनापीठाधीशवर आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज की गुरु परंपरा से जुड़े शिष्य परिवारों, श्रद्धालु भक्तों एवं धर्मप्रेमियों की उपस्थिति में अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10:00 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा गुरुचरणों में पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं भजनों की मधुर प्रस्तुतियों, प्रवचनों तथा गुरुकृपा के अनुभवों ने पूरे वातावरण को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का समापन दोपहर 12:00 बजे शांतिपूर्वक एवं सुसंगठित रूप में हुआ, जिसके पश्चात समस्त श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। इस पावन अवसर को भव्यता प्रदान करने में प्रभु प्रेमी संघ, जबलपुर के सेवाव्रती कार्यकर्ताओं, समर्पित श्रद्धालुजनों तथा समस्त सहयोगियों की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। संघ अध्यक्ष नवनीश जौहरी एवं डॉ. विजयकांत तिवारी द्वारा सभी श्रद्धालुओं का उपस्थिति एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# कर्मकांडी पंडितों का सम्मान कर मनाई गुरु पूर्णिमा



**मझौली।** टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसाइटी मझौली के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर नशा मुक्ति और युवा जागृति के उद्देश्य की पूर्ति हेतु विप्रकुल परिषद मझौली के सक्रिय सदस्य श्री प्रभुदत्त

के कुशल नेतृत्व में एवं टारगेट टीम के सभी सदस्यों द्वारा नगर मझौली के समस्त कर्मकांडी ब्राह्मणों का सम्मान कर गुरु पूर्णिमा मनाई गई। जिसमें नगर मझौली के ब्राह्मण पंडित अरुण तिवारी, केशव प्रसाद तिवारी, संतोष दुबे, राजीव लोचन दुबे, अभिनव दुबे, रामरूद्र तिवारी, नारायण प्रसाद दुबे, रामकेश दुबे, वेद तिवारी, रामलाल तिवारी, श्यामलाल तिवारी, श्रीकांत तिवारी, सुनील तिवारी, ललित परौहा का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में विप्रकुल परिषद के प्रभुदत्त दुबे, महेंद्र तिवारी एवं टारगेट टीम के अध्यक्ष आशीष तिवारी, शिवकुमार प्रजापति, लल्ला गोटियां (पूर्व सरपंच), दीपक तिवारी, उमाकांत कोष्टा बंटू ताम्रकार सहित सभी उपस्थित हुए।

# सीएम राइज स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**पाटन।** सीएमराइज विद्यालय में शासन के आदेश अनुसार गुरु पूर्णिमा का उत्सव उत्सव मनाया गया भगवती की पूजन के बाद प्राचार्य ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम आए हुए छात्र छात्राओं के अभिभावकों को श्री फल देकर सम्मानित किया एवं सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं को तिलक लगाकर उनका सम्मान बढ़ाया जिन विषय में शिक्षकों द्वारा सर्वाधिक परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को पेन डायरी देकर उनका मान बढ़ाया प्राचार्य अनुज सेन विशिष्ट अतिथि राजेश नायक पूर्व शिक्षक एवं सह संपादक ने उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा की महिमा का वर्णन किया और सभी को विद्यालय परिवार की ओर से अपना आशीर्वाद दिया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीतू दुबे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी द्वारा किया गया इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति रही।

### मेट्रो बंद होने से पास धारकों को हो रही परेशानी

**बरेला।** नगर से जबलपुर के बीच चलने वाली मेट्रो विगत 8 दिन से बंद हो गई है इसके कारण पास धारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानियपास धारकों ने बताया कि बगैर कोई सूचना के मेट्रो सेवा बंद कर दी गई है जिसके कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है बताया जाता है कि बरेला और जबलपुर के बीच दो मेट्रो बस चल रही थी इसके कारण यहां से आने जाने वाले छात्रों और स्थानीय लोगों को मासिक पास के कारण राहत मिल जाती थी किंतु वीगत 1 जुलाई से मेट्रो बस के बंद हो जाने से पास धारकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है तथा उन्हें अधिक किराया चुका कर जबलपुर से बरेला आना जाना करना पड़ रहा है ।मेट्रो बस के बंद हो जाने से छात्रों छात्रों और निर्मित जबलपुर आने जाने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है

## लोक सूचना नाम परिवर्तन

मैं धनराज मरावी आत्मज श्री हीरा लाल मरावी आयु 26 वर्ष, निवासी ग्राम पंचायत भिड़की, ग्राम अंडिया, बडखेरा (गंगई ) जबलपुर, जिला जबलपुर म.प्र. 482003 शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ ।मेरा भू-अभिलेख में धन्नू पिता हीरा पता दियाखेड़ा जबलपुर म.प्र. दर्ज है । मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम धनराज मरावी दर्ज है। मेरा नाम धनराज मरावी के स्थान पर धन्नू हो गया है, और मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है।

## लोक सूचना नाम परिवर्तन

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं धनिया बाई आत्मजा श्री हीरा लाल आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम तिनहटा, नीची, जबलपुर, जिला जबलपुर म.प्र. 482003 शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ । मेरा भू-अभिलेख में गुड्डी पिता हीरा लाल पता ग्राम तिनहटा, नीची, दर्ज है। मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम धनिया बाई दर्ज है। यह कि मेरा नाम धनिया बाई के स्थान पर गुड्डी हो गया है, और मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है।






**श्रीमती ललिता बाई लोधी-** आमनपुर गौरैय्या प्लॉट निवासी श्रीमती ललिता बाई लोधी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। वे स्व. टी.एस. लोधी की धर्मपत्नी, दिलीप (खलीफा), प्रदीप, राजू लोधी की माता जी थीं। जिनकी अंतिम यात्रा आज 11/07/25 शुक्रवार को गुप्तेश्वर मुक्ति धाम जाएगी।

**श्री संजय लोधी-** कवर्धा हाउस पुल नं. 2 निवासी श्री राम आसरे लोधी के पुत्र श्री संजय लोधी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला प्रजापति-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सुनील प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती विमला प्रजापति का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद रजक-** ग्राम आगासोद पाटन रोड निवासी श्री जगदीश प्रसाद रजक (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला खताबिया-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री राजकुमार खताबिया की धर्मपत्नी श्रीमती शीला खताबिया (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दूधनाथ राय-** गौरीघाट रोड पोलीपाथर आकाश गंगा के पीछे निवासी श्री दूधनाथ राय (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय सोनकर-** बड़ी ओमती तिलक वार्ड निवासी श्री विजय सोनकर (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लक्ष्मी प्रसाद पटेल-** अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद पटेल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्री राकेश कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राकेश कोल (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक कुमार पांडे-** आनंद नगर अधारताल निवासी श्री अशोक कुमार पांडे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राधेश्याम जोशी-** अम्बेडकर कॉलोनी दमोहनाका निवासी श्री राधेश्याम जोशी (78)का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती स्नेहलता पसीने-** रांझी चंदन कॉलोनी निवासी श्री आरआर पसीने की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता पसीने (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में विगत दिवस संपन्न हुआ।

**श्री सुधीर विश्वकर्मा-** बुढ़ागर पनागर निवासी श्री सुधीर विश्वकर्मा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में विगत दिवस किया गया।




### जबलपुर मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव संपन्न

**जबलपुर।** जबलपुर मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना सन 2000 में (राजस्थान से सम्बद्ध जैन, अग्रवाल, खण्डेलवाल, माहेश्वरी एवं ब्राह्मण) घटक के सदस्यों ने मिलकर की थी। यह सुदृढ़ एवं संगठित सम विचारों वाली एवं संस्कृति की संस्था है। गत दिवस हुये चुनाव में मार्गदर्शक एवं संरक्षक मंगलचंद टॉटिया, विजय भूरा, रामअवतार सारडा द्वारा अध्यक्ष श्यामसुन्दर माहेश्वरी (जेठा), सचिव शरद डागा एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु अशोक जोशी को चयनित किया गया।

## लोक सूचना नाम परिवर्तन

मैं अभिमन्यु आत्मज श्री हीरा लाल आयु 25 वर्ष निवासी नीची, ग्राम तिनहटा, जबलपुर, जिला जबलपुर म.प्र. 482003 शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ । मेरा भू-अभिलेख में मन्नू पिता हीरा लाल पता नीची, ग्राम तिनहटा जबलपुर म.प्र. दर्ज है। मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अभिमन्यु दर्ज है। मेरा नाम अभिमन्यु के स्थान पर मन्नू हो गया है, और मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/2025-26
दिनांक:- 10/07/2025

## भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति माया बाई साहू पति श्री प्रीतम साहू ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 1364 ध1 कब्रिस्तान के बाजू से सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000446995 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 400 व.फु. आर.सी.सी. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र, रिलीज डीड/ बंटवारानामा, शपथपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति मीना बाई साहू पति स्व. रामधनी साहू का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/2025-26
दिनांक:- 10/07/2025

## भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ट्रेसीना फिलिप्स पति कैनेथ फिलिप्स ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अंवती बाई के भवन क्रमांक 408 बी कटारिया थीम पार्क तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000383975 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल चतुर्थ मंजिल 1200 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति मयंक चौबे पिता डॉ. राजीव रतन चौबे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

## खबर संक्षेप

### सोना 250 रुपए बढ़ा चांदी के भाव स्थिर



**नई दिल्ली।** निवेशकों और स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 98,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### एलआईसी में अपनी अल्पांश हिस्सेदारी बेचेगी सरकार



**नई दिल्ली।** सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में और हिस्सेदारी बेचने पर काम कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सरकार के पास वर्तमान में एलआईसी में 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उसने मई, 2022 में आईपीओ के माध्यम से 902-949 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे पर 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी।

### रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच शीघ्र ही किसी समझौते पर पहुंचने की उम्मीद के बीच रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बढ़त के साथ बंद हुआ।

### हीरो मोटोकॉर्प के कौशल्या बने मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने कौशल्या नंदकुमार को तत्काल प्रभाव से उभरती हुई व्यावसायिक इकाई का मुख्य कारोबार अधिकारी नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इस भूमिका में वह कार्यकारी चेयरमैन पवन मुंजाल के अधीन काम करेंगी। इसमें कहा गया, कौशल्या नंदकुमार के पास मोटर वाहन, इलेक्ट्रिक परिवहन, डिजिटल इनोवेशन और सामाजिक प्रभाव क्षेत्रों में लगभग दो दशकों का अनुभव है। कौशल्या नंदकुमार, स्वदेश श्रीवास्तव की जगह लेंगी जिन्होंने दोपहिया वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी से इस्तीफा दे दिया है।

# 'एनवीडिया' भारत की जीडीपी से ज्यादा वैल्यूएबल हुई, एप्पल-माइक्रोसॉफ्ट सबको पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चिप निर्माता एनवीडिया ने बुधवार को 4 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 335 लाख करोड़ रुपए) की बाजार पूंजीकरण हासिल कर इतिहास रच दिया, और यह विश्व की पहली सार्वजनिक कंपनी बन गई जिसने यह उपलब्धि हासिल की। इस मील के पत्थर ने एनवीडिया को वॉल स्ट्रीट की सबसे पसंदीदा कंपनियों में शीर्ष पर स्थापित कर दिया। कंपनी के शेयर 2.5 प्रतिशत की उछाल के साथ 164 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए, जिसका मुख्य कारण कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग है।

■ एआई की मांग ने ग्राफिक्स और डेटा सेक्टर में दी जबरदस्त बढ़त

## एनवीडिया बना दुनिया की पहली 4 ट्रिलियन डॉलर वैल्यू वाली कंपनी

### जून 2023 में पहली बार 1 ट्रिलियन डॉलर पूंजीकरण पहुंचा था

एनवीडिया ने जून 2023 में पहली बार 1 ट्रिलियन डॉलर का बाजार मूल्य हासिल किया था, और मात्र दो वर्षों में यह चार गुना बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यह वृद्धि एप्पल और माइक्रोसाफ्ट जैसी दिग्गज कंपनियों की तुलना में कहीं अधिक तेज रही, जो 3 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मूल्य वाली अन्य अमेरिकी कंपनियां हैं। वर्तमान में माइक्रोसाफ्ट का बाजार पूंजीकरण 3.75 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि एप्पल 3.13 ट्रिलियन डॉलर पर है।




### चुनौतियों के बावजूद उड़ान

इस साल की शुरुआत में एनवीडिया को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, खासकर जब चीन की स्टार्टअप डीपसैक ने कम लागत वाले एआई मॉडल पेश किए, जिससे निवेशकों में एआई-संबंधित शेयरों की कीमत को लेकर चिंता बढ़ी। इसके अलावा, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीतियों ने वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा की। फिर भी, एनवीडिया ने अप्रैल के निचले स्तर से 74 प्रतिशत की शानदार वापसी की और निवेशकों का भरोसा जीता।

### बाजार पर प्रभाव

एनवीडिया की इस उपलब्धि ने अमेरिकी शेयर बाजारों को भी नई ऊर्जा दी। बुधवार को नैस्डैक, एसएंडपी 500, और डॉव जोन्स जैसे प्रमुख सूचकांकों में भी तेजी देखी गई। एनवीडिया अब एसएंडपी 500 इंडेक्स का 7.5% हिस्सा है, जो इसकी ऐतिहासिक प्रभावशीलता को दर्शाता है।

### अभी नहीं रुकेगी ग्रोथ

विश्लेषकों का मानना है कि एनवीडिया की वृद्धि अभी थमने वाली नहीं है। वेडबश के विश्लेषक डैन इव्स ने इसे "ऐतिहासिक क्षण" करार देते हुए कहा कि अगले 18 महीनों में कंपनी 5 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की ओर बढ़ सकती।

## व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार ने दी जानकारी

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है भारत: अग्रवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को बातचीत के जरिये अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। अग्रवाल प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार भी हैं।

इस समझौते के पहले चरण को इस साल शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे पहले, दोनों देश एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि भारत ने अबतक 26 देशों के साथ 14 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) लागू किए हैं।

### हम प्रमुख बाजारों के साथ जुड़ रहे

अग्रवाल ने यहां 'एक्सपोर्ट लॉजिस्टिक' पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, '' अब हम प्रमुख बाजारों के साथ जुड़ रहे हैं...हमने हाल ही में ब्रिटेन के साथ एक समझौता किया है। हम यूरोपीय संघ के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में हैं। हम अमेरिका के साथ भी समझौते पर बातचीत कर उसे

### समझौते के पहले चरण को शरद ऋतु तक पूरा करने का लक्ष्य

### दोनों देश समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे

### भारत ने अब तक 26 देशों के साथ 14 से अधिक एफटीए लागू किए

### चिली, पेरू व लातिनी अमेरिकी देशों से बातचीत जारी

मुख्य वार्ताकार ने कहा कि भारत, चिली और पेरू सहित लातिनी अमेरिकी देशों के साथ भी व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। अग्रवाल ने कहा, '' हमने ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ व्यापार समझौता किया है। हम न्यूजीलैंड के साथ बातचीत कर रहे हैं... हम प्रमुख व्यापारिक साझेदारों तथा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापक स्तर पर जुड़े रहे हैं... इससे भारत के लिए भी वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बनने के बड़े अवसर उत्पन्न होंगे।''



*लॉजिस्टिक लागत कम करने पर काम : अग्रवाल ने कहा, '' हमारे शुल्क में द्विपक्षीय रूप से कटौती की जाएगी... लोग शुल्क और नियामक परिदृश्य का अनुमान लगाने की क्षमता के आधार पर दीर्घकालिक निवेश निर्णय लेने में सक्षम होंगे... इसमें लॉजिस्टिक भी एक प्रमुख निर्धारक होगा।''*

### भारत का निर्यात व आयात 1,150 अरब डॉलर पार कर गया

मुख्य वार्ताकार ने कहा कि भारत का निर्यात एवं आयात 1,150 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है, इसलिए ''लॉजिस्टिक महत्वपूर्ण है।''मुख्य वार्ताकार ने कहा कि आने वाले वर्षों में विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को 10 प्रतिशत तक बढ़ाने में लॉजिस्टिक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वर्तमान में इसकी हिस्सेदारी करीब दो प्रतिशत है।

### 70 फीसदी व्यापार जीवीसी द्वारा संचालित

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों, विनियमनों के सामंजस्य और कुशल लॉजिस्टिक परिवेश से शुल्क में कमी ने पिछले दो से तीन दशक में वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) को मजबूत करने में मदद की है। वर्तमान में, 70 प्रतिशत वैश्विक व्यापार जीवीसी द्वारा संचालित होता है।

### लॉजिस्टिक परिवेश तंत्र का महत्व बढ़ रहा

अग्रवाल ने कहा, '' हमने वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकरण तो कर लिया है, लेकिन इसमें हमारी भागीदारी अब भी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बहुत कम है। उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि यात्रा के साथ वस्तुओं की प्रकृति बदलने से मजबूत लॉजिस्टिक परिवेश तंत्र का महत्व बढ़ता जा रहा है।

# गोल्ड ईटीएफ में निवेश जून में बढ़कर 2,081 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ पांच माह के उच्चस्तर पर पहुंचा

■ शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ा

सोने में निवेश के माध्यम 'गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड' (ईटीएफ) में जून के दौरान 2,081 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ। यह पिछले पांच माह में सबसे अधिक मासिक निवेश है। उद्योग निकाय एम्फी ने यह जानकारी दी है।

सोने की कीमतों में मजबूती, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ा है। गोल्ड ईटीएफ एक प्रकार का निवेश साधन है जो सोने को भौतिक रूप में खरीदे बिना ही कीमती धातु में निवेश करने का मौका देता है। इसे शेयरों की ही तरह खरीदा और बेचा जा सकता है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, गोल्ड ईटीएफ में निवेश जून के दौरान खासी बढ़त के साथ 2,081 करोड़ रुपये रहा। मई के दौरान इसमें 292 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था जबकि अप्रैल के दौरान छह करोड़ रुपये और मार्च में 77 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ था। इसके साथ ही कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध निवेश 8,000 करोड़ रुपये को पार कर गया।

इस निवेश के कारण जून में इस श्रेणी की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां लगभग चार प्रतिशत बढ़कर 64,777 करोड़ रुपये हो गईं जबकि मई में यह 62,453 करोड़ रुपये थीं।

### गोल्ड ईटीएफ खातों की संख्या बढ़कर 76.54 लाख

जून में यह निवेश जनवरी के बाद का सबसे अधिक मासिक निवेश है। जनवरी, 2025 के दौरान गोल्ड ईटीएफ में 3,751 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। जून में दो नए गोल्ड ईटीएफ पेश किए गए, जिनसे कुल मिलाकर 41 करोड़ रुपये जुटाए गए। समीक्षाधीन महीने में गोल्ड ईटीएफ के खातों की संख्या बढ़कर 76.54 लाख हो गई जबकि मई में यह आंकड़ा 73.69 लाख था। यह सोने से संबंधित कोषों के प्रति निवेशकों के बढ़ते रुझान को दर्शाता है।

# एलआईसी की व्यक्तिगत प्रीमियम आय बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की व्यक्तिगत प्रीमियम खंड से आय जून में 14.60 प्रतिशत बढ़ी है। जीवन बीमा परिषद के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि निजी क्षेत्र की सभी जीवन बीमा कंपनियों की कुल प्रीमियम आय में इस दौरान 12.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एलआईसी ने जून, 2025 में व्यक्तिगत प्रीमियम के रूप में 5,313 करोड़ रुपये एकत्र किए, जबकि निजी क्षेत्र की 25 कंपनियों ने कुल मिलाकर 8,408 करोड़ रुपये जुटाए। एलआईसी द्वारा इस दौरान जारी की गईं कुल पॉलिसी की संख्या 12.49 लाख रही, जो पिछले वर्ष की इसी



■ प्रीमियम आय जून में 14 .6 प्रतिशत बढ़ी

अवधि में 14.65 लाख थी। व्यक्तिगत पॉलिसियों की श्रेणी में, एलआईसी ने जून, 2025 के लिए 12.48 लाख पॉलिसियां जारी कीं, जबकि 2024 में इसी माह में यह संख्या 14.62 लाख थी। समूह पॉलिसियां जून में 1,290 हो गईं, जो पिछले साल इसी माह में 2,827 थीं। समूह प्रीमियम आय में, एलआईसी ने 22,087 करोड़ रुपये कमाए, जो पिछले साल जून की तुलना में सात प्रतिशत कम है।

### निजी क्षेत्र की प्रीमियम आय घटी

निजी क्षेत्र की कंपनियों की समूह प्रीमियम आय 19 प्रतिशत घटकर 5,315 करोड़ रुपये रह गई। जून में एलआईसी की कुल प्रीमियम आय 3.43 प्रतिशत घटकर 27,395 करोड़ रुपये रह गई। निजी क्षेत्र की कंपनियों की कुल प्रीमियम आय 2.45 प्रतिशत घटकर 13,722 करोड़ रुपये रही।

# सरकार से आयातित पुस्तकों पर से शुल्क हटाने का आग्रह

**नई दिल्ली।** प्रकाशन उद्योग ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से आयातित पुस्तकों पर लग रहे पांच प्रतिशत आयात शुल्क को समाप्त करने का आग्रह किया है। सरकार ने वित्त वर्ष 2019-20 के बजट में देश में घरेलू प्रकाशन और मुद्रण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आयातित पुस्तकों पर पांच प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने की घोषणा की थी। प्रकाशन उद्योग लंबे समय से इसे वापस लेने की मांग कर रहा है। दिल्ली स्टेट बुक सेलर्स एंड पब्लिशर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिमांशु चावला ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, संगठन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आयातित पुस्तकों पर पांच प्रतिशत शुल्क समाप्त करने का आग्रह किया है।

इस आयात शुल्क से सरकारी राजस्व में कोई बहुत बढ़ोतरी नहीं हुई है न ही इससे विदेशी प्रकाशक वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी किताबों को भारत में प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। चावला ने कहा, ''ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया आदि विकसित देशों में भारत समेत विभिन्न देशों से किताबों के आयात पर कोई शुल्क नहीं है।''

चावला ने कहा, ''भारत के इस तरह आयात शुल्क लगाने से ये देश भी किताबों पर आयात शुल्क लगा सकते हैं जिससे देश के प्रकाशन उद्योग के निर्यात पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इससे विदेशी राजस्व संग्रह और रोजगार प्रभावित होंगे।'' वर्तमान में भारत में आयात की जा रही पुस्तकें मुख्य रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा पर आधारित हैं।

### ओयो का यात्रा पेशकशों के लिए यात्रा के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा मंच ओयो ने यात्रा एजेंट मंच यात्रा के साथ साझेदारी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। ओयो ने कहा कि इस साझेदारी का मकसद व्यावसायिक यात्रा पेशकशों का विस्तार करना और 'बिजनेस ट्रैवल' खंड में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। ओयो के 500 से अधिक कंपनी सेवा प्राप्त होटल पहली बार यात्रा के मंच पर शामिल हो चुके हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि ओयो इस वर्ष सितंबर तक यात्रा मंच पर बुकिंग के लिए कंपनी के 1,000 और होटल जोड़ने की योजना बना रही है। ओयो के मुख्य परिचालन अधिकारी वरुण जैन ने कहा, 'हालांकि प्रत्यक्ष मांग, अब भी हमारा मुख्य आधार बनी हुई है जिसका हमारे कुल कारोबार में करीब 80 प्रतिशत का योगदान है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म.प्र.)**

प्रकाशन क्र. 008 / 2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त )** — दिनांक 08.07.2025

म. प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यो की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं :-

| स.क्र. | निविदा सूचना क्र. / दिनांक | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रु. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.) | ऑन लाइन निविदा क्रय/प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 038/ 08.07.2025 | 2025_PHED_ 435689_1 | Drilling Of 200/150mm Dia and 120 Mtr Ordinary Tubewell Deep T.W. in Villages Of block Narsinghpur District NARSINGHPUR Number of Tube wells- 15, (1st Call ) | 14.70 | 29400.00 | 2000.00 | 23.07.2025 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 039/ 08.07.2025 | 2025_PHED_ 435694_1 | Drilling Of 200/150mm Dia and 120 Mtr Ordinary Tubewell Deep T. W. in Villages Of block Gotegaon District NARSINGHPUR Number of Tube wells – 15, ( 1st Call ) | 14.70 | 29400.00 | 2000.00 | 23.07.2025 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

G-15420/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड नरसिंहपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर**

सूचना क्रमांक : का.यं. /निविदा/2025/633 — दिनांक :- 09/07/2025

**निविदा संशोधन सूचना**

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर कार्यपालन यंत्री कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना क्रमांक का.यं./निविदा/2025/546 दिनांक 25/06/2025 निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। निविदा प्रपत्र की (हार्ड कॉपी) कार्यालय में जमा करने की अंतिम की तिथि 11/07/2025 से बढ़ाकर 16/07/2025 सांय 05 :00 बजे तक की जाती है। अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

IPRO/EE/ 2025/51 (कार्यपालन यंत्री ज.ने.कृ.वि.वि., जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

लोककर्म विभाग / / द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है के लिये ऑनलाईन निविदायें है

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro- 329 Date- 10/07/2025<br>2025_UAD_436457_1 | वार्ड क्र. 74 के अंतर्गत कुदवारी श्मशान घाट में शव दहन क्रिया हेतु शेड निर्माण एवं शेड के चारों ओर पेवर ब्लाक निर्माण कार्य। | 02 माह<br>06.29 लाख | 2000/-<br>6295/- | 28/07/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग) नगर निगम जबलपुर

**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है।, **निविदा सूचना क्रमांक** : निविदा सूचना क्र जबल/एल/टी न15/2025 दिनांक 04.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : जबलपुर संभाग में गुड्स शेड विकास कार्य (i) घाट पिंडरई में गुड्स शेड विकास का प्रावधान (ii) कैमा में गुड्स शेड का विकास।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में)** : रूपये ₹ 1,22,98,055.73, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये में)** : ₹ 0.00/-, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है** : वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रूपये** : ₹ 2,11,500.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष)** : 12 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक)** : 28.07.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक)** : 28.07.2025, **नोट-** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउन लोड की जा सकती है।

(हस्ता.) वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वनमंडल खैरागढ़**

**काष्ठागार ठेलकाडीह का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल खैरागढ़ अधिनस्थ अस्थायी डिपो ठेलकाडीह में उपलब्ध नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल एवं अस्थायी डिपो ठेलकाडीह से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक :- 18.07.2025 नीलाम समय - दोपहर 02 :00 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज (काष्ठ) | | | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| सागौन | 250.260 | 704 | 2743 | 398.172 | 432 | 1765 |
| बीजा | 23.120 | 0 | 0 | 183.709 | 0 | 0 |
| साजा | 109.233 | 0 | 0 | 61.130 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 35.699 | 0 | 0 | 14.939 | 0 | 0 |
| हल्दु, मुंडी | 37.778 | 0 | 0 | 11.205 | 0 | 0 |
| तिन्सा | 18.033 | 0 | 0 | 7.136 | 0 | 0 |
| खम्हार | 0 | 0 | 0 | 0.228 | 0 | 0 |
| कसही | 13.877 | 0 | 0 | 64.962 | 0 | 0 |
| भिरहा | 19.821 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| शिशम | 0.379 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अन्य | 88.312 | 0 | 0 | 1.705 | 124 | |
| योग | 596.512 | 704 | 2743 | 743.186 | 556 | 1765 |

पिपरिया डिपो के नये लाट जलाऊ चट्टा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 345 चटटा |

पिपरिया डिपो के औद्योगिक बांस नया

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | औद्योगिक बांस | 2 मी. एवं 1 मी. साईज | 156.576 नो. टन |

:टीप :- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके 'देख सकते हैं। 4. प्रत्येक लॉट 30 सेकंड की अवधि के लिए बोली लगाने के लिए लाइव रहेगा बशर्ते कि अंतिम 20 सेकंड में लॉट में कोई बोली प्राप्त हो। यदि अंतिम 20 सेकंड में कोई बोली प्राप्त नही होती है, तो लॉट बंद कर दिया जाएगा तथा बोली के लिए अगला लॉट खोला जाएगा।

G-252602115/2 वनमंडल अधिकारी, खैरागढ़ वनमंडल खैरागढ़

**पश्चिम मध्य रेल**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारतसंघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियन्ता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती हैं, **निविदा सूचना क्रमांक** : डीआरएमडब्लू-जेबीपी-106-2025 दिनांक 07.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) सेक्शन के अंतर्गत बीना-कटनी सेक्शन पर यार्डों में सुधार के संबंध में सीटीआर-1.81 किमी. टीबीआर 22.975 किमी टीटीआर एफएस+, टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएस) 1/12-28 नग, 1/8.5-20 नग, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)1/12-13 नग, 1/8.5 -9 नग का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य** : ₹ 5,19,37,867/-, **बयाना राशि रूपये** : ₹ 4,09,700/-, **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय (15.00 बजे तक)** : 01.08.25, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि** : 01.08.25, **नोट-** उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.सू.क्र./30/ व.ले.लि./का.यं. / लो.स्वा.यां. / 2025 **-: निविदा आमंत्रण सूचना :-** डिण्डौरी, दिनांक 30.06.2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत Reviesd Work of Existing pipe water supply scheme हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 02.07.2025 को शाम 16.50 बजे से दिनांक 16.07.2025 शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।


| स. क्र. | ई निविदा क्र. | नि.सू. क. | वि.खं. / जिला | विवरण | अनु.लागत (PAC) (रू. | धरोहर राशि (PAC) ( रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रू. में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PHED _43433_1 | 30 | बजाग | Revised Work of Existing pipe water supply scheme at Village Gadasarai G a n n a g u d a , Majhiyakhar Mal, Shobhapur Block-Bajag Distt. Dindori | 118.18 | 118180.00 | 12500.00 | प्रथम आमंत्रण |

G- 15406/25 कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी ( म.प्र.)

चिंतन

# मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण असंवैधानिक नहीं

हर बात का विरोध करने करने वाले विपक्ष को सुप्रीम झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है। चुनाव आयोग ने जब से बिहार में एसआईआर योजना शुरू की है, तब से विपक्ष ने इसे रोकने के हर तरह के हथकंडे अपनाए। इसी कड़ी में आखिरकार मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया। विपक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को 'संवैधानिक दायित्व' बताया। विपक्षी दल ने संविधान का उल्लंघन बताते हुए इस कवायद का तीखा विरोध किया था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। जैसा कि चुनाव आयोग ने अपनी सफाई में कहा है कि यह उसका देशभर का कार्यक्रम है, लेकिन शुरू बिहार से किया गया है, तो शीर्ष अदालत का प्रश्न जायज है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले क्यों? चुनावों के समय ही चुनाव आयोग को एसआरआई कवायद शुरू करने की जरूरत क्यों पड़ती है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ईमानदारी पर न आवाम को संदेह है और न ही सुप्रीम कोर्ट को, क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है, लेकिन इस प्रक्रिया को बहुत पहले शुरू करना चाहिए था। अब चूंकि नवंबर तक विधानसभा चुनाव पूर्ण होने हैं, ऐसे में चुनाव आयोग के पास एसआईआर को पूर्ण करने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। ऐसे में सुप्रीम चिंता जायज है। 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी पहचान सत्यापित कर दी है और उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है कि "हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए, साथ ही, हम उन्हें वह भी नहीं करने देंगे जो उन्हें नहीं करना चाहिए।" सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से कहा कि आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर पूरा करना नामुमकिन जैसा है। विशेष गहन पुनरीक्षण महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस कवायद को न्यायोचित ठहराया है, इसे सकारात्मक रूप में रखा जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए और 'आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। पिछली बार ऐसी कवायद 2003 में की गयी थी। 22 वर्ष बाद फिर हो रही है। राज्य में कई नए पात्र मतदाता होते हैं, जिनका नाम जुड़ना चाहिए, कई लोगों की मृत्यु हो जाती है, इसके साथ ही कई लोग पलायन कर जाते हैं। भारत में घुसपैठ भी बड़ी समस्या है, इसलिए मतदान सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण आवश्यक हैं। लेकिन चुनाव आयोग को यह काम ठीक चुनाव से पहले करने के बजाय समय रहते शुरू करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि चुनाव आयोग जो भी कर रहा है, वह संविधान के दायरे में है, ऐसे में विपक्ष का राजनीतिक विरोध निरर्थक है। निर्वाचन आयोग ने यह आश्वस्त किया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।




सामरिक
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# उन्नत सैन्य शक्ति बनना जरूरी

पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है।

यकीनन इस समय भारत का नई वैश्विक आर्थिक शक्ति और उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। 4 जुलाई को भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान को हराया है, बल्कि पाकिस्तान को परोक्ष रूप से हरसंभव सहायता देने वाले चीन और तुर्किए को भी हराया है। यद्यपि हाल ही में एक जुलाई से 31 जुलाई तक एक माह के लिए पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनने के बाद वह कोई विशेष शक्ति तो नहीं रखता है, फिर भी उसने भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के कदम उठाने शुरू किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हुई है।

पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस नए सार्क में दक्षिण एशिया के अन्य देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इजरायल- ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत-पाक संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है और शक्ति से भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं,अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी- कारोबारी और और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में 24 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने आर्थिक और सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। वस्तुतः ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की है। ऐसे में भारत दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से मुकाबले के लिए एआई तकनीकों और उन्नत परमाणु हथियारों के शक्ति संपन्न देश बनने की संभावनाओं को साकार कर सकता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत



को वैश्विक आर्थिक शक्ति बना सकती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले दिनों दुनिया को हिलाने वाले इजरायल और ईरान के बीच भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से युद्ध की आर्थिक चुनौतियों के बीच सक्षम बनकर मजबूती के साथ खड़ा रहा है। जहां इस युद्ध से दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, व्यापार में कमी, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट का परिदृश्य उभरकर दिखाई दिया, वहीं भारत इन सब मुश्किलों के मद्देनजर बेहतर स्थिति में बना रहा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं गिरा।

भारत का बड़ा घरेलू बाजार, निर्यात पर कम निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती क्रय शक्ति, मेक इन इंडिया और कृषि क्षेत्र में ऊंची सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूती स्थिति में रखा है। युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े हैं और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई देगा। ऐसे में अब भारत को दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। सूक्ष्म,लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) तेज विकास व रोजगार के लिए एक कारगर हथियार बन सकते हैं । देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) बढ़ाकर व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकती हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, जीएसटी और लॉजिस्टिक सुधार के साथ- साथ आर्थिक और वित्तीय सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। अब भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत नए मुक्त व्यापार समझौतों और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों से व्यापार घाटे में कमी लाने के प्रयास करने होंगे। भारत के द्वारा ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ-साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। निश्चित रूप से इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते हैं। भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत के द्वारा परमाणु हथियारों को उन्नत किया जाना भी जरूरी है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह पराजित होकर चीन की मदद से अपने परमाणु हथियारों को उन्नत करने की कोशिश में जुट गया है ऐसे में दो शत्रु देश चीन और पाकिस्तान के साथ होने से भारत के लिए एआई, साइबर तकनीक और मिसाइल रक्षा जैसी नई तकनीकों से उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर से भारत के लिए जो उम्मीदों भरे आर्थिक-सामरिक सबक निकले हैं, उनके मद्देनजर भारत को आर्थिक शक्ति, एआई की नई तकनीकों और उन्नत परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बनाने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

बढ़ती आबादी
अरविंद जयतिलक



# प्रभावी जनसंख्या नीति की दरकार

भारत चीन को पछाड़कर दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है। जहां चीन की आबादी 142.57 करोड़ है, वहीं भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो चुकी है। गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के आंकड़ों में कहा गया था कि चीन के मुकाबले भारत में 30 लाख से अधिक लोग हैं। यह पहली बार है जब भारत जनसंख्या सूची में शीर्ष पायदान पर है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के राज्य केरल और पंजाब में बुजुर्गों की संख्या अधिक है, वहीं बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी सर्वाधिक है। भारत की आबादी आने वाले तीन दशकों तक बढ़ती रहेगी और उसके बाद घटनी शुरू होगी। यानि 2050 तक भारत की आबादी 166 करोड़ के पार पहुंच सकता है। उधर, चीन की आबादी घटकर 131.7 करोड़ रह जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक जब दुनियाभर में जनसंख्या बढ़ने की गति धीमी पड़ रही है, वहीं भारत में सालभर में आबादी 1.56 फीसद बढ़ी है। भारत में जनसंख्या वृद्धि इसलिए है कि नवजात, शिशु और बाल मृत्यु दर में गिरावट आयी है। एक आंकड़े के मुताबिक 2012 में एक वर्ष के कम उम्र के बच्चों की मौत की दर 42 प्रति हजार थी, जो 2025 में घटकर 24.98 प्रति हजार रह गयी है। यह रेखांकित करता है कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं लेकिन बढ़ती आबादी के मुताबिक अर्थव्यवस्था को आकार देना बेहद जरूरी है। इस जनसंख्या वृद्धि का सकारात्मक पहलू यह है कि भारत दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश बन चुका है लेकिन एक सच यह भी है कि बढ़ती जनसंख्या के सापेक्ष संसाधनों की कमी और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां बढ़ेंगी। इसलिए कि अनुकूलतम जनसंख्या के बिना विकास के अपेक्षित लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। सच तो यह है कि विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या की यह तीव्र वृद्धि आर्थिक विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर रही है और कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। भारत में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि, मकानों की समस्याएं, कीमतों में वृद्धि, कृषि विकास में बाधा, बचत तथा पूंजी निर्माण में कमी, जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय, अपराधों में वृद्धि तथा शहरी समस्याओं में वृद्धि जैसी ढेर सारी समस्याएं उत्पन हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। देश में पूंजीगत साधनों की कमी के कारण रोजगार मिलने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। गौर करें तो रोजगार न मिलने के दो कारण हैं।

एक, यह कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां लगातार सिकुड़ रही हैं वहीं दूसरी ओर प्राइवेट क्षेत्र में उन्हीं लोगों को रोजगार मिल रहा है जिन्हें कारोबारी प्रशिक्षण हासिल है। सबसे अधिक बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में है। अगर गांव के पढ़े-लिखे नौजवानों को बागवानी, पशुपालन, पौधरोपण, कृषि यंत्रों की मरम्मत के संबंध में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए तो बेरोजगारी से निपटने में मदद मिलेगी। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण कुपोषण की समस्या भी लगातार सघन हो रही है। यूनाइटेड नेशन के फुड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या से जुझने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इफको की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। गौर करें तो कुपोषण वास्तव में घरेलू खाद्य असुरक्षा का सीधा परिणाम है। लोगों तक खाद्य की पहुंच सुनिश्चित करके ही कुपोषण को मिटाया जा सकता है। भारत में कुपोषण का सर्वाधिक संकट महिलाओं को झेलना पड़ रहा है। हर वर्ष लाखों गर्भवती महिलाएं उचित पोषण के अभाव में दम तोड़ रही हैं। दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में सबसे बुरी स्थिति में है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत जनसंख्या की तीव्र वृद्धि को रोकने के लिए नई जनसंख्या नीति को आकार दे। इस पर गहनता से विचार करे कि आखिर भारत के लिए अनुकूलतम जनसंख्या क्या हो? अभी तक जितनी भी राष्ट्रीय जनसंख्या नीति बनी है, उसका सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला। 1976 की राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के तहत जन्म दर तथा जनसंख्या वृद्धि में कमी लाना, विवाह की न्यूनतम आयु में वृद्धि करना, परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना तथा स्त्री शिक्षा पर विशेष जोर देना इत्यादि का लक्ष्य रखा गया था। कमोवेश इसी तरह का उद्देश्य और लक्ष्य वर्ष 2000 की नई राष्ट्रीय नीति में भी रखा गया, लेकिन जिस गति से आबादी में इजाफा हो रहा है वह बेहद चिंताजनक है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित
दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

## गुरु ज्ञान से किसी भी की सोच बदल सकता है



संकलित
प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में किताना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

सटाका




आज की पाती


### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरी सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *-मुकेश चन्द्राकर, धमतरी*

करंट अफेयर


## द. अफ्रीका में भारतीय मजदूरों की स्मृति में स्मारक निर्माण

दक्षिण अफ्रीका में 1860 में डरबन तट पर उतरे पहले गिरमिटिया मजदूरों की स्मृति में एक स्मारक का निर्माण शुरू हो गया है। इस स्मारक के निर्माण पर फैसला लगभग एक दशक पहले लिया गया था। इस स्मारक के निर्माण के लिए धन क्वाज़ुलु-नटाल (केजेडएन) प्रांत की प्रांतीय सरकार कर रही है। दक्षिण अफ्रीका की लगभग 18 लाख भारतीय मूल की दो-तिहाई से अधिक आबादी इस प्रांत में निवास करती है। शुरुआत में स्मारक में एक मेहराब के अंदर एक घंटाघर बनाने की योजना थी, जो गन्ने के खेत में काम करने वाले उन गिरमिटिया मज़दूरों के उस कठिन परिश्रम का प्रतीक था जो उन्हें सुबह से शाम तक तब तक करना पड़ता था जब तक कि घड़ी की सूई दिन के अंत का संकेत न दे दे। लेकिन स्थानीय भारतीय समुदाय में असहमति के बाद अंततः इस बात पर आम सहमति बनी कि स्मारक के चबूतरे पर एक पुरुष, महिला और बच्चे की कांस्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। यह स्मारक 16 नवंबर तक तैयार हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 1860 में मद्रास से मजदूरों के पहले समूह को लेकर एसएस ट्रूरो पोत दक्षिण अफ्रीका पहुंचा था। गिरमिटिया मजदूरों के यहां आने की यह 165वीं वर्षगांठ होगी।



ऑफ बीट

## आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा - 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

ट्रेंड

### सहकारिता अच्छा विकल्प



आज सहकारिता ने गाँव-गाँव में पैक्स व अन्य संस्थाओं से जुड़ी महिलाओं के दरवाजे पर कंप्यूटर ला दिए। महिलाओं, किसानों व हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने और कम पूँजी में स्वरोजगार के लिए सहकारिता से अच्छा कोई विकल्प नहीं है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### कृषि उद्योग में निवेश



पिछले कुछ वर्षों में, हमने कृषि उद्योग में 3,200 करोड़ से अधिक के निवेश को सुगम बनाया है जिससे इस क्षेत्र में क्रांति आई है। इससे किसानों को अधिक बाज़ारों तक पहुँच बनाने, अपने उत्पादों का निर्यात करने, अपनी फसलों में विविधता लाने और अपनी आय बढ़ाने में मदद मिली है।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### गुरु आकाश जैसे विशाल



गुरु आकाश के जैसे विशाल और समुद्र के जैसे गहरे होते हैं, स्मरण रखिए इन दोनों ही स्थानों पर पदचिह्न नहीं पाए जाते। गुरु मार्ग का नहीं दिशा का निर्धारण करते हैं, वे अपने शिष्यों के लिए मार्ग बनाते नहीं हैं, अपने शिष्यों को मार्ग दिखाते हैं।
-आशुतोष राणा, अभिनेता

### अनिश्चित होकर जागना



मैंने कैंसर को झेला है। मुझे पता है कि अपने कल के बारे में अनिश्चित होकर जागना कैसा लगता है - लेकिन मैं यह भी जानता हूँ कि आशा कैसी होती है और यह आप सभी की तरह ही होती है!
-युवराज सिंह, भारतीय क्रिकेटर

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## टमाटर व सब्जियों की 30 फीसदी फसल खराब

प्रदेशभर में पिछले कुछ दिनों की बारिश से टमाटर सहित सब्जियों को 30 प्रतिशत क्षति पहुंची है। खासकर नदी किनारे के 80 प्रतिशत गावों की नर्सरी में पानी भर गया है और इससे फसल बर्बाद हो गई है। प्रदेभर में 4.99 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में सब्जियों की पैदावारी होती हैं। इसमें करीब 1.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल की फसलों को क्षति पहुंची है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए जिला उद्यानिकी अधिकारियों ने फसल क्षति की जानकारी मंगवाई है।

# किसानों पर मूसलाधार मुसीबत...



- लगातार बारिश से कई इलाकों में सब्जियों को भारी नुकसान टमाटर में घाटा, भाव तेजी से बढ़ा

### झड़ गए फूल

फूलों के झड़ने से उत्पादन 60 प्रतिशत तक कम हो गया है। सब्जी की क्वालिटी भी प्रभावित हुई है। खेतों में पानी भर जाने से पौधों की जड़ें सड़ रही हैं। फूल और फल नष्ट हो रहे हैं। ज्यादा नमी के कारण फंगस संक्रमण का खतरा ना हुआ है ।

### 75 प्रतिशत बीज सड़ गए

इस बारिश में इन किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। किसान वीरांगन साहू, कमलेश पटेल, ओंकार देवांगन ने बताया कि लगातार बारिश से सब्जी की बाड़ी में पानी भर गया है। वीरांगन ने बताया कि इस साल वे दो बार बरबटी, करेला, लाल भाजी, शेष पेज 7 पर

## डेढ़ लाख हेक्टेयर की सब्जियों की फसल चौपट, बीज तक नष्ट हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी/ भिलाई

खास खबर

राज्य के बड़े इलाके में लगातार हो रही जमकर बारिश ने सब्जियों की फसल को खासा नुकसान पहुंचाया है। कहा जा रहा है कि टमाटर उत्पादक इलाकों में तकरीबन डेढ़ लाख हेक्टेयर की फसल चौपट हो चुकी है। दूसरी सब्जियों के खेत भी पानी में डूबे हुए हैं, जिसकी वजह से बीज सड़ गए। दोबारा बोनी या तीसरी बार बीज डालने से खेती में विलंब होगा, जाहिर है इससे पैदावार भी प्रभावित होगा। धमतरी में लगातार बारिश से सब्जी की फसल चौपट हो गई है। कई किसान बारिश के चलते दोर बोनी कर चुके हैं। ज्यादा पानी से दूसरी बार भी बीज सड़ गया। अब वे तीसरी बार बोनी की तैयारी कर रहे हैं।

जिन किसानों की फसल तैयार है, उन किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। धमतरी में कोलियारी, करेठा सहित नदी किनारे कई गांवों में सब्जी की खेती की जाती है। इसके अतिरिक्त देमार, आमदी सहित अन्य गांवों और शहर में सब्जियों की कई बाड़ी है, जहां पर किसान सब्जी का उत्पादन कर रहे हैं।रभावित किसानों ने बताया कि बारिश की वजह से सब्जियों की नर्सरी चौपट हो रही है।

### टमाटर, गोभी, परवल, भिंडी के भाव 80 रुपए किलो

इन दिनों बारिश में टमाटर, गोभी, भिंडी, परवल जैसी सब्जियों के दाम 80 रुपए किलो पहुंच गए हैं। ये सब्जियां इन दिनों लोकल बाड़ियों से आना बंद हो गई है। करीब 25 प्रतिशत फसल दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, धमतरी सहित अन्य जिलों की लोकल बाड़ियों में बची हुई है। किसान ताते हैं कि इन सब्जियों को दीगर राज्यों से यहां की मंडियों में मंगवाई जा रही है। इसलिए सब्जियों के दाम इतनी ज्यादा पहुंच गई है।



### इन मामलों से समझिए क्षति की स्थिति

**केस 01** डोमा पथरिया निवासी संदीप सोलंकी ने 10 एकड़ क्षेत्रफल में टमाटर की नर्सरी लगाई है। गोभी की फसल भी 4 एकड़ क्षेत्रफल में लगी है। भारी बारिश की वजह से उनके खेतों में पूरा पानी भर गया है। ये फसलें डूब गई है। लगातार बारिश की वजह से पानी निकासी की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे हैं।

**केस 02** धमधा के किसान नेतराम ने 8 एकड़ में टमाटर व भिंडी की फसल ली है। मिर्ची 6 एकड़ क्षेत्रफल में लगाई है। शिवनाथ नदी का पानी उनके खेतों तक पहुंच गया है। जिसकी वजह से पूरी फसल पानी में डूबी हुई है। दो दिन और बारिश होगी तो पानी निकलेगा नहीं और फसल खराब हो जाएगी।

**केस 03** कन्हारपुरी के किसान पोखराज अपने 30 एकड़ में टमाटर, गोभी, पालक, लाल भाजी और अन्य सब्जी उगाई है। पानी पूरे क्षेत्र में भर गया है। जिसकी वजह से फसलें खराब होने लगी है। पानी और लगातार गिरेगा तो पूरी फसल खराब हो सकती है। दोपहर बाद पानी थोड़ा थमने से पानी निकासी की व्यवस्था की है।

### सब्जियों की क्षति की जानकारी मंगवाई

पिछले दो दिनों की भारी बारिश की वजह से सब्जियों की क्षति पहुंच सकती है। हमने अपने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं कि यदि किसी भी किसान की फसल को क्षति पहुंची है, तो उसकी जानकारी विभाग को दें। इससे हमें सर्वे करवाने में सुविधा होगी।


**- सुरेश ठाकुर**
उप संचालक, उद्यानिकी

### फसल क्षति का सर्वे जरूरी

जिस हिसाब से भारी बारिश हुई है, उससे कई गांवों में सब्जियों की खेती को नुकसान पहुंचने की खबर आ रही है। ऐसी स्थिति में पूरे प्रदेशभर में उद्यानिकी फसल क्षति का सर्वे करना जरूरी हो गया है।

**- झबेन्द्रभूषण वैष्णव**
महासचिव छग प्रगतिशील किसान संगठन

## मां बम्लेश्वरी पहाड़ी से नई सीढ़ियों के पास चट्टान गिरी, कई पेड़ धराशायी



राजा शर्मा ▶▶ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी पहाड़ी पर एक बड़ा चट्टान खिसककर गिर गई। इस दौरान कई बड़े पेड़ धराशायी हो गए हैं। मां रणचंडी प्राचीन मन्दिर से होते हुए ऊपर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाली नई सीढियों के पास यह हादसा हुआ है। पहली बार इस प्रकार की घटना होने के चलते जिससे इलाके में दहशत फैल गई है।

यह हादसा नई सीढ़ियों के पास हुआ है, यहीं से वन विभाग ने ऊपर मंदिर जाने के लिए एक मार्ग बनाया है। जिसका एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया की पहाड़ी पर ऐसा हादसा पहली बार हुआ है। स्थानीय निवासी मान बाई नेताम ने बताया कि, सुबह जैसे बादल गरजते हैं वैसे आवाज आई।

### प्रकृति से छेड़छाड़ के चलते हुई घटना

सूत्रों की मानें तो पहाड़ी के ऊपर एक बड़ी चट्टान को हटाने के लिए बारूदी ब्लास्टिंग की गई थी, जिससे पहाड़ी की संरचना कमजोर हो गई। इसके अलावा पहाड़ी पर लंबे समय से हो रहा अवैज्ञानिक निर्माण, पत्थरों की कटाई और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई भी इस हादसे का कारण मानी जा रही है। इस तरह की गतिविधियां पहाड़ी की मजबूती को कमजोर कर रही हैं। हादसे में पहाड़ी पर रणचंडी मंदिर की ओर बनी करीब 500 सीढ़ियों के ऊपर का हिस्सा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया और मार्ग अवरुद्ध हो गया।

### कोई जनहानि नहीं हुई

*इस घटना को लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र उइके ने कहा कि, मां बम्लेश्वरी पहाड़ी के पीछे दर्शन मार्ग में गिरी चट्टान और पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ करा दिया गया है ताकि श्रद्धालुओं का आना-जाना बाधित न हो। उन्होंने बताया कि, दो विशाल चट्टानों के गिरने से कई पेड़ जरूर धराशायी हुए हैं, चूंकि ये बड़ी चट्टान है इसे हटाया नहीं जा सकता, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रथम दृष्टया यह प्राकृतिक आपदा का मामला प्रतीत होता है, लेकिन वन विभाग घटना के कारणों की जांच करेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।*

**टेनिस एकेडमी चलाती थी मृतिका**

## टेनिस खिलाड़ी की रील बनाने की लत, पिता ने मारी गोली

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम



हरियाणा के गुरुग्राम में टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव (25) की हत्या कर दी गई। खबरें हैं कि राधिका के पिता ने ही गोली मारकर उसकी हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि घटना दोपहर के वक्त हुई, जब बाप-बेटी घर में अकेले थे। घटना की कारणों की जांच की जा रही है। घटनास्थल पर ही पुलिस को पता चला कि युवती के पिता ने ही उसे गोली मारी है। युवती को तीन गोलियां लगी थीं।

### रील बनाने को लेकर हुआ था विवाद

ये घटना गुरुग्राम के सेक्टर 56 थाना क्षेत्र के सेक्टर 57 में दोपहर 2 बजे के आसपास हुई है। पड़ोसियों ने बताया कि उन्होंने राधिका के घर से 3 बार गोलियां चलने की आवाज सुनी। जब वे घर पहुंचे तो देखा कि राधिका खून से लथपथ पड़ी थी और पास में पिता भी थे। लोग राधिका को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पिता ने लाइसेंसी पिस्टल से वारदात को अंजाम दिया।

## गणेशोत्सव 'महाराष्ट्र का राज्य उत्सव' घोषित

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने एक सदी से भी अधिक पुराने 'सार्वजनिक गणेशोत्सव' को आधिकारिक रूप से राज्य उत्सव घोषित करते हुए गुरुवार को कहा कि वह उत्सव की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। संस्कृति मंत्री आशीष शेलार ने विधानसभा में यह घोषणा करते हुए कहा, गणेशोत्सव सिर्फ़ एक उत्सव नहीं है। यह महाराष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव और पहचान का प्रतीक है। मंत्री ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र में सार्वजनिक गणेशोत्सव 1893 में लोकमान्य तिलक द्वारा शुरू किया गया था। उन्होंने कहा, इस उत्सव का सार सामाजिक एकता, राष्ट्रवाद, स्वतंत्रता की भावना, आत्म-सम्मान और अपनी भाषा पर गर्व में निहित है। शेलार ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य और देश भर में गणेशोत्सव की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने, बढ़ावा देने और मनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, कुछ लोगों ने अदालतों में याचिकाएं दायर कर इस पुरानी सार्वजनिक परंपरा को बाधित करने का प्रयास किया, समारोह में बाधा डालने की कोशिश की, लेकिन महायुति सरकार ने तेजी से कार्रवाई की और निर्णायक रूप से ऐसी सभी बाधाओं को दूर कर दिया।

### मंत्री बोले- स्पष्ट और सक्रिय रुख

संस्कृति मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार ने गणेशोत्सव पर स्पष्ट और सक्रिय रुख अपनाया है। मंत्री ने घोषणा की कि चाहे पुलिस सुरक्षा हो, बुनियादी ढांचे की जरूरत हो, या पुणे, मुंबई जैसे शहरों और पूरे राज्य में भव्य समारोहों के लिए वित्तीय सहायता हो, महाराष्ट्र सरकार सभी आवश्यक खर्च वहन करेगी। इस वर्ष 10 दिवसीय गणपति उत्सव 27 अगस्त से शुरू होगा।


## कार्यालय कलेक्टर डिण्डौरी एवं पदेन अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक/भू-अर्जन/2023-24/ रा.प्र.क्र. 17 (अ-82) 2023-24/800 डिण्डौरी, दिनांक 30/06/2025

**अधिसूचना** धारा-19

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची (1) में वर्णित भूमि की कॉलम नम्बर (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है, इस हेतु अनुसूची 01 के कॉलम नम्बर (4) में वर्णित प्रभावित कृषको की भूमि, भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013 ) की धारा-19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

**अनुसूची -1**

| जिला | तहसील | ग्राम एवं प.ह.नं. | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्ट. में) | प्रभावित परिवारों की संख्या | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| डिण्डौरी | डिण्डौरी | खुरपार रैयत प.ह.नं. 33 | 40.066 हेक्ट | 40 | राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना हेतु |
| | | कुल | 40.066 हेक्ट | | |

**अनुसूची-2 (प्रभावित धारको की सूची)**

| क्र. | प्रभावित खातेदार (कृषक) का नाम | खसरा नं. | कुल रकवा (हेक्ट.) | अर्जित रकबा (हेक्ट.) | परिसम्पत्तियों का विवरण | वृक्षों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवी पिता दुलवा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 470 | 0.400 | 0.067 | - | - |
| 2 | रुप सिंह पिता लमतू सिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 485 | 1.530 | 1.530 | - | उमर 3, कुरलू 2, छिवला 63, शीशम 3, शोबाबुल 1, सेमर 1, हड़वा 9, बेर- 1 |
| | | 490 | 1.000 | 0.147 | - | छिवला 6, तेंदू 1, लड़ैया 1 |
| 3 | धनसिंह पुत्र लमुआ सिंह, विश्नू पुत्र लमुआ सिंह, धनिया बाई पुत्री लमुआ सिंह जाति गोंड पता खुरपार डिंडोरी मध्य प्रदेश | 493/1 | 1.640 | 2.643 | - | उमर 1, छिवला 23, पकरी पीपल हड्वा हर्रा=1 |
| | दलपत सिंह / लक्ष्मन सिंह | 493/2 | 1.130 | | - | |
| | नन्हां सिंह / लक्ष्मन सिह | 493/3 | 1.460 | | - | |
| | बारे सिंह / लक्ष्मन सिंह | 493/4 | 1.980 | | - | |
| 4 | गुहिया बाई पुत्री फूल सिंह पता डिंडोरी मध्य | 510/1 | 2.260 | 3.060 | - | उमर 1, लडैया 1,हर्रा 2 |
| 5 | कमलिया बाई पति पतिराम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 510/2 | 0.800 | | - | - |
| 6 | कमल सिंह पिता लालसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, बुद्नबाई पतिलालसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 519 | 1.100 | 1.081 | - | बेर-4, शोबाबुल-4 |
| | | 521 | 0.430 | 0.400 | - | बेर-2 |
| | | 504 | 6.830 | 1.7 | कुआँ -1 | नीम - 8, सीताफल-7, बेर-5, अतूत 1, किर्गी 1, खमेर 26, खसी 2, छिवला 62, तिन्सा 3, तेंदू 2, पीपल 2, बांस 2 लड़ैया 8, सगोन 2, साजा 15, सेमर 1, हर्रा 7 |
| 7 | करमवती पुत्री टिकैता पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, कलावती पति सुखलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 491 | 0.940 | 0.940 | - | नीम - 1, उमर 1चार 2 छिवला 13 पकरी 1 लड़ैया 4 हड़वा 2 हर्रा 6 |
| 8 | मैहा बाई पुत्री टीकाराम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 487 | 0.620 | 0.620 | - | महुवा - 1, नीम - 1, उमर 1 चार 1 छिवला 17 तेंदू 8 लड़ैया 1 साजा 3 हर्रा 1 |
| 9 | हल्कीबाई पुत्री हजारी पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 512 | 0.710 | 0.710 | - | बेर- 6 लबेर 1 लिप्सिस 12 |
| 10 | भदियाबाई बेवा बखत सिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, लालजी पिता बखत सिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 514 | 3.380 | 3.380 | - | बेर- 27, खमेर 2 बबूल 2 लिप्सिस 26 सेमर 2 हर्रा 1 |
| | | 516 | 1.130 | 1.130 | - | सीताफल- 4, मूनगा- 3, नीम-3, अमरुद-1,बेर-15, आवला - 1, बेल- 4, आम 1, इमली 1, उमर 6, काकई 2, केवलार 2,खमेर 60, खसी 3, गरी 8, गुरंजा 11, गुरजा 2, छिवला 4, तेंदू 2 दोहन 1, नीम 3, बांस 11, मैदा 11, लभेर 4,शीशम 8, शोबाबुल 8,सगोन 2, साजा 4,हर्रा 2 |
| | | 518 | 2.030 | 1.908 | - | अमरद - 6, मूनगा 20, बेर-12, सीताफल-26, आतुत - 2, आम-2, बेल- 1, लंबेर 13मर 1 केवलार 1 खमेर 22 गरी 4 गुर्जा 4 नीम 1 बबूल 2 बांस 15 बेर 11 भीलवा 1 मैदा 1 लिप्सिस 62 शोबाबुल 16 सगोन 2 साल्हे 3 हड़वा 5 |
| | बिरजुलाल पिता गिरानिलाल | | | | पक्का मकान-1 कच्चा मकान-2 कच्चा गौशाला1 | |
| | बजराहीन पति गिरामी | | | | कच्चा मकान - 1 | |
| | नन्हा पिता नान्हू | | | | कच्चा मकान - 2 | |
| | छोटू पिता नन्हा | | | | पक्का मकान - 1 कच्चा मकान - 1 कच्चा गौशाला -1 | |
| | ब्रानु पिता जनना | | | | कच्चा मकान - 1 कच्चा गौशाल - 1 | |
| | भगवान पिता हरिसेन | | | | पक्का मकान - 1 कच्चा मकान - 1 कच्चा गौशाला - 1 | |
| | प्रह्लाद पिता हरिसेन | | | | पक्का मकान - 1 कच्चा मकान - 1 कच्चा गौशाला - 1 | |
| | बसंती बाई पति हरिसेन | 518 | | | कच्चा मकान - 1 कच्चा गौशाला - | |
| | सुखराम पिता नन्हा | | | | कच्चा मकान - 2 कच्चा बॉन्ड्री वाल | |
| | कमलसिंह पिता लालसिंह | | | | पक्का मकान - 1 कच्चा मकान - 1 कच्चा गौशाला - 1 | |
| | सुकल सिंह पिता लालसिंह | | | | कच्चा मकान - 1 कच्चा गौशाला - 1 | |
| | लालसिंह पिता बखल सिंह | | | | कच्चा मकान - 1 कच्चा मंदिर - 1 | |
| | साबनी बाई पति महेश राम | | | | कच्चा मकान - 1 कच्चा गौशाला- 1 पक्का शौचालय 1 | |
| | भदियाबाई बेवा बखत सिंह, लालजी पिता बखत सिंह | 522 | 2.500 | 2.500 | - | बेर-27, आम - 1, नीम- 2 उमर 6 काकई 5 खमेर 24 खसी 2 कंजी 1 छिवला 2 तिनसा 1 पादरी 1 पीपल 1 बबूल 12 मैदा 1 रेला 2 रोरी 1 लिप्सिस 115 सफेद शीशम 3 |
| 11 | राय सिंह पिता ग्वाल सिंह जाति गोंड पता खुरपार डिंडोरी मध्य प्रदेश | 494 | 0.400 | 0.381 | - | - |
| 12 | रामवती पुत्री गंगा सिंह जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 488 | 1.500 | 1.213 | - | नीम - 9, महुवा - 1, उमर 1 करौंदा 1 छिवला 10 तेंदू 4 लड़ैया 24 शीशम 2 सगोन 2 सलैया 1 साजा 8 हर्रा 1 |
| 13 | रामफल पिता राजाराम, रमलू सिंह पिता राजाराम जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 479/3 | 0.840 | 0.438 | - | साजा 8 हर्रा 1 उमर 2 तेंदू 14 पीपल 1 सेमर 1 |
| 14 | सम्पत सिंह पिता लमतूसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 484 | 1.820 | 1.820 | - | वर - 6, नीम - 1, उमर 1 छिवला 36लड़ैया 1 सेम्हर 1 हर्रा 1 |
| | | 489 | 1.000 | 0.145 | - | जामुन - 1, नीम-1 छिवला 19 लडैया 5 |
| 15 | सोनवती बेवा सम्पत सिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, ननका सिंह पिता सम्पत सिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 480 | 0.570 | 0.570 | - | उमर 1 छिवला 4 तेंदू 15 पीपल 1मैदा 1 |
| 16 | सुकरती बाई पति मोहन सिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, झाझा बाई पति मोहन सिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 505 | 1.960 | 1.114 | - | नीम - 2, बेर- 1, महुवा - 1, सीताफल - 1, उमर 2 लड़ैया 14 हर्रा 3 |
| | | 513 | 0.870 | 0.8570 | - | नीम -1, सीताफल-2, बेर-6, बडरा-2, बांस 1 |
| | | | | | हैण्ड पंप-1 | मुनगा-12, सीताफल-16, बेर- 11, नीम-3, इमली-1, आम -4, अमरद-5, महुवा-1, बेल- 1, कंजी 1 केवलार 7 खमेर 36 बांस 4 मैदा 1 रोरी 1 लिसिस 3 शोबाबुल 15 साल्हे 4 |
| | सुमरतिया पति लालसिंह | 517 | 1.730 | 1.730 | कच्चा मकान-1 कच्चा गौशाला-1 कच्चा ईट बाउन्ड्रीवाल | |
| | रामकुमार पिता नन्हे सिंह | | | | पक्का मकान -1 कच्चा मकान - 2 कच्चा गौशाला- 1 | |
| | श्यामाबाई पति सुन्दरसिंह | | | | कच्चा मकान -1 कच्चा गौशाला- 1 | |
| | लामू सिंह पिता नन्हे सिंह | | | | कच्चा मकान 1 कच्चा गौशाला-1 पक्का शौचालय-1 | |
| | गहरु पिता टिकाराम | | | | कच्चा मकान-1 कच्चा गौशाला- 1 | |
| | सुरेश पिता मोहन | | | | पक्का मकान 1 कच्चा मकान 1 कच्चा गौशाला- 1 पक्का शौचालय - 1 | |
| | रमई पिता मोहन | | | | पक्का मकान -1 कच्चा मकान -2 कच्चा गौशाला- 2 पक्का शौचालय - 1 | |
| 17 | सुकल सिंह पिता लाल सिंह पता डिंडोरी मध्य 17 प्रदेश पियरिया बाई पति लाल सिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 503 | 6.650 | 0.010 | - | - |
| | | 520 | 1.030 | 1.00 | - | नीम - 1 खमेर 3 बबूल 1 मैदा 3 हड्या 1 |
| 18 | सुखिया बाई पुत्री मान सिंह जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 481 | 0.570 | 0.505 | - | - |
| 19 | दादूलाल पिता बैशाखू जाति गोंड पता खुरपार डिंडोरी मध्य प्रदेश, गंगाराम पिता बैशाखू जाति गोंड पता खुरपार डिंडोरी मध्य प्रदेश, दौलत पिता लालसिंह जाति गोंड पता खुरपार डिंडोरी मध्य प्रदेश, गोदियाबाई बेवा फूलचंद जाति गोंड पता खुरपार डिंडोरी मध्य प्रदेश | 479/1 | 0.660 | 0.571 | - | खसरा नं. 479/2 में |
| 20 | दलपत सिंह पिता रुप सिंह जाति गोंड पंता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 508 | 0.490 | 0.490 | - | छिवला 3 |
| | | 511 | 0.420 | 0.420 | - | |
| 21 | चौधर सिंह पिता गंगासिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 483 | 5.020 | 2.810 | - | नीम - 1 उमर 6 काकई 1 घरी 2 छिवला 141 तेंदू 76 भीलवा 1 मैदा 3 साजा 1 सेमर 2 हड्वा 4 हर्रा 1 |
| 22 | जेहर सिंह पिता कंधीलाल जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 501 | 0.620 | 0.010 | - | - |
| | | 506 | 1.940 | 1.091 | - | नीम - 3 तेंदू 6 लड़ैया 10 साजा 2 हर्रा 6 |
| | | 515 | 1.730 | 1.730 | - | बेर- 25, महुआ- 1,सीताफल 5, नीम-1, केवलर2 खमेर 14 मैदा 1 रोरी 1 लिप्सिस 2 साल्हे 4 सीताफल 5 शोबाबुल 1 हर्रा 3 |
| 23 | ओमकार पिता गुलपत जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, दुगार्बाई पुत्री गुलपत जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, ओमबाई पुत्री गुलपत जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, सोमबाई पुत्री गुलपत जाति गोड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 479/2 | 0.580 | 0.266 | - | तेंदू 13 |
| 24 | गुलाब सिंह पिता चमरा सिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश प्रेमवती पुत्री गुलाब सिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश उजयारो पति गुलाब सिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 471 | 2.200 | 0.538 | - | जामुन-1 उमर 6 छिवला 1 सेमर 1 हर्रा 1 |
| | | 507 | 1.540 | 0.285 | - | नीम-5, छिवला 11 तेंदू 8 पीपल 1 लड़ैया 5 साजा 1 हर्रा 4 |
| 25 | लोधीसिंह पिता समहू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, जय सिंह पिता समहू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, जेहर सिंह पिता समहू जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश | 492 | 0.400 | 0.094 | - | उमर 1 छिवला 9 तेंदू 1 लड़ैया 1 सेमर 1 |
| 26 | लालजू पिता परसादी पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, रामचरन पिता परसादी पता डिंडोरी मध्य प्रदेश,` लालवती पुत्री परसादी पता डिंडोरी मध्य प्रदेश, फलीबाई पुत्री परसादी पता डिंडोरी मध्यप्रदेश | 479/4 | 0.270 | 0.138 | - | तेंदू 40 सेम्हर 1 |
| | योग | | 66.680 | 40.086 | | |

(2) उपरोक्त घोषणा भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के उपबंधो के अधीन सम्यक जांच करने के पश्चात की गई है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित कुटुम्ब की संख्या 25 है जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के लिए क्षेत्र चिहित कर लिया गया है जिसका विवरण निम्नलिखित है-ग्राम - मुढ़िया कला रा.नि.मं. शाहपुर तहसील डिण्डौरी की आराजी नं. 09 रकवा 27.39 है. । परियोजना हेतु पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा पत्र क्रमांक - 69 / स.अ. राजस्व / 2024 जबलपुर दिनांक 13/05/2024 द्वारा अनुमोदन किया जा चुका है जिसका सार निम्नानुसार है :- 1. प्रभावित कुटुंब को प्रधानमंत्री आवास योजना विनिदेर्शो के अनुसार एक निर्मित मकान उपलब्ध कराया जाएगा ।2. कंडिका-1 में वर्णित फायदो को ऐसे किसी प्रभावित कुटुंबो को, वासक्षेत्र भूमि से रहित है और जो प्रभावित क्षेत्रों की अधिसूचना की तारीख के पूर्ववर्ती क्षेत्रो की अधिसूचना की तारीख के पूर्ववर्ती तीन वर्ष से अन्यून अवधि तक लगातार क्षेत्र में रह रहा है और जिसे ऐसा क्षेत्र से अनिच्छा से विस्थापित किया गया है भी विस्तारित किया जाएगा।3. यदि कोई प्रभावित कुटुंब जो प्रस्थापित मकान को न लेने का विकल्प करता है, तो निर्मित मकान के बदले मकान के समतुल्य खर्च प्रस्थापित किया जा सकेगा।4. अर्जन से प्रभावित किसी कुटुंब को इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन एक से अधिक मकान नही दिया जाएगा। 5. ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब, जिसे अर्जित भूमि से विस्थापित किया गया है, को अधिनिर्णय की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक प्रतिमाह तीन हजार रुपए के समतुल्य मासवार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।6. ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब जो विस्थापित हुआ है, को कुटुंब, भवन सामग्री, घरेलू सामग्री पशुओं के स्थानांतरण के लिए परिवहन खर्च के रूप में एक बार पच्चास हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी।7. प्रत्येक प्रभावित कुटुंब को केवल पचास हजार रुपए का एक बार "पुनर्व्यवस्थापन भत्ता दिया जाएगा।प्रभावित कुटुंबों को आवंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अपेक्षक निकाय द्वारा किया जाएगा ।9. प्रभावित कुटुंबों को आवंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी।10. आवंटित भूमि या मकान प्रभावित कुटुंब की पत्नि और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा ।11. जनसमुदाय के पुनर्व्यवस्थापन के लिए अध्यपेक्षा प्राधिकारी के खर्चे पर निम्नलिखित अवसंरचनात्मक सहूलियतें और मूलभूत न्यूनतम सुविधाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी कि नए गांव या कालोनी में पुनर्व्यवस्थापित जन समुदाय स्वयं में लिए एक युक्तियुक्त सामुदायिक जीवन स्तर प्राप्त कर सके और विस्थापन से हुए अभिघात को कम करने का प्रयास कर सकें ।11.1. युक्तियुक्त वासयोग्य और नियोजित व्यवस्थापन के लिए न्यूनतम निम्नलिखित सहूलियतें और संसाधन उपलब्ध कराई जावेगी ।11. 2. सभी पुनर्व्यस्थापित कुटुंबो के लिए पुनर्व्यवस्थापित ग्रामों के भीतर सड़क और पक्की सड़क मार्ग से जुड़ी बारहमासी सड़क और सुखाधिकार की पर्याप्त व्यवस्था की जाए ।11.3 वास्तविक पुनर्व्यवस्थापन के पहले उचित निकासी और स्वच्छता योजनाएं निष्पादित की जाएं ।11.4 भारत सरकार द्वारा विहित मानकों के अनुसार प्रत्येक कुटुंब के लिए सुरक्षित पेयजल का एक या अधिक सुनिश्चित संसाधन ।11.5 उचित मूल्य की दुकान की युक्तियुक्त संख्या ।11. 6 यथेचित पंचायत घर ।11. 7 जाति समुदायों और उनकी प्रथाओं के आधार पर कब्रिस्तान या शवदाह गृह ।11. 8 स्वच्छता के लिए सुविधाएं जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत प्रसाधन बिंदु 1.9 प्रत्येक घर और सार्वजनिक प्रकाश के लिए व्यक्तिगत एकल विद्युत कनेक्शन ( या सौर उर्जा जैसे उर्जा के गैर-परंपरागत संसाधनों के माध्यम से कनेक्शन) 11. 10 शिशु और माता को पूरक पोषणीय सेवाएं उपलब्ध कराने वाली आंगनबाड़ी ।11.11 नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 ( 2009 का 35 ) के उपबंधों के अनुसार विद्यालय ।11.12 बच्चों के लिए कीड़ा क्षेत्र 11.13 प्रत्येक सौ कुटुंबों के लिए एक सामुदायिक केन्द्र 11.14 प्रभावित क्षेत्र की संख्या और उनके आयाम से संगत प्रत्येक पचास कुटुंबों के लिए पूजा स्थल और सामुदायिक सभा के लिए चौपाल / वृक्ष चौतरा ।11.15 प्रभावित परिवारों को जल भराव क्षेत्र में मत्स्य पालन एवं मत्स्य आखेट का अधिकार रहेगा। परन्तु इस हेतु समुचित सरकार से निहित रीति द्वारा अनुमति प्राप्त की जावेगी ।12. विस्थापित कुटुंबों को 50 वर्ग मीटर से कम नहीं का आवासीय पट्टा दिया जावेगा।(3) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध किसी व्यक्ति द्वारा अधिसूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाईट www.iandla.nic.in & www.dindori.nic.in व मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाईट www.mprevenue.nic.in, पर भी देखी जा सकती है।(4) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) डिण्डौरी या कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास, संभाग क्र. 2. मण्डला के कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(नेहा मारव्या)
कलेक्टर डिण्डौरी एवं पदेन अपर सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

G-15390/25

# 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी को किया रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

शंकरगढ़ तहसील में पदस्थ पटवारी महेंद्र कुजूर को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। सीमांकन के एवज में रिश्वत की यह रकम विनायकपुर निवासी राजेश यादव से ली जा रही थी। शिकायत के बाद एसीबी ने गुरुवार को तहसील कार्यालय में ही जाल बिछाकर यह कार्रवाई की। बता दें कि पटवारी महेंद्र कुजूर दोहना हल्का नंबर 10 में पदस्थ था।

आरोप है कि वह सीमांकन कराने के लिए बार-बार प्रार्थी को घुमा रहा था और काम करने के बदले 15 हजार रुपए की मांग कर रहा था। प्रार्थी ने इसकी शिकायत एसीबी अंबिकापुर से की थी। जांच और सत्यापन के बाद टीम ने ट्रैप की योजना बनाई और कार्रवाई को अंजाम दिया।



दोस्त के बदले कर रहा था डील

## पटवारी ने 20 हजार रुपए मांगे थे

*गिरफ्तार पटवारी ने भरोसा दिया था कि 15 हजार देने पर वह अपने पटवारी दोस्त से सीमांकन करवा देगा। गुरुवार को कार्रवाई के दौरान विनायकपुर का पटवारी मौके पर नहीं था। कुल 20 हजार रुपए मांगे जा रहे थे, लेकिन 15 हजार में सौदा हुआ था। वहीं अब एसीबी की ओर से मामले की गहनता से जांच की जा रही है।*

## नकद रकम जब्त की गई

*एसीबी की टीम ने तय समय पर जैसे ही पटवारी ने रिश्वत की रकम ली, उसे रंगे हाथ पकड़ लिया गया। टीम आरोपी पटवारी को शंकरगढ़ रेस्ट हाउस ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। मौके पर नकद रकम जब्त की गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई से तहसील कार्यालय में हड़कंप मच गया है। यहां राजस्व संबंधित कामकाज के लिए रिश्वतखोरी की लगातार शिकायतें सामने आ रही थी।*

## दूसरे पटवारी के क्षेत्र का काम

*एसीबी की पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार पटवारी ग्राम दोहना में पदस्थ था, लेकिन जमीन का सीमांकन करने के एवज में वह रिश्वत की मांग कर रहा था वह विनायकपुर में है। विनायकपुर का पटवारी गिरफ्तार आरोपी का दोस्त है। इसलिए दोनों ने साजिश के तहत रिश्वत की मांग की थी।*

# मुख्यमंत्री व डिप्टी सीएम ने जोधपुर में रेल मंत्री वैष्णव के पिता को अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बुधवार को राजस्थान के जोधपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के निवास पहुंच कर उनके पिता स्व. दाऊलाल वैष्णव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

दाऊलाल वैष्णव का गत 8 जुलाई को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. दाऊलाल वैष्णव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं उनके अन्य परिजन से भेंट एवं चर्चा कर उन्हें दुख की घड़ी में सांत्वना प्रदान की।

### कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# नदियों के पुनर्जीवन के लिए उनके जलग्रहण क्षेत्र में वनीकरण कराने का निर्णय, कैंपा फंड से होगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र में प्रतिकारात्मक वन रोपण निधि (कैम्पा निधि) के लिए वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य आयोजना में अनुमोदित कार्यों के क्रियान्वयन के लिए 1478 करोड़ 38 लाख में से 1038 करोड़ रुपए के उपयोग की कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। इस राशि का 80 प्रतिशत वन एवं वन्यप्राणी प्रबंधन एवं 20 प्रतिशत वन और वन्यजीव संबंधी अधोसंरचना के सुदृढीकरण पर व्यय किया जाएगा।

कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में हुई। इस बैठक में कई निर्णय लिए गए। कैंपा फंड के संबंध में नदियों के पुनर्जीवन के लिए उनके जलग्रहण क्षेत्र में वनीकरण कराने का निर्णय लिया गया है। इस राशि मप्र में पिछले वर्षों के कार्यों के रख-रखाव, क्षतिपूर्ति पौधरोपण, लैण्डस्केप के आधार पर बिगड़े वनों का सुधार किया जाएगा। इसके साथ ही नदियों के पुनर्जीवन के लिए उनके जलग्रहण क्षेत्र के वनीकरण, मृदा एव जल संरक्षण के कार्य भी कराए जाएंगे। ग्रामीणों की आजीविका के लिए ग्रामों की सीमा से लगे वनक्षेत्रों में बांस प्रजाति सहित पौधरोपण, वन्यप्राणी संरक्षित क्षेत्रों के गांवों से स्वैच्छिक विस्थापन, बफर क्षेत्र सहित संरक्षित क्षेत्रों में रहवास का विकास होगा। वन विभाग नगर वनों की स्थापना, वन एवं वन्यप्राणी संबंधी अधोसंरचना सुदृढीकरण और ग्रामीणों की क्षमता विकास से संबंधित कार्य कराएगा।

## 66 नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना और 134 पदों के सृजन की स्वीकृति

कैबिनेट ने सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 66 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना, संचालन तथा भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार 66 आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 66 पद (मानसेवी), आंगनबाड़ी सहायिका के 66 पद (मानसेवी) तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के पर्यवेक्षण के लिए पर्यवेक्षक के 02 पद नियमित शासकीय सेवक पद वेतनमान 25,300-80,500 के सृजन की स्वीकृति दी गई। वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक योजना पर राशि का व्यय भारत सरकार की ओर से प्राप्त स्वीकृति के अनुसार किया जाएगा। इस अवधि में योजना पर 15 करोड़ 21 लाख रुपए का व्यय अनुमानित है, जिसमें केन्द्रांश राशि 9 करोड़ 55 लाख रुपए एवं राज्यांश राशि 5 करोड़ 66 लाख रुपए है।

### बैठक में यह भी लिया गया निर्णय

कैबिनेट ने संचालनालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा के अन्तर्गत 3 नवीन राजस्व संभागों नर्मदापुरम, चम्बल एवं शहडोल में क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा खोलने एवं चार नवगठित जिलों निवाड़ी, मैहर, मऊगंज एवं पाढुर्णा के लिए सम्मिलित रूप से कुल 07 सहायक संचालक के पद के निर्माण की स्वीकृति दी है। विद्युत के क्रय के लिए निष्पादित विद्युत क्रय अनुबंध को समाप्त किए जाने का निर्णय कैबिनेट ने एमपीपीएमसीएल की ओर से प्रदेश में दीर्घकालीन ताप विद्युत क्रय हेतु जारी निविदा में इंगित विद्युत विकासकों अथवा उनकी पश्चातवर्ती कंपनी के साथ पूर्व में मात्र वेरियेबल दर पर (5 या 10 प्रतिशत) विद्युत के क्रय के लिए निष्पादित विद्युत क्रय अनुबंध को समाप्त किए जाने का निर्णय लिया है।

कैबिनेट ने प्रदेश के समस्त किसानों को सिंचाई जलकर की राशि में से ब्याज राशि (शास्ति दण्ड) माफ किए जाने का निर्णय लिया है। निर्णय के अनुसार यदि कृषक 31 मार्च 2025 तक की कुल बकाया राशि (सिंचाई जलकर) की मूल राशि 31 मार्च 2026 तक एक साथ जमा करते है तो ब्याज की राशि माफ कर दी जाएगी। इस तरह लगभग 84 करोड़ 17 लाख रुपए की ब्याज राशि शासन की ओर से माफ कर दी जाएगी। 31 मार्च 2025 की स्थिति में किसानों पर सिंचाई जलकर की अवशेष राशि 647 करोड़ 67 लाख रुपए बकाया है। जिसमे मूल राशि 563 करोड़ 29 लाख रुपए एवं ब्याज राशि 84 करोड़ 17 लाख रुपए है। वर्ष 2022-23 में 45 करोड़ 58 लाख रुपए, वर्ष 2023-34 में 36 करोड़ 98 लाख रुपए और वर्ष 2024-25 में 35 करोड़ 43 लाख रुपए का सिंचाई राजस्व मिला है। कैबिनेट में भारतीय परिषद की ओर से भारतीय स्टांप (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक, 2025 का अनुमोदन दिया गया है। अनुमोदन अनुसार मूल्य सूचकांक में परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में कतिपय संव्यवहारों पर देय शुल्क के संबंध में विशिष्ट प्रावधान किए जाएंगे।

## मध्यप्रदेश के नवाचार को जेएनयू दिल्ली ने भी अपनाया

▶ जेएनयू में भी अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे कुलपति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लाडली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में दी जा रही मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ 250 रुपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की करीब 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि मप्र सरकार के एक नवाचार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी अपना लिया है। मप्र की तरह जेएनयू दिल्ली में भी कुलपति अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे। जेएनयू ने मप्र से प्रेरणा लेकर यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को है। इस दिन प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालय में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी मंत्री भी प्रमुखता से शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, गुरुजन एवं साधु संतों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए।

### विधानसभावार बनवाएं विजन डॉक्यूमेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मंत्रियों से कहा कि मप्र सरकार के विजन 2023 के संदर्भ में अपने-अपने प्रभार के जिलों में भ्रमण करें और शेष रह गई विधानसभा से विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने संबंधी कार्यों को अगले 10 दिन में पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि विधानसभा के विकास से संबंधित कार्यों को बजट में शामिल कराएं और इनके क्रियान्वयन के लिए भी समुचित कार्रवाई करें।

### लुधियाना के उद्योगपति भी जुड़ना चाहते हैं मध्यप्रदेश से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत 7 जुलाई को पंजाब के लुधियाना में उद्योगपतियों के साथ हुए संवाद के अनुभव साझा करते हुए कहा कि मप्र में निवेश के अवसरों पर वहां बड़े उद्योगपतियों से चर्चा हुई। इन्टरैक्टिव सेशन में उद्योग जगत के 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने बड़ी आत्मीयता और सक्रियता से भाग लिया। उन्होंने बताया कि लुधियाना सत्र में सरकार को 15606 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इस निवेश के धरातल पर आने से मप्र में लगभग 20275 से अधिक नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब के सभी उद्योगपति मप्र से आत्मीयता से जुड़ना चाहते हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने सोशल मीडिया, आईटी विभाग पहुंचकर की चर्चा





**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया और आईटी विभाग पहुंचकर कामकाज को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं आईटी विभाग के संयोजक अमन शुक्ला उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में तबादले प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत होते हैं : अग्रवाल

▶ तबादलों पर सवाल उठाने पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कांग्रेस को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



तबादलों पर सवाल उठाने पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कांग्रेस को घेरा है।

अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि छाज बोले तो बोले, छलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद। जिन कांग्रेसियों की 15 महीने की कमलनाथ सरकार में तबादला ही सबसे बड़ा उद्योग बन गया था। जहां वल्लभ भवन दलाली का अड्डा बन गया था। वहां से सुबह तबादले के आदेश निकलते थे और रात तक बदल जाते थे। अगर वही कांग्रेसी आज तबादलों पर सवाल उठाएंगे, तो उनकी नियत और नजर दोनों पर संदेह होना स्वाभाविक है। भाजपा सरकार में तबादले प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत होते हैं। पारदर्शिता, नीति और जरूरतों के अनुरूप। यहां न कोई दबाव, न कोई प्रभाव, सिर्फ और सिर्फ सुशासन। कांग्रेस की बौखलाहट साफ है, जनता ने जिनके भ्रष्टाचार को नकारा, अब वे झूठ और अफवाहों से प्रदेश की छवि बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन याद रखिए, जनता सब जानती है और अब वह भ्रष्टाचारियों को फिर से लौटने नहीं देगी।

## राज्यपाल से मिले मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष



भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल से राजभवन भोपाल में बुधवार को मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) राजीव कुमार टंडन ने सौजन्य भेंट की।

# अमरावत कलां में शासकीय कार्य में बाधा डालने पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भोपाल वृत्त के अंतर्गत ग्राम अमरावत कलां में शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं धमकी देने वाले गजराज के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। ग्राम अमरावत कलां में विजिलेंस चेकिंग के दौरान आरोपी गजराज आत्मज लक्ष्मण सिंह लोधी की ओर से एलटी पोल से सीधे अतिरिक्त केबल डालकर अपने घरेलू परिसर में बिजली चोरी करते पाए जाने पर कंपनी की ओर से भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 135 के तहत प्रकरण बनाया गया था।

## बिजली कंपनी ने आरोपी के विरुद्ध कोलार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई

आरोपी एवं उनके पुत्रों ने सहायक प्रबंधक रूपेश सिंह एवं सहयोगी लाइन स्टाफ पर लाठी से हमला करते हुए जब्त की गई केबल बलपूर्वक ली थी एवं अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। कंपनी ने आरोपी के विरुद्ध थाना कोलार में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कोलार थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 352 के अंतर्गत कंपनी ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट, दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों की ओर से मारपीट, दुर्व्यवहार किया जा रहा है, इसलिए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसी घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए।

# उपभोक्ता संरक्षण परिषद मप्र के अध्यक्ष बने मुकेश बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



उपभोक्ता संरक्षण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव वंशकार द्वारा मुकेश बंसल को उपभोक्ता संरक्षण परिषद मप्र का अध्यक्ष मनोनीत किया है। मुकेश बंसल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा-निर्देश पर उपभोक्ता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने एवं राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता लाने, कंपनियों-प्रतिष्ठानों में व्याप्त काला बाजारी, भ्रष्टाचारी व अनियमितता को उजागर करने की दिशा में काम करेंगे। इस उपलब्धि पर परिषद के सभी पदाधिकारी द्वारा बंसल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# आबकारी टीम ने 2413 नशीले इंजेक्शनों के विरुद्ध कार्रवाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

नशीली दवाओं के विरुद्ध आबकारी उड़नदस्ता सरगुजा की टीम ने 2413 नग नशीले इंजेक्शन जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपित देवेंद्र सिंह मौके से फरार हो गया। यह कार्रवाई मणिपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर वेयरहाउस के पास पूरी की गई। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

बुधवार देर रात आबकारी उड़नदस्ता टीम को सूचना मिली थी कि एक सफेद हुंडई वरना कार में नशीले इंजेक्शन रखे गए हैं और उन्हें ग्राहकों को सप्लाई किया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने तत्काल दबिश दी। मौके पर एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जबकि दूसरा व्यक्ति पकड़ा गया, जिसने अपना नाम गंगाराम मुंडा बताया। कार की तलाशी में अलग-अलग नाम के नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए।

## रैकेट का मुख्य संचालक फरार

*पूछताछ में आरोपी गंगाराम ने बताया कि फरार व्यक्ति देवेंद्र सिंह है, जो इस रैकेट का मुख्य संचालक है। वह लखनपुर के लहपटरा का रहने वाला है। जब्त कार और सारा इंजेक्शन भी देवेंद्र सिंह का ही है, जबकि वह सिर्फ सप्लाई का काम करता था। गिरफ्तार आरोपी गंगाराम को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(C) के तहत गिरफ्तार कर गुरुवार को विशेष न्यायालय अंबिकापुर में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।*

## नशे के रूप में युवा कर रहे उपयोग

*इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि नशे के रूप में युवाओं द्वारा इंजेक्शनों का उपयोग किया जाता है। निर्धारित दर से कई गुना अधिक दाम पर इसकी खरीद बिक्री की जाती है। प्रकरण की जांच अभी चल रही है। आरोपियों को इतनी बड़ी संख्या में प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन की खेप कैसे मिली, इस संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। मुख्य आरोपी देवेंद्र सिंह की तलाश जारी है।*

# शराब घोटाले में शामिल 22 अफसर सस्पेंड, 7 रिटायर, ईओडब्ल्यू ने 29 के खिलाफ पेश की है चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई सामने आई है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने इस मामले में 29 अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया है।

इसके बाद सरकार ने इनमें से 22 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं 7 अधिकारी पहले ही रिटायर हो गए हैं। ईओडब्ल्यू की चार्जशीट में यह साफ तौर पर बताया गया है कि इन अधिकारियों ने वर्ष 2019 से 2023 के बीच 15 जिलों में पदस्थ रहते हुए लगभग 90 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की है। अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने शराब बिक्री और ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर भारी भरकम रिश्वत ली और राज्य को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाया।

## 3200 करोड़ पहुंचा घोटाले का आंकड़ा

*अब तक जिस शराब घोटाले को 2100 करोड़ रुपए का बताया जा रहा था, वह दरअसल 3200 करोड़ रुपए का घोटाला है। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है कि यह संगठित सिंडिकेट के जरिए किया गया एक सुव्यवस्थित घोटाला था, जिसमें अफसरों, नेताओं और कारोबारियों की मिलीभगत सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, निलंबित अधिकारियों में आबकारी विभाग के जिला अधिकारी, निरीक्षक स्तर के कर्मचारी और मुख्यालय से जुड़े कुछ उच्चाधिकारी भी शामिल हैं। मामले में जांच अभी भी जारी है। संभवतः कुछ अन्य लोगों की गिरफ्तारियां भी संभव है। बता दें कि शराब घोटाले में जिन 29 अधिकारियों का नाम सामने आया है। उनमें से 22 अधिकारी अभी नौकरी पर हैं, जबकि 7 अधिकारी रिटायर हो गए हैं। घोटाले में शामिल एक अधिकारी की बीमारी से मौत हो चुकी है।*

# अब एंबुलेंस नहीं फंसेगी, पढ़ाई में नहीं होगी परेशानी, 601 करोड़ से बनेंगे पुल और सड़कें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बरसात आते ही प्रदेश के कई गांव शहरों से कट जाते थे। मरीजों का अस्पताल तक पहुंचाना मुश्किल, स्कूल जाने वाले बच्चों की पढ़ाई ठप और बाजार में सब्जी-धान पहुंचाना भी मुश्किल हो जाता था।

मगर अब लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर-अटल नगर ने इन समस्याओं को जड़ से खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने अत्याधुनिक ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली से 601.89 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 सड़क और पुल निर्माण कार्यों की ऑनलाइन निविदा जारी कर दी है। वहीं, निर्माण कार्य सितंबर से प्रारंभ होने की संभावना है।

## इन क्षेत्रों में होगा सड़क निर्माण

*धमतरी, बालोद, गरियाबंद, महासमुंद, दुर्ग, बलौदाबाजार और रायपुर जिले के दूरदराज गांव, जो अब तक हर बरसात में मुख्य शहरों से कट जाते थे, वहां अब मजबूत पुलों और चौड़ी सड़कों का जाल बिछाया जाएगा।*

## मरीजों को होती थी परेशानी

*कई क्षेत्रों में बरसात के दौरान पुलिया बह जाने या कच्ची सड़कें धंस जाने से एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाती थी। अब रोड का निर्माण होने पर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलेगा।*

## तकनीक से राहत की होगी शुरुआत

*पीडब्ल्यूडी द्वारा जारी इन टेंडरों में सड़कों का मजबूतीकरण, चौड़ीकरण, सीमेंट-कांक्रीट निर्माण और उच्च क्षमता वाली पुल-पुलियों का निर्माण प्रस्तावित है। सबसे बड़ा काम छुरा से नवागांव होकर भटगांव तक 24 किमी मार्ग का है, जिसकी लागत 270.30 करोड़ रुपए तय की गई है। वहीं रायपुर-बलौदाबाजार-भाटापारा, पत्थलगांव जैसे इलाकों में भी करोड़ों की लागत से सड़कों का निर्माण होगा।*

## इन जगहों पर होंगे सड़क और पुल निर्माण

- ▶▶ चितरपुर–रेवई मार्ग पर सेमरमुड़ा नदी पर उच्चस्तरीय पुल व पहुंच मार्ग
- ▶▶ बेमेतरा–नवागढ़–मुंगेली मार्ग (एसएच-07) चौड़ीकरण व मजबूतीकरण
- ▶▶ राजनांदगांव–कवर्धा–पोंडी मार्ग (एसएच-05) चौड़ीकरण व मजबूतीकरण
- ▶▶ डोंगरगढ़–चौकी–मोहला–मानपुर मार्ग (एसएच-24) चौड़ीकरण व मजबूतीकरण
- ▶▶ पैगा से सरईकेरचा पहुंच मार्ग (5.00 किमी)
- ▶▶ पालीटेक्निक कॉलेज भवन निर्माण
- ▶▶ बहतराई हाकी स्टेडियम में फ्लड लाइट सप्लाई व इंस्टालेशन
- ▶▶ धनुहारपारा–नवागांव मार्ग पर बोराई नदी पर पुल
- ▶▶ सिलादेही–मौहाडीह मार्ग निर्माण (2.325 किमी)
- ▶▶ सिरगिट्टी–सरवानी–बरतोरी मार्ग उन्नयन (28.45 किमी)
- ▶▶ धारानगर हायर सेकेण्डरी स्कूल में 100 सीटर छात्रावास भवन
- ▶▶ भदरापारा–बरभांठा मार्ग निर्माण (2.70 किमी)
- ▶▶ केरापाठ–गायबुड़ा मार्ग (4.86 किमी, पुल-पुलिया सहित)
- ▶▶ भैरमगढ़ टाउन मार्ग निर्माण (5.00 किमी, शेष कार्य)
- ▶▶ चैनपुर–खम्हरिया मार्ग पर रेहण्ड नदी पर पुल व सड़क
- ▶▶ सुबरा (कटंगपारा)–सलिहापारा मार्ग पर खारून नदी पर उच्चस्तरीय पुल व सड़क

# फर्जी अनुबंध बनाकर सवा लाख रुपए में बेच दी शासकीय भूमि

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित अनंतपुरा की एक शासकीय भूमि फर्जी विक्रय अनबुंध बनाकर बेचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहसीलदार की शिकायत पर फर्जी तरीके से भूमि बेचने व खरीदने वाले आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार तहसीलदार ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि फारुख अहमद नामक व्यक्ति ने फर्जी अनुबंध पत्र तैयार कर जून 2013 में एक लाख 30 हजार रुपए में अनंतपुरा की सरकारी जमीन मेहफूज अहमद निवासी वसुंधरा कॉलोनी जहांगराबाद, को एक लाख 30 हजार रुपए में बेच दी है। आरोपी ने उसी जमीन का दानपत्र भी तैयार करवा लिया।

## पतंजलि योगपीठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न

# सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने का पर्व है गुरु पूर्णिमा: स्वामी रामदेव

- गुरु पूर्णिमा की सार्थकता तभी है जब हम अपने गुरु पर पूर्ण आस्था रखते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करें : आचार्य बालकृष्ण
- पूरे विश्व को भारत से मिलेगी नई दिशा, भारत बनेगा विश्वगुरु : स्वामी रामदेव

एजेंसी ⏭ हरिद्वार



गुरु-शिष्य परम्परा का प्रतीक 'गुरु पूर्णिमा' पर्व पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के सान्निध्य में पतंजलि वैलनेस, योगपीठ-2 स्थित योगभवन ऑडिटोरियम में आस्था व समर्पण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव तथा आचार्य बालकृष्ण ने एक-दूसरे को माला पहनाकर गुरु पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने का पर्व है। यह भारत की गौरवशाली गुरु-शिष्य परम्परा, ऋषि परम्परा, वेद परम्परा व सनातन परम्परा का परिचायक तथा इनको पूर्णता प्रदान करने वाला पर्व है। उन्होंने कहा क्रि वेद, ऋषि और गुरु धर्म में राष्ट्र धर्म भी समाहित हैं। उन्होंने पतंजलि विवि के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपको ऋषित्व और देवत्व में जीना हैं, इसी से जगत में नयी क्रांति का संचार होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। वर्चस्व सत्य, योग, अध्यात्म व न्याय का होना चाहिए। अलग-अलग कारणों से पूरी दुनिया में अलग-अलग प्रकार के वैचारिक उन्माद, मजहबी उन्माद, भौतिकवाद, इंटिलेक्चुअल टैरिरिज्म, रिलिजियस टैरिरिज्म, पॉलिटिकल, इकॉनोमिकल टैरेरिज्म, मेडिकल टैरेरिज्म, एजुकेशनल टैरेरिज्म चल रहे हैं। ऐसे में पूरे विश्व को भारत से शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक दिशा मिलेगी और भारत की प्रतिष्ठा विश्वगुरु के रूप में होगी। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु-शिष्य परम्परा को प्रदर्शित करने का पर्व है किंतु इसकी सार्थकता तभी है जब हम अपने गुरु पर पूर्ण आस्था रखते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करें। उनके द्वारा बताए गए नियमों का आलंबन लेकर अपने जीवन को सद्मार्ग पर ले जाएं। उन्होंने कहा कि भारत गुरु-शिष्य परंपरा, योग, आयुर्वेद, सनातन, वैदिक ज्ञान के जरिए ही विश्व गुरु बनेगा। अपने जीवन में किसी ऐसे आदर्श गुरु, महापुरुष का आश्रय व आलम्बन लें जिससे जीवन की उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एन.पी. सिंह ने सनातन क्रो प्रणाम करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा का यह दिव्य वातावरण अद्भुत है। स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के आशीर्वाद से शिक्षा में समग्र क्रांति का सूत्रपात पतंजलि के माध्यम से किया जा रहा है। कांवड़ मेले में शिवभक्त श्रद्धालुओं के लिए पतंजलि योगपीठ के माध्यम से अखंड भंडारे की व्यवस्था की गई है जिसमें स्वामीजी महाराज ने श्रद्धालुओं को भोजन वितरण किया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ से संबद्ध सभी इकाईयों के सेवाप्रमुख, संन्यासीगण, इकाई प्रमुख, विभागाध्यक्ष, प्रभारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## शिक्षा संबल योजना में आवेदन 15 जुलाई तक

**एलन कोटा में नीट-2026 की निशुल्क का अवसर**

**कोटा।** एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में संचालित शिक्षा संबल योजना की आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा के परिणामों के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से नीट-2026 के लिए निशुल्क कोचिंग दी जाएगी, इसके साथ ही एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से कोटा में निशुल्क भोजन व आवास व्यवस्था की जाएगी।न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि पात्र विद्यार्थी 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। देशभर से विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिल सके। परीक्षा 20 जुलाई को होगी। देश के 7 हिन्दी भाषी राज्यों के सरकारी स्कूलों के हिन्दी माध्यम के चयनित विद्यार्थियों को नीट-2026 की तैयारी के लिए निशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन सुविधा के लिए यह योजना का दूसरे वर्ष है। परीक्षा में सत्र 2024-25 में जीव विज्ञान विषय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा 20 जुलाई को देश के 7 राज्यों में 63 परीक्षा केन्द्रों पर होगी। योजना में 12वीं पास 126 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। 81 छात्राएं एवं 45 छात्रों का चयन किया जाएगा। चयन के लिए उन्हीं परिवारों के विद्यार्थी पात्र होंगे जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख से कम है।

## सितंबर तक पूरा होगा विधानसभा के नए भवन का काम, इंटीरियर और फर्नीचर कार्य प्रगति पर

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने गुरुवार को नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन तीनों विंगों के कार्यों का बारीकी से अवलोकन कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय सितम्बर में सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। यहां सिविल वर्क पूर्ण होने के बाद फर्नीचर और इंटीरियर का काम प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी भी मौजूद थे।

## टीसीएस का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में छह प्रतिशत बढ़ा




**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून तिमाही का शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ रुपये रहा है। टाटा समूह की इस कंपनी ने पिछले साल इसी तिमाही में 12,040 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 62,613 करोड़ रुपये से 1.3 प्रतिशत बढ़कर 63,437 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि स्थिर मुद्रा मूल्य में इसमें तीन प्रतिशत की गिरावट आई। टीसीएस के बयान के अनुसार, अप्रैल-जून की अवधि में इसका परिचालन लाभ मार्जिन तिमाही आधार पर 0.30 प्रतिशत बढ़कर 24.5 प्रतिशत हो गया।

# जानकारी मंगाते हैं केवल टूटे कक्ष की, मैदान को कोई पूछता नहीं, इस कारण ही तालाब बन गए स्कूल

सावन के पहले आषाढ़ में ही लगी झड़ी ने छात्रों और शिक्षकों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। राजधानी में तो स्कूलों के सिर्फ खेल मैदान ही डूबे हैं, अन्य जिलों में पूरी कक्षा ही डूब गई है। हालात ये हैं कि छात्रों के साथ-साथ शिक्षक भी अपने साथ बाल्टी-मग लेकर पहुंच रहे हैं। वे वक्त से पहले स्कूल पहुंच रहे हैं ताकि कमरों का पानी निकाल सकें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षक और छात्र एक साथ मिलकर पहले पानी बाहर करते हैं फिर पढ़ाई करने की तैयारी करते हैं। इसके लिए वे पहले कक्षा की ऐसी जगह ढूंढते हैं जहां भराव थोड़ा कम हो और खड़ा रहा जा सके। इसके बाद छाता तानकर पढ़ाई शुरू करते हैं। ये नजारा है शासकीय प्राथमिक शाला फंदवानीकापा जिला मुंगेली का। ना सिर्फ मुंगेजी बल्कि शासकीय प्राथमिक शाला बनियातोरा करेली बड़ी, धमतरी व रायपुर जिले के अन्य हिस्सों में भी इस तरह के नजारे देखने को मिले, जहां ऑफिस सहित क्लास रुम एवं किचन में पानी भर गया। रायपुर में भी ऐसे आधा दर्जन स्कूल हैं, जहां पानी भरा हुआ है। बुधवार को भी विद्यार्थी यहां मुश्किल से अपनी कक्षा तक पहुंच सकें। इनमें दानी गर्ल्स स्कूल, शासकीय प्राथमिक शाला भाठागांव सहित जोरा, लाभांडी, देवपुरी के शासकीय स्कूल भी शामिल रहे। पूरे दिन वर्षा के पानी से स्वयं को और बच्चों को बचाने के बाद प्रधानपाठक स्कूलों की तस्वीरें व्हॉट्सऐप ग्रुप पर साझा करते हैं। इस उम्मीद के साथ कि कोई व्यवस्था हो जाए। संकुल और ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों और प्रधानपाठकों-प्राचार्यों के लिए बने व्हॉट्सऐप ग्रुप इस तरह की तस्वीरों से भरे पड़े हैं। सिस्टम से निराश बच्चे और शिक्षक सूरज निकलने का इंतजार कर रहे हैं ताकि कक्षा से पानी उतरे और उनकी पढ़ाई शुरू हो सके।



कॉपी-किताब के साथ बाल्टी-मग लेकर पहुंच रहे विद्यार्थी, पढ़ाई से पहले निकालते हैं कमरे का पानी

### फोकस सिर्फ कक्ष में

*लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रतिवर्ष मरम्मत योग्य भवनों की जानकारी मांगी जाती है। इसमें नवीन कक्ष की आवश्यकता से लेकर पूर्व निर्मित कक्षों की मरम्मत संबंधित कॉलम भी होते हैं। निर्माण कार्य के लिए मिलने वाली अधिकतर राशि भवन निर्माण अथवा पुराने कक्ष के मरम्मत में ही खर्च कर दी जाती है। मैदानों की जानकारी ना तो मांगी जाती है और ना ही स्कूलों द्वारा ही इसे लेकर कोई प्रस्ताव भेजा जाता है। इस कारण शुरुआती बारिश में ही जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। मैदानों की संरचना दुरस्त होने पर ही राजधानी के स्कूल इस भराव से मुक्ति पा सकेंगे।*

### ये सामान्य तस्वीर

*बारिश के दिनों में इस तरह की तस्वीरें सामान्य हो चुकी हैं। हम शिक्षक पढ़ाएं या पानी बाहर निकालें, समझ नहीं आ रहा।*

*- संजय शर्मा, अध्यक्ष, शिक्षक संघ*

## स्क्रीन अकैडमी का शुभारंभ

**मंबई।** इंडियन एक्सप्रेस समूह और स्क्रीन ने स्क्रीन अकैडमी का शुभारंभ किया जो भारतीय सिनेमा के उभरती प्रतिभाओं की मदद करेगी और उन्हें अपनी कृतियों का प्रदर्शन करने का मौका दे गी । का न और ऑस्कर विजेता, गुनीत मोंगा, पायल कपाड़िया और रेसुल पूकुट्टी, और अनुभवी पटकथा लेखक, अंजुम राजाबली सहित विभिन्न किस्म के सदस्यों की रोमांचक और तेज़ी से बढ़ती सूची के साथ, यह अकैडमी भारत के शीर्ष फिल्म संस्थानों के साथ मिलकर, शिक्षा, प्रतिनिधित्व और मान्यता के ज़रिये फिल्म निर्माताओं की अगली पीढ़ी की पहचान करेगी और उन्हें मदद करेगी।

SCREEN academy LODHA FOUNDATION

## सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने पकड़ा, दो पर था 3 लाख ईनाम घोषित

# दो ईनामी सहित 6 नक्सली गिरफ्तार, मतदान केंद्र में फायरिंग, हत्या के मामले में रहे शामिल


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

**सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से 6 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोंटा में गिरफ्तार किए दो नक्सली वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान केन्द्र में फायरिंग करने की घटना में शामिल एवं वर्ष 2024 में गंगराजपाड़ के ग्रामीण ताती बुधरा की हत्या करने की घटना में शामिल रहे हैं। वहीं भेज्जी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की षड़यंत्रपूर्वक योजना अंजाम देने के लिए कब्जे में रखे विस्फोटक सामाग्री के बरामद होने की घटना में शामिल है। थाना कोंटा से गिरफ्तार 1 नक्सली पर 2 लाख एवं 1 नक्सली पर 1 लाख का ईनाम घोषित था।**

खास खबर

कार्रवाई में थाना कोंटा भेज्जी पुलिस बल डीआरजी एवं 218 व 219 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम शामिल रही। अभियान के दौरान संयुक्त पुलिस पार्टी द्वारा ग्राम पीलावाया में नक्सली आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सली आरोपियों में कुंजाम मुका मेहता आरपी जनताना सरकार अध्यक्ष इनामी 1 लाख, माड़वी मुया कोन्टा एरिया कमेटी मिलिशिया कमाण्डर इनामी 2 लाख रूपये के विरूद्ध थाना कोन्टा में पूर्व से अपराध विभिन्न धाराओं के साथ मामला पंजीबद्ध था। वहीं चार संदिग्ध इंजरम से भेज्जी मुख्य मार्ग पर विगत दो दिनों से लगातार किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए रैकी कर रहे हैं। जिसकी सूचना पर ग्राम एटेगट्टा एवं गोरखा के बीच हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना माड़वी सुक्का निवासी-वीराभट्टी थाना भेज्जी जनताना सरकार सदस्य सोड़ी चन्दरू निवासी वीराभट्टी जनताना सरकार सदस्य मुचाकी लखमा निवासी नीलामड़गू डीएकेएमएस सदस्य सोड़ी देवा निवासी नीलामड़गू थाना भेज्जी जनताना सरकार सदस्य का होना बताया गया। पूछताछ करने पर कोन्टा एरिया कमेटी का सक्रिय सदस्य होना तथा पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के उद्देष्य से कोत्ताचेरू व गोरखा के बीच जंगल में एक नग बम व विस्फोटक सामान छुपाकर रखना तथा क्षेत्र में बढ़ते पुलिस गश्त के कारण आईईडी प्लांट नहीं कर पाना बताया गया।



### निशानदेही पर टिफिन बम सहित अन्य सामाग्री बरामद

चारों नक्सलियों की निशानदेही पर कोत्ताचेरू व गोरखा के बीच जंगल से एक टिफिन बम, सात मीटर कोर्डेक्स वायर,पंद्रह मीटर बिजली का वायर पांच इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किया गया।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5924



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5923 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | बी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |

## सूडोकू नवताल - 5934

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकू नवताल - 5933 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।



सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### समझो सेफ्टी का मतलब

सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।


### करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

### प्राइवेसी का रखो ध्यान

बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।





### जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।

### याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

# समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।

'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।



जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *




**किताब**: लिलिपुट कहानियां, **लेखक**: समीर गांगुली,
**मूल्य**: 280 रुपए, **प्रकाशक** : अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-160 का उत्तर** : 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले** : सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

# परेशानी में मत घबराना

चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चों को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'




'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



## मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।

## रंग भरो 180


बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## रंग भरो-179


**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




अंकित, धमतरी


वसनि, रायपुर


भव्या, बिलासपुर


तन्मय, दुर्ग


डॉली, दुर्ग


तेजस, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

# जोकोविच ने रचा इतिहास, सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ फेडरर का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच ने विंबलडन 2025 में इतिहास रच दिया है। उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के साथ ही रोजर फेडरर के एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इटली के फ्लेवियो कोबोली को चार सेटों के कड़े मुकाबले में 6-7 (6/8), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर, जोकोविच ने 14वीं बार विंबलडन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले वे फेडरर के 13 सेमीफाइनल के रिकॉर्ड की बराबरी पर थे।

इसके साथ ही, यह जोकोविच का 52वां ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है, जो पुरुष टेनिस में उनका अपना ही रिकॉर्ड है। यह उन्हें ओपन एरा में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए क्रिस एवर्ट के रिकॉर्ड की बराबरी पर भी लाता है। 38 वर्षीय सर्बियाई स्टार अब अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में हैं और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर से होगा।

## विंबलडन के मेंस सेमीफाइनल में सबसे ज्यादा बार पहुंचने वाले खिलाड़ी

1 नोवाक जोकोविच ने सबसे ज्यादा 14 बार (2007, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2018, 2019, 2021, 2022, 2023, 2024, 2025 ) विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

2 रोजर फेडरर ने 13 बार (2003, 2004, 2005, 2006, 2007, 2008, 2009, 2012, 2014, 2015, 2016, 2017, 2019) सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

3 जिमी कॉनर्स तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने (1974, 1975, 1977, 1978, 1979, 1980, 1981, 1982, 1984, 1985, 1987) 11 बार सेमीफाइनल में पहुंचे थे।



## क्वार्टर फाइनल में कोबोली को दी मात

क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली ने पहला सेट जीतने में कामयाबी हासिल की लेकिन जोकोविच ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से फ्लेवियो कोबोली को हराया। इससे पहले मुकाबले में भी जोकोविच ने कुछ इसी तरह से जीत अपने नाम की। उन्होंने आखिरी-16 के मुकाबले में एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में जोकोविच का मुकाबला 23 साल के जैनिक सिनर से होगा। छठी रैंकिंग वाले जोकोविच ने जल्दी ब्रेक लेकर बढ़त बनाई, लेकिन कोबोली ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया और मुकाबला टाईब्रेक तक पहुंचा। टाईब्रेक में 23 वर्षीय कोबोली ने 3-1 की बढ़त ली और जोकोविच की वापसी के बाद स्कोर 6-6 होने पर भी सेट अपने नाम लिया। दूसरे सेट में जोकोविच ने जोरदार वापसी की और दो बार कोबोली की सर्विस तोड़ते हुए आसानी से सेट जीत लिया और मैच बराबर कर दिया। तीसरा सेट काफी कड़ा रहा। लेकिन जोकोविच ने आखिर में एक अहम ब्रेक लेकर 7-5 से ये सेट भी अपने नाम कर लिया। चौथे सेट में भी वही कहानी दोहराई गई। जोकोविच ने 5-4 की बढ़त बनाई थी और मैच जीतने के लिए सर्विस करने आए। उन्होंने 40-15 पर दो मैच पॉइंट हासिल किए, लेकिन कोबोली ने दोनों बचा लिए, एक तो उस वक्त जब जोकोविच कोर्ट पर फिसल गए थे। इसके बाद जोकोविच ने खुद को संभाला और आखिरकार मैच जीत लिया। नोवाक जोकोविच ने मैच में 39 बेहतरीन शॉट लगाए, जबकि कोबोली ने 51 विनर्स मारे। जोकोविच की पहली सर्विस पर सफलता दर 75 प्रतिशत रही, यानी जब उन्होंने पहली सर्विस डाली, ज्यादातर बार उन्होंने पॉइंट जीता।

## खबर संक्षेप



### आज से इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**बेंगलुरु।** दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल शुक्रवार से कांतीरावा स्टेडियम में शुरू हो रही इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुख्य आकर्षण होंगे। यह सितंबर में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में भारत के 262 खिलाड़ी भाग लेंगे, जो नई दिल्ली में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों के पास आखिरी मौका होगा। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, 'मैं प्रत्येक एथलीट को शुभकामनाएं देता हूं और उनकी अद्भुत प्रतिभा को देखने के लिए उत्सुक हूं।'

### 19 नवंबर से लीजेंड्स लीग क्रिकेट

**नई दिल्ली।** संन्यास ले चुके क्रिकेटरों की फ्रेंचाइजी आधारित टी 20 प्रतियोगिता लीजेंड्स लीग क्रिकेट का चौथा सत्र 19 नवंबर से 13 दिसंबर तक भारत के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जाएगा।



लीग के चेयरमैन विवेक खुशालानी ने कहा, 'हमें लीजेंड्स लीग क्रिकेट के चौथे सत्र की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस साल, हम ज्यादा मैचों, ज्यादा आयोजन स्थलों और दिग्गज खिलाड़ियों के बड़े पूल के साथ इसे अधिक आकर्षक बना रहे हैं।' यह टूर्नामेंट कई शहरों में आयोजित किया जाएगा। आने वाले हफ्तों में आयोजन स्थलों और कार्यक्रम के साथ ही टीमों की संरचना और प्रमुख खिलाड़ियों की घोषणा भी की जाएगी। इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में शिखर धवन, सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला और रॉस टेलर जैसे खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### नई दिल्ली में होगी 2 निशानेबाजी प्रतियोगिता

**म्यूनिख।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान नई दिल्ली को दो बड़ी प्रतियोगिताओं 2027 में संयुक्त विश्व कप और 2028 में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी।



महत्वपूर्ण 2026-27 सत्र के कैलेंडर की घोषणा करते हुए आईएसएसएफ ने कहा कि इस साल सितंबर-अक्टूबर में जूनियर विश्व कप (राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन) का आयोजन करने वाला नई दिल्ली अगले साल तीनों वर्ग में प्रतिष्ठित विश्व कप चरण की मेजबानी करेगा, जिसकी तारीखों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। नई दिल्ली स्थित कर्णी सिंह रेंज ने पिछले साल अक्टूबर में सत्र के अंत में होने वाले एलीट विश्व कप फाइनल की भी मेजबानी की थी।

## तीसरा टेस्ट : जसप्रीत बुमराह को एकादश में किया शामिल

# लॉर्ड्स में रेड्डी को मिली बड़ी कामयाबी पहले ही ओवर में झटके दो विकेट

एजेंसी ▶▶| लंदन

लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में नीतीश कुमार रेड्डी ने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत करते हुए अपने पहले ही ओवर में दो विकेट झटके। उनसे पहले इरफान पठान ने 2006 में कराची टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले ओवर में हैट्रिक ली थी। अब 2025 में नीतीश कुमार रेड्डी ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में यह उपलब्धि हासिल की।

लॉर्ड्स में हो रहे भारत और इंग्लैंड के तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। नीतीश कुमार रेड्डी ने अपने पहले ही ओवर में बेन डकेट (23) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद रेड्डी ने एक बार फिर बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए इसी ओवर की आखिर गेंद पर जैक क्रॉली (18) को भी पंत के हाथों आउट कर भारत को एक ही ओवर में दोहरी सफलता दिलाई।

भारत ने एकमात्र बदलाव करते हुए प्रसिद्ध कृष्णा की जगह जसप्रीत बुमराह को एकादश में शामिल किया। कप्तान शुभमन गिल ने जसप्रीत बुमराह और एजबेस्टन में मैच में 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप को नई गेंद सौंपी। गिल ने पहले घंटे के बाद नर्सरी एंड से रेड्डी को गेंद थमाई और उन्होंने निराश नहीं किया। पहला विकेट भाग्य के सहारे मिला जब डकेट ने लेग साइड के बाहर की शॉर्ट गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत को कैच थमा दिया। ओली पोप अगली ही गेंद पर आउट हो सकते थे लेकिन गिल गली में मुश्किल कैच लपकने में नाकाम रहे। ओवर की आखिरी गेंद पर क्रॉली का विकेट गिरा। रेड्डी की पिच होने के बाद बाहर की ओर सीम करती हुई गेंद क्रॉली के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई।



### चोटिल पंत की जगह जुरेल विकेटकीपिंग के लिए आए



भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन दूसरे सत्र के खेल के दौरान बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए। पंत की जगह ध्रुव जुरेल को मैदान पर भेजा गया जबकि वह तीसरे टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में भी शामिल नहीं थे। भारतीय उप कप्तान पंत को मैदान में दिए गए उपचार के बाद कोई फायदा नहीं हुआ, जिसके बाद जुरेल मैदान में उतरे। पारी के 34वें ओवर में जसप्रीत बुमराह की गेंद को लेग साइड में रोकने के लिए डाइव लगाने के बाद पंत दर्द से कराह रहे थे। पंत गेंद पर हाथ लगाने में कामयाब रहे लेकिन इसे पूरी तरह से रोक नहीं पाए। इसके बाद खेल कुछ देर के लिए रुका रहा क्योंकि भारतीय सहयोगी स्टाफ पंत के हाथ का उपचार करने के लिए मैदान में थे। लेकिन खेल फिर से शुरू होने पर वह विकेटकीपिंग करने में असमर्थ हो गए। अंत में बुमराह का ओवर समाप्त होने के बाद पंत मैदान से बाहर चले गए और जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली।

## हॉकी क्लब ओरांजे रूड

# भारत का शानदार प्रदर्शन, आयरलैंड को लगातार दूसरी बार हराया



एजेंसी ▶▶| आइंडहोवन (नीदरलैंड)

भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था।

उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी।

उन्होंने कहा, 'आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हमारा सामना फ्रांस से होगा और मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखेगी।' आयरलैंड और फ्रांस के अलावा भारत दो सप्ताह के अपने यूरोपीय दौरे में इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ भी खेलेगा।

### राष्ट्रीय कोचिंग शिविर 14 से, 33 खिलाड़ियों की घोषणा

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 14 जुलाई से 7 अगस्त तक साई केंद्र में आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। यह शिविर भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों (ऑस्ट्रेलिया दौरे और 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में होने वाले हीरो एशिया कप) की तैयारी कर रही है। एशिया कप का विजेता अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एफआईएच पुरुष विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

## क्लब विश्व कप

# पीएसजी ने किया फाइनल में प्रवेश रियाल मैड्रिड को दी करारी शिकस्त

- फैबियान रुइज के दो गोल की मदद से बनाई बढ़त
- रविवार को फाइनल में चेल्सी से होगा सामना



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फैबियान रुइज के दो गोल की मदद से पहले 24 मिनट में तीन गोल की बढ़त बनाकर रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा।

रुइज़ ने छठे मिनट में और ओसमान डेम्बेले ने नौवें मिनट में डिफेंडर राउल असेंशियो और एंटोनियो रुडिगर की गलतियों का फायदा उठाकर गोल दागे। इसके बाद 24वें मिनट में रुइज ने जवाबी हमले में स्कोर 3-0 कर दिया। पीएसजी की तरफ से गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में एक और गोल किया। रियाल के किलियन एमबाप्पे अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले मैच में किसी भी समय खास चुनौती पेश नहीं कर पाए।

अपना पहला यूरोपीय खिताब जीतने के बाद पीएसजी अब रविवार को होने वाले फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के लिए मैदान पर कदम रखेगा। पीएसजी की रियाल मैड्रिड पर इस बड़ी जीत ने चैंपियंस लीग के फाइनल की याद भी ताजा कर दी। उसने तब इंटर मिलान को 5-0 से हराया था।

### अंडर-20 महिला फुटबॉल : 13 और 16 जुलाई को भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मैच

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि भारतीय अंडर-20 महिला टीम 13 और 16 जुलाई को ताशकंद में उज्बेकिस्तान अंडर-20 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। ये दोनों मैच म्यांमार में 6 से 10 अगस्त तक होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा होंगे। स्वीडिश कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने 24 सदस्यीय भारतीय की घोषणा की जो गुरुवार रात बेंगलुरु से रवाना होगी। टीम भी बेंगलुरु में ही तैयारी कर रही है। भारत एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में इंडोनेशिया (छह अगस्त), तुर्कमेनिस्तान (आठ अगस्त) और म्यांमार (10 अगस्त) से यंगून में भिड़ेगा। सभी 8 ग्रुप के विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता टीम अगले साल थाईलैंड में होने वाले फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए कप्तानी की कमान राधा को, टिटास और श्रेयंका टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए गुरुवार को भारत ए महिला टीम में चुना गया। वहीं बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय, एकदिवसीय और चार दिवसीय मुकाबले में टीम की कप्तानी करेंगी। चोटों से वापसी करने वाली श्रेयंका और टिटास को ऑस्ट्रेलियाई दौरे की टीम में शामिल किया गया, जो 7 से 24 अगस्त के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, इतने ही वनडे और चार दिवसीय एक मैच खेलेगी। श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद से चोट के कारण नहीं खेल पा रही थीं। उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही चुन लिया है। वहीं साधु श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में नहीं खेली थीं और चोट के कारण अप्रैल में इंग्लैंड के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे के लिए भी टीम में नहीं थीं।



## लॉर्ड्स के एमसीसी संग्रहालय में लगा सचिन का पोर्ट्रेट

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले गुरुवार को लॉर्ड्स के एमसीसी (मेरिलबोन क्रिकेट क्लब) संग्रहालय में बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के चित्र (पोर्ट्रेट) का अनावरण किया गया। यह पोर्ट्रेट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने 18 वर्ष पहले अपने घर पर ली गई एक तस्वीर से बनाया है। यह पोर्ट्रेट इस वर्ष के अंत तक एमसीसी संग्रहालय में रहेगा और उसके बाद इसे पवेलियन में लगाया जाएगा। 'जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, पियर्सन राइट का दृष्टिकोण भी बदलता गया और अंततः घिसे हुए एल्युमीनियम पर तेल की चित्रकारी के साथ यह समाप्त हुआ। इसमें अमूर्त पृष्ठभूमि तेंदुलकर की कालातीतता को दर्शाती है, जो किसी युग तक सीमित नहीं है।' पियर्सन राइट ने इससे पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलीप वेंगसरकर के चित्र बनाए हैं। तेंदुलकर ने कहा, 'यह बहुत बड़ा सम्मान है। भारत ने जब 1983 में विश्व कप जीता था, तब लॉर्ड्स से मेरा पहला परिचय हुआ था।' उन्होंने कहा, 'मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा। उस पल ने क्रिकेट में मेरे सफर को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज जब पवेलियन में मेरा पोर्ट्रेट लगाया गया है, तो ऐसा लग रहा है जैसे मेरा सफर पूरा हो गया हो। जब मैं अपने करियर के बारे में सोचता हूं तो मेरे चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यह वाकई खास है।'' विज्ञप्ति में कहा गया है, ''लॉन्ग रूम गैलरी खेल जगत की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित गैलरी है।



## भारत ने 5 मैचों की श्रृंखला में 3-1 की बनाई अजेय बढ़त

# महिला टी20 : विदेशी धरती पर लहराया भारत का परचम

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चौथे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर नया इतिहास रचा। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा।

भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 श्रृंखला में हारती रही थी। बुधवार की रात को खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई।



### जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका

राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए और मेजबान टीम को 7 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (32) और स्मृति मंधाना (31) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप अगले साल इंग्लैंड में खेला जाएगा और इससे उसे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलेगी।

### रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, 'हमें बहुत खुशी है कि हम यहां श्रृंखला जीतने में सफल रहे। जिस तरह से हमने इस श्रृंखला में प्रदर्शन किया उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है। लय हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण था और जिस तरह से प्रत्येक खिलाड़ी में अपना योगदान दिया उससे मैं बहुत खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड दौरे पर आने से पहले हमने भारत में अभ्यास शिविर में भाग लिया था। हमने अपनी रणनीति पर काम किया था और यहां उस पर अच्छी तरह से अमल किया। हर किसी को अपनी भूमिका पता थी और उसी के अनुसार हमने खेला।' भारत ने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से करारी शिकस्त दी थी और फिर ब्रिस्टल में 24 रन से जीत हासिल की, जो इंग्लैंड की महिला टीम की सबसे छोटे प्रारूप में इस मैदान पर पहली पराजय थी। भारतीय टीम तीसरे मैच में पांच रन से हार गई थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरूआत में ही दबाव में आ गई। भारतीय स्पिनरों राधा और दीप्ति ने पावरप्ले के अंदर ही दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया।





## माइनिंग और अतिक्रमण को चुनौती, नोटिस जारी

# जिले के सबसे बड़े तालाब का अस्तित्व खतरे में

जबलपुर।

जबलपुर जिले के गांधीग्राम बुढ़ागर में स्थित सबसे बड़े तालाब का अस्तित्व खतरें में होने का दावा करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। आरोप है कि माइनिंग और और अतिक्रमण के कारण तालाब अपना अस्तित्व खो चुका है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले में सिहोरा एसडीएम को स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा गया। मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी।



यह जनहित का मामला गांधीग्राम बुढ़ागर निवासी रज्जन बर्मन की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता राजमणि मिश्रा ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि गांधीग्राम बुढ़ागर में जिले का सबसे बड़ा तालाब है, जिसका क्षेत्रफल करीब पांच सौ एकड़ का है। आरोप है कि उक्त तालाब के चारों ओर अतिक्रमणकारियों ने मलबा डालकर उस पर ठेले-टपरे जमा लिये है, इतना ही नहीं तालाब को भरने वाले कैचमेंट एरिया पर लगातार हो रहीं माइनिंग से तालाब पूरी तरह से अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। तालाब में पानी न आने से उस पर अतिक्रमणकारी कब्जा करते जा रहे है। मामले में राहत चाही गई कि माइनिंग पर रोक लगाते हुए अतिक्रमणकारियों को तत्काल हटाने के निर्देश दिये जाये। याचिका में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, जबलपुर कलेक्टर, एसडीओं व तहसीलदार सिहोरा को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## चिकित्सा अधिकारी को राहत, अभ्यावेदन निराकरण तक तबादले पर सशर्त रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट से छतरपुर जिले के राजनगर तहसील के प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र बसारी में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी को राहत मिली है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने उनके पन्ना तबादले पर सशर्त रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में अनावेदकों को आवेदक के अभ्यावेदन पर तीस दिनों में निर्णय लेने के निर्देश दिये हैयह मामला चिकित्सा अधिकारी यशवंत बमोरिया की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेन्द्र सिंह ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि शासन ने हालही में याचिकाकर्ता का स्थानातंरण छतरपुर से पन्ना जिला कर दिया, जो कि अनुचित है। आवेदक की ओर से कहा गया कि उनकी पत्नी भी छतरपुर जिले में चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ है। शासन के नियमानुसार पति-पत्नी को सामान्यतः एक ही स्थान पर पदस्थ किया जाना चाहिये सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त राहतकारी आदेश दिया।

## ग्राम पंचायत पड़रिया-सिलुआ में सिंचाई विभाग के निर्माण पर आगामी सुनवाई तक रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जिले की ग्राम पंचायत पड़रिया-सिलुआ में सिंचाई विभाग के निर्माण पर आगामी सुनवाई तक रोक लगा दी। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने भू-अभिलेख अधीक्षक (एसएलआर) को निर्देश दिए कि इस बात की जांच करें कि उक्त निर्माण किस खसरे में हो रहा है। कोर्ट ने एसएलआर को इस संबंध में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।जबलपुर के नीमखेड़ा में रहने वाले जम्मन जायसवाल की ओर से अधिवक्ता केके पांडे, कौशलेश पांडे व सिद्धार्थ पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि उक्त ग्राम पंचायत में खसरा क्रमांक 64/1/1 याचिकाकर्ता की जमीन है। आरोप है कि याचिकाकर्ता की जमीन पर उक्त निर्माण किया जा रहा है। वहीं शासन की दलील है कि उक्त निर्माण खसरा नंबर 65 में किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि निर्माण स्थल के विवाद को सुलझाने के लिए एसएलआर जांच करके रिपोर्ट दें। अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।

## कंपनी के कर्मचारियों ने किया 98 लाख का गबन

**जबलपुर।** मदन महल थानान्तर्गत सुजुकी कारों की एजेंसी शुभ मोटर्स में कार्यरत तीन कर्मचारियों ने फर्जी लेखांकन प्रविष्टिया कर एजेंसी के खाते से 97 लाख 87 हजार 150 रूपए का गबन कर लिया। शुभ मोटर्स के संचालक महेश केमतानी की शिकायत के बाद जांच के आधार पर तीनों कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। मदन महल पुलिस ने बताया कि नयागांव जलपरी रामपुर निवासी महेश केमतानी शुभ मोटर्स के संचालक हैं एजेंसी के खाते स्टेट बैंक की मदनमहल शाखा व एक्सेस बैंक की मदनमहल ब्रांच में है जहां से कंपनी का लेनदेन का कार्य किया जाता है शुभ मोटर्स के संचालक महेश केमतानी ने शिकायत दर्ज करायी थी कि गत 28 मार्च को शुभ मोटर्स के स्टेट बैंक के खाते से अमन कुमार महोबिया के खाते में 8 लाख 85 हजार रूपए की राशि ट्रांसफर की गई थी। एजेंसी के एकाउंटेंट भावेश शाह ने जब जांच की तो पता चला कि यह राशि एजेंसी में खाते का काम देखने वाली नेहा विश्वकर्मा ने डाली थी। बैंक में शिकायत करने पर रकम वापिस कर दी गई। धोखाधडी का खेल लम्बा होने की क्षमता पर एकाउंटेंट भावेश शाह ने पूर्व में किये गये ट्रांजेक्शन के जांच करायी तो पता चला कि शुभ मोटर्स के चैक व आरटीजीएस फार्म में कर्मचारी संदीप कुमार मिश्रा, नसीम उर्फ मुश्कान खान एवं नेहा विश्वकर्मा कई वर्षो से कांटछांट कर कंपनी के बैंक विवरण का उपयोग करते हुए भुगतान दर्शा कर अपने परिचितों के खातों में राशि ट्रांसफर कर राशि आपस में बांट लेते थे। इस तरह तीनों आरोपी नेहा विश्वकर्मा, मुश्कान खान व संदीप मिश्रा ने मिलीभगत कर एजेंसी के 97 लाख 87 हजार रूपए का गबन कर लिया था।

**3 आरोपियों पर मामला दर्ज, पुलिस जांच में जुटी**

# मूंग खरीदी में न हो कोई गड़बड़ी

हरिभूमि, जबलपुर।

कहते हैं दूध का जला छांछ भी फूंक-फूंक कर पीता है, यही कहावत इन दिनों समर्थन मूल्य पर होने वाली मूंग और उड़द की खरीद के पूर्व ही चरितार्थ हो रही है, कलेक्टर के आदेश के बाद एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। यही नहीं पहली बार सर्वेयर और समिति प्रबंधकों की बैठक मप्र राज्य विपणन संघ के कार्यालय में आहूत की गई। जहां पर खरीद एजेंसी के साथ मप्र वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

**कलेक्टर के आदेश के बाद एजेंसियां हुई सक्रिय**

उल्लेखनीय है कि धान और गेहूं खरीदी में हुई गड़बड़ी से जबलपुर जिला बदनाम हो चुका है, इस बदनामी को रोकने के लिए कलेक्टर लगभग 28 बिंदुओं का एक सर्कुलर जारी किया है। यह सर्कुलर 20 जुलाई से होने वाली गर्मी की फसल मूंग और उड़द के लिए है। जिसमें तमाम तरह के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के परिपालन के लिए विपणन संघ मण्डल अधिकारी हीतेन्द्र रघुवंशी व मप्र वेयर हाउसिंग के एसआर निमोदा द्वारा बैठक आयोजित कर सभी को निर्देश जारी किए हैं।

### 1 लाख क्विंटल मूंग की खरीदी

बताया जाता है कि जिले में इस बार जमकर मूंग और उड़द की फसल हुई है। शासन द्वारा वैसे तो कोई लक्ष्य फिलहाल नहीं दिया गया है, लेकिन लगभग 1 लाख क्विंटल मूंग की खरीदी होना बताया जा रहा है। वहीं इतनी ही उड़द की खरीद भी होगी। इससे स्पष्ट है कि किसान इस बार उड़द और मूंग को समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे।

### बाजार से ज्यादा है समर्थन मूल्य पर दाम

जबलपुर में मूंग और उड़द के समर्थन मूल्य की बात करें तो लगभग दो हजार प्रति क्विंटल मूंग और 1500 सौ रुपये उड़द में ज्यादा है। इसलिए किसानों द्वारा भी जमकर रजिस्ट्रेशन कराये गये हैं। समर्थन मूल्य मूंग का 8662 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि उड़द का 74 सौ रुपये प्रति क्विंटल है। मूंग को लेकर जिले में फिलहाल 11 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। बारदाना भी पहुंचाने की बात की जा रही है।

## एक की नदी में दूसरे की नाले में उतराती मिली लाश

**जबलपुर।** शहर में गुरुवार की सुबह दो अलग-अलग स्थानों पर युवकों की लाशें मिलने से सनसनी फैल गई। पहली घटना गौर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत कोसमघाट की है, जहां नदी में एक युवक का शव उतराता मिला। वहीं दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के बल्देवबाग इलाके की है, जहां एक नाले में अज्ञात युवक की सड़ी-गली लाश बरामद की गई। दोनों मामलों में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

गौर चौकी पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों ने कोसमघाट में नदी में एक युवक का शव उतराते देखा, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। गौर चौकी प्रभारी टेक चंद शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के बल्देवबाग यूनियन बैंक के सामने स्थित नाले की है। गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे क्षेत्रीय नागरिकों ने नाले में एक युवक का शव पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार शव का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा सड़ चुका था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक कई दिनों से मृत पड़ा हुआ था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, युवक शराब के नशे में नाले में गिरा और दम घुटने से उसकी मौत हो गई होगी। हालांकि, वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर मर्ग कायम किया है और आसपास के इलाकों में युवक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।





अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, बारासिवनीः रुसिया मोटर्स 9425822392, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

RS/Hero/07/25



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240